हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 13 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 274 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### 72 घंटे बाद भी लूटी गई सर्विस पिस्टल नहीं मिली

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत मेहता पेट्रोल पंप के पास आरओबी के नीचे से रविवार देर शाम डायल 112(बाइक सवार) से दस की संख्या में रहे अपराधियों ने सिपाही समरजीत कुमार से सर्विस पिस्टल लूट ली थी, जिसके बाद घटना में लिप्त अपराधियों के धर पकड़ के लिए स्थानीय पुलिस और एसआईटी द्वारा दर्जनों स्थान पर छापेमारी की गई। अब तक सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ हुई, बावजूद इसके 72 घंटे बाद भी लूटी गई पिस्टल बरामद नहीं हुई और ना ही लूट का मास्टर माइंड और घटना में लिप्त फरार छह अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तारी के लिए एसएसपी द्वारा फोटो भी जारी किया गया, फिर भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

### गया नगर निगम आयुक्त को किया सम्मानित

**गया।** बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ व व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ जदयू प्रकाश राम पटवा ने गया नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त कुमार अनुराग को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मानपुर स्थित वार्ड नंबर सात पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर गरीबों का कार्य करने, उत्कृष्ट व भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं न्याय के साथ गया नगर निगम क्षेत्र में समेकित विकास पर बल देने का सुझाव दिया। नवपदस्थापित नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने भरोसा दिलाया की विकास में कोई कसर नहीं रखेंगे।

### डालमिया हाउस में भी मना राधाष्टमी का पर्व



**गया।** शहर केपी रोड स्थित डालमिया हाउस में बुधवार को श्रीराधारानी का जन्मोत्सव मना। शुभ मुहूर्त में सर्वप्रथम राधारानी का पंचामृत से अभिषेक किया गया साथ ही झांकी सजाई गई। आयोजन शिव अरूण डालमिया, रितु डालमिया व प्रिया डालमिया के नेतृत्व में हुआ। राधाष्टमी को लेकर राधारानी को नए वस्त्र व आभूषण पहनाएं गए, साथ ही उनके प्रिय पंजीरी, लड्डू, पेड़ा, परवल मिठाई, मेवा बर्फी के साथ 56 भोग लगा। इस मौके पर समाजसेवी उषा डालमिया सहित अन्य मौजूद थीं।

### डॉ. मनोरंजन को मिला बेस्ट फैकल्टी ऑफ द ईयर 2024 का अवार्ड

**गया।** मगध विश्वविद्यालय गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. मनोरंजन कुमार सिंह को कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने बेस्ट फैकल्टी ऑफ द ईयर 2024 अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रत्येक वर्ष जूरी के चयन के बाद देश में ही एक विद्वान को यह अवार्ड दिया जाता है। मुम्बई के डी.वाई. पाटिल विद्यापीठ में आयोजित एक भव्य समारोह में कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. सुरेश ए.शाह द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. मनोरंजन कुमार सिंह को देश का यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलने पर मगध विश्वविद्यालय के कर्मियों के साथ-साथ जिले के बुद्धिजीवियों ने भी प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों ने कहा डॉ. मनोरंजन ने सिर्फ मगध विवि ही नहीं बल्कि बिहार की प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय फलक पर बढ़ाया है। विदित हो कि डॉ. सिंह ने बीस से अधिक उपयोगी पुस्तकें लिखी हैं, जो देश-विदेश के विश्वविद्यालयों में पढ़ायी जाती है। उन्हें इसी वर्ष फरवरी में बेस्ट एकेमेडिशियन का भी अवार्ड मिला था।



### खो-खो में सेकेण्ड्री डीपीएस को मिला गोल्ड मेडल



**गया।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेकेण्ड्री डीपीएस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खो-खो में 14 स्कूलों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। जिसमें कुछ स्कूलों के बीच कांटे की टक्कर हुई। इसमें सेकेण्ड्री डीपीएस के छात्रों (अंडर 14) ने खो -खो में बेहतरीन प्रर्दशन करते हुए ओपन माइंड बिरला स्कूल को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। इसपर स्कूल प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में नई उर्जा के साथ खेल का प्रदर्शन करने को प्रेरित किया।

### चचेरे भाई ने मुंह में कट्टा डाल चलाई गोली, मौत, नालंदा में भूमि विवाद में बुजुर्ग की हत्या

**नालंदा।** नालंदा में बुधवार की शाम भूमि विवाद में बदमाश ने एक बुजुर्ग की गोली मार हत्या कर दी। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बालचंद बीघा गांव का है। मृतक की पहचान स्वर्गीय रघुवीर चौहान के बेटे रामावतार चौहान(60) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में रामावतार चौहान की पोती ने बताया कि गोतिया ने रैयती जमीन पर मकान बनाया है। इसके कारण दादा के चचेरे भाई रमेश चौहान ने कथित रूप से आरोप लगाया कि उन्होंने ही मकान बनाने में मदद किया है। पहले तो गाली-गलौज की इसके बाद गोली मार हत्या कर दी। दरअसल, बुल्लू चौहान द्वारा अपनी जमीन पर मकान बनाया गया है। इसके कारण रमेश चौहान का रास्ता संकीर्ण हो गया है। रमेश चौहान का आरोप है कि राम अवतार चौहान ने रमेश को मकान बनाने में मदद की है। इसके कारण उसका घर का रास्ता बंद हो गया है। इसी विवाद को लेकर सुनियोजित तरीके से रमेश चौहान ने पहले राम अवतार चौहान के साथ गाली गलौज की और कट्टा निकाल लिया। यह देख अपने दालान के पास बैठे रामवतार चौहान दौड़कर पड़ोसी शिव कुमार के घर में जा छिपे। जहां पीछा करते हुए रमेश भी पहुंचा। मुंह में कट्टा डाल गोली चला दी। इसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोली शरीर को चीरते हुए पार कर गई। वहीं इस घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। करीब 5 राउंड फायरिंग की गई। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या रमेश चौहान द्वारा गोली मार हत्या करने की बात सामने आई है। घटना का कारण जमीन का विवाद बताया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव सदर अस्पताल पर भेज दिया गया है। मृतक के बेटे के फर्द बयान लेकर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में पुलिस जुट गई है।

# समाज राजनीति से नहीं, बुराइयां दूर करने से चलता

◆ शराबबंदी खत्म करने के बयान पर श्रवण कुमार की प्रतिक्रिया, कहा- आधी आबादी चाहती नशामुक्ति

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में राज्य के मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने जन स्वराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के शराबबंदी कानून को खत्म करने के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मंत्री कुमार ने कहा कि कुछ लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते हैं, लेकिन समाज राजनीति से नहीं, बल्कि समाज की बुराइयों को दूर करने से चलता है। उन्होंने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा, गांधी जी ने कहा था कि अगर उन्हें एक क्षण के लिए भी तानाशाह बनना पड़े, तो वे सबसे पहले शराब जैसी बुराइयों को खत्म कर देंगे। कुमार ने कहा कि देश की आधी आबादी चाहती है कि शराबबंदी हो और समाज नशामुक्त हो। जो लोग राष्ट्रपिता के सपनों को चकनाचूर करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें कौन समझाए? मंत्री श्रवण कुमार ये बातें महाबोधि एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर संस्थान में कही। जहां वे B.Ed के नए शैक्षणिक सत्र के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। इस अवसर पर परिसर में पौधरोपण भी किया।

**नीतीश कुमार कभी नहीं गिड़गिड़ाए:** इसी बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों पर भी मंत्री ने प्रतिक्रिया दी। यादव ने दावा किया था कि उनके पास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो है, जिसमें वे सरकार बनाने के लिए गिड़गिड़ा रहे थे। इस पर कुमार ने कहा नीतीश कुमार ने आज तक किसी के सामने गिड़गिड़ाया नहीं है। उनका सपना बिहार की तरक्की, शांति और अमन का है। लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर मंत्री ने स्वीकार किया कि राज्य में अपराध की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराधियों को किसी भी हालत में नहीं बख्शा जाता। बिहार में कानून व्यवस्था की यही खासियत है।

## मकान में चल रहा था जुआ का अड्डा, 5 गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



पुलिस की छापेमारी में शराब की खाली बोतलें और 1.23 लाख नगद बरामद

गया जिले की शेरघाटी थाने की पुलिस ने 5 जुआरियों को देर रात गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के पास से 1 लाख 23 हजार रुपए नगद, शराब की बोतलें और ताश की गड्डियां बरामद की गई है। सभी नई बाजार बाइपास रोड स्थित एक मकान में जुआ खेल रहे थे। सभी शेरघाटी के ही रहने वाले थे। मकान में बीते कुछ दिनों से जुए का अड्डा चल रहा था। थानेदार अजित कुमार ने बताया कि देर शाम पुलिस ने बाइपास रोड पर गश्त कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक मकान में कुछ लड़के जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की तो जुआ खेल रहे लड़के मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस की घेराबंदी में वे फंस गए और पकड़े गए। मौके से शराब और बियर की खाली बोतलें बरामद की गई। इसके अलावा 1 लाख 23 हजार नकद रुपए भी बरामद किए गए।

**ऐसे और जगहों की हो रही तलाश:** पकड़े गए युवकों की पहचान मुकेश कुमार, चंदन कुमार, शशि कुमार, राजकुमार और राहुल भगत है। थानेदार अजित कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवकों के विरुद्ध गैम्बलिंग और शराब अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाएगा। बाइपास रोड स्थित मकान में बीते कुछ समय से लगातार जुए का अड्डा चल रहा था। जुआ खेलने वालों को अड्डे पर हर तरह की सुविधा भी प्रदान की जा रही थी। इस तरह के और अड्डे की तलाश की जा रही है।

## देसी कट्टा और थ्रनेट के साथ आरोपी गिरफ्तार, बोरे में हथियार रख कर देने जा रहा था सप्लाई

निज संवाददाता। गया



गया एसटीएफ और शहर के डेल्हा थाना पुलिस ने देसी हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो देसी कट्टा व एक थ्रनेट बरामद किया है। हथियार बोरे में रख कर किसी व्यक्ति को देने जा रहा था। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़ा गया अपराधी डेल्हा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इस बात की जानकारी सीटी डीएसपी 2 धर्मेंद्र भारती ने दी। सीटी डीएसपी 2 धर्मेंद्र भारती ने बताया कि बीते कुछ दिनों से डेल्हा थाना क्षेत्र में हथियार के खरीद फरोख्त की सूचना मिल रही थी। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम छानबीन में जुटी हुई थी। सूचना की पड़ताल के दौरान यह बात स्पष्ट हुआ कि डेल्हा थाने क्षेत्र में हथियार की तस्करी की जा रही है। इस बात की सूचना एसएसपी आशीष भारती को दी गई। एसएसपी ने विशेष टीम का गठन करते हुए हथियार के खरीद फरोख्त करने वाले को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। डीएसपी धर्मेंद्र भारती ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने बड़का बस स्टैंड के पास हथियार की सप्लाई करने वाले को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। इस दौरान साइकिल से एक युवक अमन राज बोरे में कुछ सामान लेकर आता हुआ दिखाई दिया। उसे पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ और बोर की तलाशी ली तो उसमें से दो देसी कट्टा और एक थ्रनेट बरामद किया। अमन राज से पूछताछ के दौरान पता चला की मुख्य सप्लायर बड़का डेल्हा क्षेत्र का रहने वाला सोनल यादव है। इस पर पुलिस ने सोनल यादव को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। पर वो भागने में सफल हो गया। डीएसपी ने बताया कि सोनल यादव पूर्व से ही अपराधी रहा है और वह कई बार जेल जा चुका है।

## LJP की बैठक को बीच में छोड़ निकली वीणा देवी

28 नवंबर को पार्टी का स्थापना दिवस, बिहार के कोने-कोने से आएंगे लोग

निज संवाददाता। गया




लोक जनशक्ति पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक बुधवार को बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में हुई। इस बैठक में पार्टी के 4 सांसदों को शामिल होना था। लेकिन 2 ही सांसद इसमें हिस्सा ले सके। पहला अरुण भारती और दूसरा वीणा देवी शामिल हुई। हालांकि, वीणा भारती बैठक के दौरान जरूरी काम का हवाला देकर वहां से निकल गईं। वहीं, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बैठक को बीच में रोक दिया। इसके बाद कहा कि इस बैठक में चिराग पासवान के निर्देश पर 28 नवंबर को बड़े स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाना है। इसकी तैयारी पर चर्चा हुई है। कुछ बिंदु शेष रह गए हैं, उस पर आगे चर्चा करेंगे।

**243 सीट पर ताकत के साथ चुनाव लड़ने को तैयार:** LJP के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि पार्टी 243 सीट पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने को तैयार है। लेकिन पार्टी NDA के साथ है, तो इसलिए हम इस बैठक में यह विचार विमर्श कर रहे हैं कि कहां-कहां से हमारी पार्टी बेहतर प्रदर्शन और पूरी ताकत के साथ लड़ने में सक्षम है। इस मसले पर पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के साथ मंथन चल रहा है। इसकी रिपोर्ट चिराग पासवान को दी जाएगी। इसके अलावा संगठन की मजबूती के लिए पार्टी क्या-क्या आने वाले दिनों में फील्ड में करेगी, इस पर चर्चा हुई।

**किसी और के आरोपों से पार्टी को फर्क नहीं पड़ता:** वहीं, जब उनसे यह पूछा गया कि राजद के लोग यह आरोप लगा रहे हैं कि चिराग पासवान अब दलित के नेता नहीं रहे। इस पर उन्होंने कहा कि राजद के लोगों के पास अब कोई काम रह नहीं गया है। इस वजह से वे मीडिया में बने रहने के लिए इस तरह की बातें कर रहे हैं। रही बात आरक्षण की तो चिराग पासवान ने अपनी बात स्पष्ट कहा दी है। ऐसे में कोई भी कुछ आरोप लगाए पार्टी को फर्क नहीं पड़ता है।

**पार्टी की आगे की रणनीति तय हो रही:** लोक जन शक्ति पार्टी के वरीय पदाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी कर रहे हैं। बैठक में पार्टी की आगे की रणनीति तय की जा रही है। साथ ही 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका क्या रहेगी, इस पर मंथन हो रहा है। इसके अलावा संगठन की मजबूती पर गहन मंथन किया जा रहा है। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## 134 गांव-टोलों में बनेगा खेल मैदान, 56 स्थानों पर विकास कार्य शुरू, हर मैदान पर 5-10 लाख रुपए खर्च का अनुमान

निज संवाददाता। नालंदा



मनरेगा योजना के तहत नालंदा जिले के ग्रामीण इलाकों में खेल क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाने वाला है। जिले के 134 गांव-टोलों में अत्याधुनिक खेल मैदानों का निर्माण किया जाएगा, जो युवाओं और खिलाड़ियों के लिए एक वरदान साबित होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण में 56 स्थानों पर खेल मैदानों का विकास कार्य शुरू हो चुका है। प्रत्येक खेल मैदान के निर्माण पर लगभग 5 से 10 लाख रुपए का खर्च आने का अनुमान है। इन खेल मैदानों में दौड़ने के लिए ट्रैक, क्रिकेट पिच, फुटबॉल के लिए गोल पोस्ट, बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही लॉन्ग जंप और हाई जंप के लिए भी उचित व्यवस्था की जाएगी। कुछ स्थानों पर तो मिनी स्टेडियम के रूप में खेल मैदानों का विकास किया जा रहा है, जहां दर्शकों के बैठने के लिए चबूतरे का निर्माण भी होगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शहरी क्षेत्रों के बराबर खेल सुविधा देने का लक्ष्य:** मनरेगा के जिला परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शहरी क्षेत्रों के बराबर खेल सुविधाएं मिले। इससे न केवल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा, बल्कि सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए तैयारी करने वाले युवाओं को भी लाभ होगा। इन खेल मैदानों का निर्माण स्थानीय समुदाय के लिए भी वरदान साबित होगा। बुजुर्गों को सुबह की सैर के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान मिलेगा, जबकि बच्चों को खेलने के लिए एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा।

**अन्य मैदानों में भी चल रही तैयारियां:** कुलती, कोनंद, नेरूत, बारा, एकसारा, दारोगाबिगहा, औंगारी, चम्हेड़ा, धुरगांव, पारथु, अमरपुरी, जूनियार, नवधा, बकौर, दीरीपर, चितरबिगहा, बुधौल, सोनचरी और बसुआ जैसे गांवों में इन खेल मैदानों का निर्माण कार्य या तो शुरू हो चुका है या जल्द ही शुरू होने वाला है। यह परियोजना न केवल ग्रामीण युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगी, बल्कि रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, यह ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी, जिससे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उदय हो सकेगा।

### भागलपुर में सांप के डसने से युवक की मौत

**भागलपुर** । भागलपुर के कजरेली थाना क्षेत्र के तारधी गांव में बीती रात एक युवक ने को सांप डसने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों ने घायल को झाड़फूंक के लिए एक बाबा के पास ले गए। घायल की स्थिति गंभीर होने पर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लेकर गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## DM की रेलवे स्टेशन पर विशेष नजर

निज संवाददाता। गया

हर दिन 80-90 हजार आएंगे तीर्थयात्री, टेंट सिटी का काम शुरू, स्टेशन पर साइनेज ही सहारा

गया में पितृपक्ष मेला 2024 को देखते हुए जिला प्रशासन की कड़ी नजर रेलवे स्टेशन पर बनी हुई है। बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों का ट्रेन से आना है। तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की बेसिक असुविधा न हो। इस बात का खास ख्याल रखा जा रहा है। डीएम डॉ त्याग राजन ने यात्रियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुगम बनाने के लिए DRM के साथ न केवल बैठक की बल्कि स्टेशन परिसर का जायजा भी लिया। बैठक में स्टेशन के पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 85 जोड़ी से ऊपर ट्रेन का परिचालन है। 40 हजार से 50 हजार यात्री प्रतिदिन गया रेलवे स्टेशन से यात्रा कर रहे हैं।

**80 हजार से 90 हजार यात्री आएंगे हर दिन:** पितृपक्ष मेला के समय लगभग 80 हजार से 90 हजार यात्री प्रतिदिन होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा से ज्यादातर तीर्थ यात्री आते हैं। ज्यादातर ट्रेनें रात 9 से सुबह 4 बजे समय के बीच ही आती है। यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 20 टॉयलेट की व्यवस्था है। 5 रेलवे स्टेशन के अंदर और 15 रेलवे स्टेशन के बाहर में है। इसके अलावा टेंपरेरी टॉयलेट का भी निर्माण करवाया जा रहा है। इस पर डीएम ने सभी शौचालयों को नियमित साफ-सफाई करवाते रहने का निर्देश दिए। रेलवे अपना सारा व्यवस्था को दुरुस्त रखे। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में गया रेलवे स्टेशन का नए सिरे से निर्माण करवाया जा रहा है। इस वजह से थोड़ी बहुत परेशानी हो रही है। लेकिन तीर्थ यात्रियों के आवाजाही और उनकी सुरक्षा को पूरा ध्यान में रखते हुए अनुपयोगी चीजों को किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करें।

ताकि यात्रियों का मूवमेंट पूरी अच्छी तरीके से रहे। कहीं भी कोई किसी की गिरने या भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बने। लोहे का सामान फैले और बिखरे रहने से यात्रियों का पैर फंस सकता है और यात्री गिर सकते हैं। इसे पूरा ध्यान रखकर लोहे के इक्विपमेंट को किसी दूसरे स्थान पर रखवा दें। उन्होंने कहा कि स्टेशन का नए सिरे से निर्माण होने के कारण फुट ओवरब्रिज कहीं कहीं पर काफी संकीर्ण हो गया है। उसे स्थान पर पर्याप्त साइनेज एवं पदाधिकारी पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्ति रखें। इससे तीर्थ यात्रियों की एका-एक भीड़ को डायवर्ट किया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एमसी–लॉरी–हायर–एचडब्ल्यूएच–24, दिनांक 10.09.2024,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (सीएचजी. एवं टी/एस), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डी.आर.एम.बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एमसी–लॉरी–हायर–एचडब्ल्यूएच–24 के प्रतिपक्ष खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** कैरिज एवं वैगन विभाग, पूर्व रेलवे, हावड़ा के नियंत्रण के अधीन सामग्री के परिवहन के लिए डीजल परिचालित लॉरियों को किराए पर लेना। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 43,83,971.68, **बयाना राशि :** रु. 87,700/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 36 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 09.09.2024 को 19.23 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 17.09.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 01.10.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
HWH-284/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 04_2024-25, दिनांक 11.09.2024,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी., गति शक्ति इकाई, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण** : सीपीएम/जीएसयू/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में हावड़ा मंडल के हावड़ा में नए मंडल रेलवे अस्पताल भवन के निर्माण के सिलसिले में आर्किटेक्चरल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन एवं ड्रॉइंग तैयार करना जिसमें शामिल है सर्वेक्षण एवं जियोटेक्निकल जाँच, एमईपी डिजाइन प्लान, लैंडस्केप और इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम तैयार करना और बीओक्यू प्रस्तुत करना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 50,11,717.08, **बयाना राशि:** रु. 1,00,200/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** 0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 4 (चार) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 04.10.2024 को 12.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-283/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

## इंडिया वर्सेज बांग्लादेश टेस्ट : विराट कोहली इतिहास रचने से मात्र 58 रन दूर

## 1930 हेल्पलाइन नंबर और आई4सीके प्लेटफार्म को जन-जन तक पहुंचाना बेहद जरूरी है : अमित शाह

शुक्ल पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081


• औरंगाबाद • शुक्रवार • 13 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 274 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 67,050 | ₹86,500 |





### आज का इतिहास

- 1947 : भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 40 लाख हिंदूओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।
- 2000 : भारत के शीर्ष शतरंज खिलाडी विश्वनाथन आनंद ने शेनयांन में पहला फिडे शतरंज विश्व कप जीता।

### न्यूज बाइट्स

#### कैंसर की दवाओं पर जीएसटी 7 प्रतिशत घटाया

पटना (नि.सं.)। कैंसर की दवाओं पर जीएसटी 7 प्रतिशत घटाया गया है। इससे बिहार के करीब 6 लाख कैंसर मरीजों को महीने में लगभग 72 करोड़ रुपए बचेंगे। इलाज सस्ता होने से दूसरे प्रदेश में जाने वाले मरीजों की संख्या भी 15 प्रतिशत तक कम होगी। बीते सोमवार को दिल्ली में 54वीं जीएसटी की बैठक हुई थी। इसमें केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ ही सभी राज्यों के मंत्री ने हिस्सा लिया था। बैठक में कैंसर की दवाओं पर जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया। इससे ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और इयूरवालुमैब सहित 1 दर्जन दवाओं की कीमत घटने के आसार हैं। आईजीआईएमएस के रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सुमन के मुताबिक राज्य में 6 लाख से अधिक कैंसर रोगी हैं। इनमें मुंह और गले के कैंसर के मरीज ज्यादा हैं। बुद्धा कैंसर संस्थान के डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक औसतन एक मरीज के इलाज में 13 से 24 हजार रुपए तक का खर्च आता है।

#### मुंबई में लालू यादव के दिल का हुआ ऑपरेशन

पटना (नि.सं.)। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के हार्ट का ऑपरेशन किया गया है। बुधवार को दिल्ली के एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है। बताया जा रहा है कि ब्लॉकेज के बाद ये ऑपरेशन किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि अभी उनकी स्थिति ठीक है। 10 सितंबर को एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में उन्हें भर्ती कराया गया था। बुधवार को लालू यादव की एंजियोप्लास्टी की गई। सबसे पहले 27 अगस्त 2014 को एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में लालू यादव की ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। फेमस कार्डियक सर्जन रामाकांत पांड्या की देखरेख में 20 डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी की थी। यह सर्जरी 6 घंटे से ज्यादा देर तक चली थी। इस दौरान लालू का एऑर्टिक वाल्व बदला गया था। इससे पहले जुलाई महीने में भी लालू यादव की तबीयत बिगड़ी थी। यूरिन करने में परेशानी के बाद दिल्ली के एम्स में उन्हें भर्ती कराया था।

#### मोबाइल एप पर मिलेंगी यातायात संबंधी जानकारियां

पटना (नि.सं.)। बिहार के लोगों को यात्रा करने के दौरान रास्ते में आने वाली विभिन्न प्रकार की बाधाओं की जानकारी पहले ही मिल जाएगी। ये जानकारियां रियल टाइम बेसिस के आधार पर मोबाइल एप के माध्यम से मिलेंगी। इनमें यातायात प्रबंधन, सड़क सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जानकारी शामिल रहेंगी। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में बिहार पुलिस और मैप माई इंडिया (सीई इंफो लिमिटेड) के बीच यातायात संबंधी दिशा-निर्देश एवं नागरिकों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ। उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड के बाद बिहार चौथा ऐसा राज्य होगा, जहां नागरिकों को मोबाइल पर यातायात संबंधी अद्यतन सूचनाएं मिलेंगी।

### आईएएस संजीव हंस के करीबियों पर ईडी की कार्रवाई

## 90 लाख कैश और चांदी की मिलीं ईंटें

- आईएएस संजीव हंस पर अब कसता जा रहा ईडी का शिकंजा
- दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में तीन दिनों से हो रही ईडी रेड
- आईएएस संजीव हंस से जुड़े ठिकानों से कैश और बुलियन बरामद





संजीव हंस

निज संवाददाता | पटना

बिहार के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और आरजेडी के पूर्व विधायक गुलाब यादव के मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बड़ी कामयाबी मिली है। इस केस में हालिया छापेमारी के दौरान 90 लाख रुपये कैश और 13 किलोग्राम चांदी की ईंटें जब्त की गईं। ईडी के आधिकारिक सूत्रों से यह जानकारी मिली है। बता दें कि ईडी ने इसी हफ्ते दिल्ली के दो ठिकानों के अलावा कोलकाता और मुंबई में कुछ जगहों पर छापेमारी की थी। सूत्रों ने बताया कि बिहार ऊर्जा निगम में प्रधान सचिव रह चुके 1997 बैच के आईएएस अधिकारी संजीव हंस के कुछ कथित पुराने सहयोगियों के ठिकानों पर दो दिनों तक छापे मारे गए। ताजा छापेमारी में करीब 90 लाख रुपये नकद और 13 किलोग्राम चांदी जब्त की गई। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में पहली बार जुलाई में छापा मारा था। उस समय ईडी द्वारा एक दर्जन से अधिक महंगी घड़ियां, लगभग एक किलोग्राम सोने के आभूषण और कुछ निवेश संबंधी कागजात जब्त किए गए थे। इसके बाद बिहार सरकार द्वारा उन्हें प्रधान सचिव के पद से हटा दिया गया था।

वहीं, अगस्त में पटना हाई कोर्ट ने संजीव हंस के खिलाफ एक महिला द्वारा दर्ज करायी गई एफआईआर को खारिज कर दिया था, जिसमें आईएएस अधिकारी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था। अदालत ने कहा था कि आरोपी के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है, क्योंकि इस केस में एफआईआर बहुत देर बाद दर्ज कराई गई थी। ऐसे में शिकायतकर्ता की कहानी झूठी और मनगढ़ंत लगती है। दूसरी ओर, गुलाब यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी से विधायक रह चुके हैं। 2015 से 2020 तक उन्होंने मधुबनी जिले की झंझारपुर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। आरोप है कि गुलाब यादव और संजीव हंस ने मिलकर अपने पदों का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित की।

सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में आईएएस संजीव हंस के साथ इस केस से जुड़े कई आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बता दें कि इसी मामले में 9 जुलाई को भी दिल्ली, पंजाब और बिहार के कई इलाकों में थी सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की गई थी। अभी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में जो सर्च ऑपरेशन हुए हैं इसमें करीब 90 लाख रुपए समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये गए हैं। वहीं करीब 15 किलो सिल्वर बुलियन भी जब्त किया गया है।

## 29 आईपीएस का तबादला, 15 जिलों में नए एसपी की तैनाती

### अंबरीश राहुल बने औरंगाबाद के नए पुलिस अधीक्षक

- औरंगाबाद की एसपी स्वप्न गौतम मेश्राम को कमांडेंट बीएमपी-3 गया बनाया गया है।





निज संवाददाता | पटना

बिहार में गुरुवार को बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार कुल 29 अधिकारी इधर से उधर किए गए हैं। बिहार में गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। 15 जिलों के एसपी समेत कुल 29 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। आलोक राज के बिहार पुलिस महानिदेशक बनने के बाद यह सबसे बड़ा तबादला है। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोक राज के पुलिस महानिदेश का पद संभलते ही बड़े पैमाने पर फिर आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। उपेंद्रनाथ वर्मा, डॉ गौरव मंगला, डी। अमरकेश, कार्तिकेय के शर्मा, विनय तिवारी, स्वर्ण प्रभात, अंबरीश राहुल, अभिनव धीमन समेत भारतीय पुलिस सेवा के 29 अधिकारियों का गुरुवार को तबादला कर दिया गया। नए पुलिस महानिदेशक आलोक राज के आने के बाद यह सबसे बड़ा तबादला है। इस सूची के अनुसार एक साथ 15 जिलों के एसपी बदल गए हैं।

अशोक मिश्रा पुलिस का दिशा के नालंदा को पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर के पद पर भेजा गया है। आनंद कुमार राय पुलिस अधीक्षक शिवहर को समावेस्टा बिहार विशेष सशस्त्र 16 के पद पर भेजा गया है। स्वर्ण प्रभात को पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी के पद पर भेजा गया है यह गोपालगंज के एसपी के पद पर थे। विनीत कुमार जो पुलिस अधीक्षक रोहतास से उनका तबादला किया गया है पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा पटना भेजा गया है। शौर्य सुमन पुलिस अधीक्षक जमुई के पद पर थे उनको पुलिस अधीक्षक बेतिया भेजा गया है। अंबरीश राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा को पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद भेजा गया है।

प्रमोद कुमार यादव पुलिस अधीक्षक भोजपुर को पुलिस अधीक्षक एसटीएफ भेजा गया है। मनीष कुमार पुलिस अधीक्षक बक्सर को पुलिस अधीक्षक केंद्रीय चयन परिषद बनाया गया है। नवजीत सिम्मी को पुलिस अधीक्षक कमजोर वर्ग को वेटिंग फॉर पोस्टिंग कर दिया गया है। रोशन कुमार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को पुलिस अधीक्षक रोहतास के पद पर भेजा गया है। अवधेश दीक्षित नगर पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर को पुलिस अधीक्षक गोपालगंज भेजा गया है। भरत सोनी नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को पुलिस अधीक्षक नालंदा के पद पर भेजा गया है।

मिस्टर राज नगर पुलिस से चीचक भागलपुर को पुलिस अधीक्षक भोजपुरी भेजा गया है। चंद्र प्रकाश नगर पुलिस अधीक्षक केंद्रीय को पुलिस अधीक्षक जमुई के पद पर भेजा गया है। अभिनव दीवान नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी को पुलिस अधीक्षक नवादा भेजा गया है। शुभम आर्य नगर पुलिस अधीक्षक दरभंगा को पुलिस अधीक्षक बक्सर के पद पर भेजा गया है। अजय कुमार पुलिस अधीक्षक राज अपराध अभिलेख को पुलिस अधीक्षक लखीसराय के पद पर भेजा गया है। बम बम चौधरी पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा को पुलिस अधीक्षक निगरानी के पद पर भेजा गया है।

## बिहार के पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग होगी, ब्रांड अंबेसडर होंगे नियुक्त

पटना(नि.सं.)। बिहार के पर्यटन स्थल अब पहचान के मोहताज नहीं होंगे। देश-दुनिया के लोग राज्य के कोने-कोने के पर्यटन स्थलों की खासियत से परिचित होंगे। कैबिनेट से मंजूरी के बाद पर्यटन विभाग ने पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग तेज कर दी है। जल्द ही इस संबंध में गाइडलाइन जारी की जाएगी। बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति 2024 के तहत पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग के लिए कई प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। राज्य के सुदूर प्रखंडों एवं कस्बों के गुमनाम पर्यटन स्थलों की महत्ता देश-दुनिया को बताई जाएगी। इसमें सोशल मीडिया, यू ट्यूबर आदि की भी मदद ली जाएगी। स्थानीय लोगों के सहयोग से सुदूर प्रखंडों के पर्यटन स्थलों के बारे में शोधपरक सामग्री इकट्ठा की जाएगी। उसके बाद उसकी ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार के लिए वेबसाइट, वेब पोर्टल और अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों जैसे हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशनों के अलावा ट्रेन-प्लेन के अंदर भी पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग होगी। मेला-महोत्सवों में प्रचार-प्रसार होगा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित टूर एवं ट्रैवल मार्ट में भागीदारी की जाएगी। प्रतियोगिताएं, स्क्रीप्ट राइटिंग, रील मेकिंग, फोटोग्राफी, क्विज प्रतियोगिता, कार-बाइक रैली आदि का भी आयोजन किया जाएगा। बिहार पर्यटन के लिए लोगों भी बनाया जाएगा। ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किए जाएंगे। चर्चित कलाकार, अभिनेता आदि में से ब्रांड अंबेसडर का चयन किया जाएगा। अभी कई राज्यों के अपने ब्रांड अंबेसडर हैं। उदाहरण के लिए गुजरात पर्यटन के ब्रांड अंबेसडर अमिताभ बच्चन हैं। वर्तमान में बिहार पर्यटन का अपना कोई गीत नहीं है। नई नीति के तहत बिहार पर्यटन गीत भी तैयार किया जाएगा। गीत में बिहार के पर्यटन स्थलों की खासियत और खूबसूरती बयां की जाएगी। गीत तैयार करने, उसके गायन और अभिनय के लिए बिहार से जुड़े कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। बिहार को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पर्यटन के केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## सात निश्चय-01 एवं सात निश्चय-02 की प्रगति के आधार पर जिलों की रैंकिंग

निज संवाददाता | पटना

बिहार विकास मिशन द्वारा प्रत्येक माह 'सात निश्चय-1' एवं 'सात निश्चय-2' की महत्वपूर्ण योजनाओं में जिले की उपलब्धि के आधार पर जिलों का समेकित रैंकिंग प्रतिवेदन तैयार किया जाता है। ज्ञातव्य है कि जिलों की रैंकिंग सात निश्चय में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम में उनकी उपलब्धियों के आधार पर की जाती है सभी गांवों में स्ट्रीट लाईट योजना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि की उपलब्धियां के आधार पर मूल्यांकन होते हैं। 'सात निश्चय' की संबंधित योजनाओं में कुल 100 अंकों में जिलों के मूल्यांकन के आधार पर उनकी रैंकिंग की जाती है। सर्वप्रथम उपर्युक्त वर्णित योजनाओं की जिलावार रैंकिंग की जाती है एवं तत्पश्चात् योजनाओं की प्राथमिकता के आधार पर उसकी अधिमानता का निर्धारण करते हुये समेकित रैंकिंग प्रतिवेदन प्रत्येक माह प्रकाशित किया जाता है।

बिहार विकास मिशन द्वारा प्रकाशित माह जुलाई, 2024 के जिलों के समेकित रैंकिंग प्रतिवेदन के अनुसार शीर्ष 10 जिलों में क्रमशः अररिया (76.22), बक्सर (74.90), नालन्दा (74.21), मुजफ्फरपुर (73.41), समस्तीपुर (72.77), कैमूर (72.77), लखीसराय (72.18), रोहतास (71.16), सीवान (70.06) एवं किशनगंज (68.65) विद्यमान रहे हैं जबकि निम्नतर पांच के प्रक्रम में मधुबनी (53.37), मधेपुरा (55.11), वैशाली (57.20), सहरसा (57.26) एवं बेगूसराय (58.02) रेखांकित किये गये हैं।

## लाखों बहनों को आज सीएम हेमंत सोरेन देंगे मंईयां सम्मान राशि की दूसरी किस्त

निज संवाददाता | रांची

लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोम गढ़ की पवित्र भूमि ललपनिया, बोकारो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करम पर्व की पूर्व संध्या (13 सितंबर) पर आज झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाता में दूसरी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। इससे पहले विभिन्न चरणों में पहली किस्त का हस्तांतरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है। योजना का लाभ लेने के लिए अबतक 48,15,048 महिलाओं का निबंधन हुआ है। 45,36,597 महिलाएं सम्मान राशि से अबतक आच्छादित हुई हैं। हर महीने की 15 तारीख तक हर बहन के खाते में सम्मान राशि भेजने का आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री के आदेश और राज्य मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के उपरांत अब राज्य की 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जोड़ने की पहल शुरू हो चुकी है। जल्द इन्हें भी सम्मान राशि प्राप्त होने लगेगी। मालूम हो कि इससे पहले तक 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना से जोड़ने का प्रावधान था। 03 अगस्त 2024 से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन लेना प्रारंभ हुआ। 18 अगस्त को पहली बार योजना के तहत पाकुड़ की 80 हजार से अधिक, 22 अगस्त को पलामू प्रमंडल के लातेहार, मेदिनीनगर और गढ़वा की 2.50 लाख से अधिक, 24 अगस्त को उत्तरी छोटानागपुर के रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिला की 13 लाख 94 हजार से अधिक, 27 अगस्त को संताल परगना के देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, दुमका और जामताड़ा की 07 लाख 32 हजार से अधिक, 28 अगस्त को कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां की 07 लाख 32 हजार से अधिक, 04 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा की 07 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में 70 करोड़ 50 लाख का हस्तांतरण किया गया है।



## राज्यपाल ने राज्य सूचना आयुक्तों की दिलाई शपथ



निज संवाददाता | पटना

राज्यपाल शराजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ब्रजेश मेहरोत्रा एवं प्रकाश कुमार को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलायी। राजभवन के दरबार हॉल में पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में माननीय उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति अवधेश नारायण सिंह, माननीय ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चैधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, राज्य मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण, राज्य सूचना आयुक्त फूलचंद चैधरी, मुख्य सचिव शअमृत लाल मीणा, वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य 29 अक्टूबर से होगा शुरू

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने इसके लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। 29 अक्टूबर से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य शुरू होगा। इसी आधार पर अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होगा। अभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं की पहचान कर रहे हैं। कितने नए मतदाता बन सकते हैं और कितने मतदाताओं की मौत हो गई है, यह काम 18 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान मतदान केंद्रों की स्थिति और मतदाताओं की संख्या के आधार पर मतदान केंद्रों की आवश्यकता आदि की पहचान की जा रही है। घर-घर सर्वे के दौरान किसी व्यक्ति की पहचान नहीं की जा सकी है तो उसे भी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान दावा या आपत्ति दाखिल करने का मौका मिलेगा।



आयोग के अनुसार, 29 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन होगा। 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, संशोधन आदि को लेकर दावा और आपत्ति प्राप्त की जाएगी। नए नाम शामिल करने के लिए 1 जनवरी, 2025 को योग्य मतदाता होने की अर्हता निर्धारित की गयी है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर शनिवार एवं रविवार को विशेष अभियान चलाकर दावा एवं आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। आयोग के अनुसार 24 दिसंबर तक सभी आपत्ति एवं दावों का निराकरण करने का लक्ष्य है। एक जनवरी 2025 को सभी आंकड़े एवं सूची अपडेट कर प्रकाशन के लिए तैयार किया जाना है। वहीं, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

## स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी पर जोर, रेलवे स्टेशनों पर लगेंगे स्वच्छता चौपाल, इस अभियान से जुडेंगे सभी पंचायत

एजेंसी | नई दिल्ली

रेलवे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसके तहत रेलवे ने स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी पर जोर दिया है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाकर जहां रेल यात्रियों को जागरूक किया जाएगा, वहीं ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। गुरुवार को इस विशेष अभियान 4.0 को लेकर रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वच्छता में सुधार पर जोर दिया गया। यह विशेष अभियान 4.0 दो चरणों (पहला चरण 13 सितंबर से 30 सितंबर तक और दूसरा चरण 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक) में आयोजित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण के दौरान चिन्हित लंबित मामलों का निपटान किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे ने देशभर में 150 से अधिक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए 12.09.2024 को रेलवे बोर्ड के सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एजीएम/जोनल रेलवे, जीएम/पीयू, सीएमडी/एमडी/पीएसयू, नोडल अधिकारियों और बोर्ड के निदेशालयों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। रेलवे ने विशेष अभियान 3.0 में हर क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित करके बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। अभियान 3.0 के दौरान रेलवे खाली की गई जगहों और स्क्रैप निपटान से अर्जित राजस्व, जन शिकायतों, अपीलों का निपटान, स्वच्छत स्थलों जैसे मापदंडों में सभी मंत्रालयों में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक था। ऐसे में इस बार भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे कई कदम उठा रहा है। विशेष अभियान 4.0 को सफल बनाने के लिए बैठक में रेलवे बोर्ड की सचिव ने सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।



## पीएम आवास की पहली किस्त 15 सितंबर को, बिहार के एक लाख लोगों के खाते में राशि भेजेंगे पीएम

निज संवाददाता | पटना

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार के लाभार्थियों को पहली किस्त इसी महीने मिलने वाली है। पीएम नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को राज्य के लगभग एक लाख लाभार्थियों को योजना की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने लाभुकों की सूची मांगी है। ग्रामीण विकास विभाग लाभुकों की लिस्ट तैयार करने में जुट गया है। बताया जा रहा है कि झारखंड के जमशेदपुर में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी देशभर के 10 लाख लाभार्थियों को पीएम आवास की किस्त भेजेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी है कि पीएम मोदी जमशेदपुर में पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को 2745 करोड़ रुपये की राशि जारी करने वाले हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और लाखों लोग ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस मौके पर लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी बांटे जाएंगे। शिवराज सिंह ने इस संबंध में मंगलवा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की बैठक की। इसमें उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी के लिए जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद बिहार सरकार की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 15 सितंबर को राशि पाने वाले लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है।



बता दें कि पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत गांवों में रहने वाले गरीब एवं बेघर परिवारों को मकान बनाने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता की जाती है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में कहा कि पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत अगले पांच साल में दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। बता दें कि बिहार में पीएम आवास योजना के तहत अभी 13 लाख से ज्यादा आवेदन लंबित हैं। इन लोगों को धीरे-धीरे करके आवास के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## पढ़ाई के लिए स्कूल स्तर पर होगी समिति, कक्षावार होगा निरीक्षण

- 33 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में भी समिति बनेगी

निज संवाददाता | पटना

जिले के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अब विद्यालय स्तर से भी अध्ययन-अध्यापन कार्य के निरीक्षण को समिति बनेगी। इसके सदस्यों में प्राचार्य और शिक्षक के साथ कक्षावार मॉनिटर भी होंगे। इनके द्वारा पढ़ाई से जुड़ी गतिविधियों को निरीक्षण किया जाएगा। समिति के सदस्यों को विद्यालय में अध्ययन- अध्यापन की स्थिति को बेहतर करने के लिए

> "विद्यालय स्तर पर पहली बार समिति के गठन कर अध्ययन-अध्यापन गतिविधियों का निरीक्षण करने का नवाचार किया जा रहा है। विद्यालय प्रधान एन्ड्रॉइड मोबाइल से दो मिनट का वीडियो क्लिप, दो चार फोटोग्राफ ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से जिला कार्यालय को भेजेंगे।"

11 तरह की जिम्मेवारी सौंपी गई है। बच्चों के शुद्ध- शुद्ध लिखने, श्यामपट्ट पर लिखने, बच्चे गृह कार्य कर रहे या नहीं, डायरी की नियमित जांच, विद्यालय में टीचिंग-लर्निंग मेटेरियल का उपयोग हो रहा है या नहीं, एफएलएन किट के क्रियान्वयन की जांच, खेलकूद गतिविधियों का निरीक्षण समेत अन्य जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को बैठक कर कार्यवाही की जाएगी। समय-समय पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को इसका अवलोकन कराएंगे। निरीक्षण में आई सभी रिपोर्ट का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। जिले के 33 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में भी समिति बनेगी। यहां भी वर्ग के सबसे उत्कृष्ट बच्चों से अन्य बच्चों को प्रेरित करने कार्य हो रहा है या नहीं। बच्चे ग्लोब, मैप,एटलस और शब्द कोष का उपयोग करते हैं या नहीं इन सभी चीजों का समिति के सदस्य मॉनिटरिंग करेंगे।

# 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता को लेकर डीएम ने की बैठक

निज संवाददाता | नवादा



आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज दिनांक 12.09.2024 को डीआरडीए सभागार में दिनांक 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले ''स्वच्छता ही सेवा'' (स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता) अभियान के सफलता को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक चलने वाली ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान-2024 के तहत नवादा जिला में गतिविधि आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ''स्वच्छता ही सेवा'' के तीन पिलर्स हैं-स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर। जिलाधिकारी ने बताया कि ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान-2024 को विभिन्न पहलुओं के माध्यम से सफल बना सकते हैं। स्वच्छता की भागीदारी अन्तर्गत शपथ, एक पेड़ मां के नाम, मैराथन दौड़, ग्राम सभा, स्वच्छता संवाद, कला, शिक्षा सार्वजनिक प्रदर्शन, दिवार पेंटिंग, स्पोर्टस आदि। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत ''स्वच्छता ही सेवा'' 2024 का कलेंडर जारी किया गया है, जिसके तहत तिथिवार गतिविधि निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 14.09.2024 को सार्वजनिक स्थल, हाट-बाजार, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड, हाईवे आदि स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा साथ ही दिनांक 20.09.2024 को जिला/प्रखंड/ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता दौड़, साइक्लॉथॅन, स्वच्छता खेल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार दिनांक 21.09.2024 को विद्यालय स्वच्छता दिवस, चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता कॉलेजों में स्वच्छता बूथ क्लब की स्थापना की जायेगी। दिनांक 22.09.2024 को गंगा नदी, सहायक नदी, तालाबों, नहर, आहर, पईन आदि जल श्रोतों की सफाई एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। दिनांक 28.09.2024 को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित करना है साथ ही ग्राम स्वच्छता उत्सव में गॉव के लोगों, लोक कलाकारों, स्वच्छता कर्मियों द्वारा कला का प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 02.10.2024 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता चैम्पियन एवं विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभाकक्ष में पुरस्कृत किया जायेगा साथ ही ग्राम सभा का आयोजन कर अभियान में सक्रिय योगदान देने वालों का आभार प्रकट किया जायेगा। गॉव को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाये रखने हेतु स्वच्छता शपथ भी दिलायी जायेगी। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण पर भी विशेष बल देने की आवश्यकता है। बैठक में सिविल सर्जन नवादा, उप-विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, डीपीओ आईसीडीएस नवादा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी ने किया क्षेत्र भ्रमण

**नवादा**। जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा ने आज सुबह 07:00 बजे ही नगर क्षेत्रों का भ्रमण किये। जिलाधिकारी द्वारा बुधौल में प्रस्तावित प्रमुख सरकारी संस्थानों का स्थल निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आज नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत विकास एवं आवास विभाग, बिहार अन्तर्गत निर्मित नगर परिष बुधौल बस स्टैंड का भी निरीक्षण किये। बस स्टैंड में उपलब्ध संसाधनों के अस्त-व्यस्त होने तथा गंदगी को देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहर का विकास हमारा लक्ष्य है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्त्ता नवादा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, भवन प्रमंडल पदाधिकारी नवादा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नीमाटांड़ विद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**रजौली (नवादा) (नि. सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र के नीमाटांड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में विद्यालयी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के निर्देश पर विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम सप्ताह में विद्यालय शिक्षा समिति एवं छात्र अभिभावक संगोष्ठी हुई। इसमें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई।स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित आदतों के विकास के लिए छात्रों को उत्साहित एवं प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में चार स्टॉल लगाया गया, जिसमें पहले स्लॉट पर वर्ग शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए दिखाई दिए। विद्यालय की छात्रा शिवानी कुमारी ने विद्यालय के खुलने के उपरांत विद्यालय की स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों का जिक्र किया। मध्याह्न भोजन से संबंधित स्वच्छता प्रदर्शनी शिक्षक सुरेश चौधरी, शौचालय स्वच्छता अनुज दास एवं पेयजल स्वच्छता से प्रदर्शनी का नेतृत्व शिक्षिका अंजू कुमारी के द्वारा किया गया। मौके पर दर्जनों आगंतुक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कुष्ठ रोग खोजी अभियान को लेकर पीएचसी में आशा के साथ की गई बैठक, दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला के नेतृत्व में आशा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएचसी मैनेजर मो. ईरशाद अहमद, बीसीएम किरण कुमारी गुप्ता, पारा मेडिकल वर्कर अवधेश कुमार के अलावे प्रखण्ड क्षेत्र की आशा मौजूद रहीं। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य कुष्ठ रोगियों की पहचान कर स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार प्रदान किया जाना है, जिससे समाज को कुष्ठ के प्रसार एवं कुष्ठ से होने वाली विकृतियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान आगामी 19 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिसमें आशा घर-घर जाकर बच्चे, पुरुष एवं महिलाओं की जांच करेंगे, जबकि दो वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों को जांच से बाहर रखा गया है। साथ ही बताया कि कुष्ठ रोग जीवाणु से होने वाला रोग है, जो नसों और त्वचा को प्रभावित करता है। यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया जाए तो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है एवं कुष्ठ रोग के कारण विकलांगता भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का फैलाव महिला एवं पुरुष दोनों में से किसी से किसी भी उम्र में हो सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 20 से 30 वर्ष आयुवर्ग के लोगों में कुष्ठ रोग अधिकांशतः प्रभावी होते हैं। उन्होंने बताया कि त्वचा पर धब्बे, सपाट और हल्के फीके रंग, त्वचा पर धब्बे वाले स्थान में दर्द की अनुभूति नहीं होना, त्वचा का मोटा होना एवं तैलीय होना कुष्ठ रोग के प्रमुख पहचान है। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि कुष्ठ रोग किसी धर्म, जाति या विशेष समुदाय में नहीं होता है और न ही पूर्व जन्म के कारण यह रोग होता है। साथ ही कहा कि कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से उपचार के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की दवाइयां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने आमलोगों से अपील किया कि यदि उनके आसपास कोई कुष्ठ रोगी हैं, तो उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जरूर भेजें।

## रंगदारी के आरोप में बंद दो सिपाहियों की जमानत याचिका खारिज

» प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर की संध्या नवादा नगर के बड़ी दरगाह निवासी सुरज कुमार नगर थाना क्षेत्र के खरीदी बिगहा गॉव मोटर साईकिल से जा रहा था।

नवादा | निज संवाददाता

पुलिस के द्वारा रंगदारी लेने के मामले में जेल में बंद दो सिपाही की नियमित जमानत याचिका को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राहुल किशोर ने अस्वीकृत कर दिया। उक्त दोनों सिपाही बीते 6 सितम्बर से मंडल कारा में बंद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर की संध्या नवादा नगर के बड़ी दरगाह निवासी सुरज कुमार नगर थाना क्षेत्र के खरीदी बिगहा गॉव मोटर साईकिल से जा रहा था। सोहजाना मोड़ के पास पहुँचते ही डायल 112 वाहन संख्या 1564 पर सवार सिपाही सुनील भारती एवं इंद्रजीत ने सूरज कुमार को रोका तथा हेलमेट नहीं पहनने के आरोप में गाली-गलौज करते धौंस दिखा कर सूरज कुमार के पौकेट में रहे 8 हजार रूप्ये छीन लिया। इतना ही नही सूरज के मोबाईल खाता में रहे 18 सौ रूपये को भी अपने परिचित के खाता में हस्तांतरित करवा दिया। घटना के बाबत नगर थाना में कांड संख्या-1024/24 दर्ज कर दोनों सिपाही सहित एक ग्रामीण चिकित्सक पंकज को गिरफतार कर जेल भेजा गया। गौरतलब हो कि जमानत याचिका की सुनवाई के समय समझौता पत्र दाखिल किया गया था। जिसमें कांड के सूचक ने पूरी घटना से अदालत को अवगत कराते हुए कहा कि दोनो सिपाही के द्वारा लिया गया रूपया उसे लौटा दिया गया है।

## शराब के अवैध कारोबार का पुलिस ने किया भंडाफोड़

निज संवाददाता | नवादा

» बरामद शराब के बारे में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि हार्वर्ड कंपनी की 500 एम एल की 5000 वियर 126 बोतल और इंपीरियल ब्लू ब्रांड की 15 बोतल अंग्रेजी शराब जिसकी कूल मात्रा 74.25 लीटर जब्त किया गया।

जिले की हिसुआ पुलिस ने ट्रांसपोर्ट के माध्यम से शराब कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कुछ दिनों से शराब कारोबारी शहर के तेली टोला मोहल्ला निवासी मनोज साव उर्फ़ टुनटुन साव के पुत्र सूरज साव के द्वारा शहर के चर्चित दुकान के नाम पर ट्रांसपोर्ट कंपनी से शराब मंगाकर शहर में बिक्री किया जाता है। सूचना की सत्यापन करते हुए इन लोगों के द्वारा शहर के गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम पर ट्रांसपोर्ट कंपनी से शराब मंगाया गया था जिसे गुप्त तरीके से एसआई शत्रुघ्न कुमार और एएसआई अशोक कुमार सिंह के द्वारा जाल बिछाकर टुन टुन साव के घर के समीप से कपड़े के बंडल में ट्रांसपोर्ट से मंगाए गए शराब को एक रिक्शा पर ले जाते हुए जब्त कर लिया। इस काम में लाइनर की भूमिका निभा रहे मोटरसाइकिल सवार एक युवक पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

# ट्रैक्टर चोरी मामले में पुलिस ने सातवें वांछित चोर को किया गिरफ्तार, भेजा गए जेल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के परमेश्वर बिगहा गांव से बीते जुलाई माह में ट्रैक्टर की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई थी। ट्रैक्टर चोरी को लेकर दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पीएसआई रौशन कुमार ने तकनीकी सहायता के साथ चोरी में शामिल सातवें व्यक्ति को गुप्त सूचना के आलोक में गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तकनीकी टीम की सहायता से बीते 7 सितम्बर को सिरदला थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी मोहन पासवान के पुत्र धीरज कुमार उर्फ बुमराह एवं 13 अगस्त को नालन्दा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी महेश प्रसाद के बेटे नीतीश कुमार एवं नगरनौसा थाना क्षेत्र के कछियामा गांव निवासी सत्येन्द्र प्रसाद के बेटे सन्नी कुमार के अलावे अन्य अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन चोर का एक गिरोह सक्रिय था, जो घरों के पास से ट्रैक्टर आदि चोरी कर औने-पौने दाम में बेच दिया करता था। पीएसआई रौशन कुमार द्वारा अनुसंधान के क्रम में एक के बाद एक व्यक्ति की कड़ी जुड़ती गई और पुलिस ने भी चोरी में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जुलाई माह में महिंद्रा ट्रैक्टर संख्या बीआर27ई5372 की चोरी को लेकर परमेश्वर बिगहा गांव निवासी मुकेश कुमार की पत्नी रूबी कुमारी ने थाने को लिखित आवेदन देकर चोरी गए ट्रैक्टर की बरामदगी एवं चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हेतु गुहार लगाई थी। जिसको लेकर रजौली थाना काण्ड संख्या 354/24 में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस पदाधिकारी ने तकनीकी सहायता एवं रास्ते के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक्टर चोरी में शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। वहीं बीते दिन गुप्त सूचना के आलोक में ट्रैक्टर चोरी में शामिल एक व्यक्ति, जो चोरी के ट्रैक्टर को चलाकर ले भागा था,उसे पीएसआई रौशन कुमार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार ट्रैक्टर चोर की पहचान जसपुर गांव निवासी विगन प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार दीपू उर्फ अजय कुमार को गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को गिरफ्तार व्यक्ति का स्वास्थ्य जांच अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। तत्पश्चात गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, बोकारो से पटना जा रही बस से 283 बोतल शराब बरामद

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी एवं एएसआई अमित कुमार ने बोकारो से पटना जा रही शिवगंगा बस से 283 बोतल विदेशी शराब एवं बियर को बरामद किया है। वहीं बस को जब्त करते हुए चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में खलबली मच गई है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में समेकित जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में गुरुवार की अहले सुबह झारखण्ड के बोकारो से बिहार के पटना जा रही शिवगंगा नामक लग्जरी वाहन संख्या बीआर27पी9385 के छत के अलावे पीछे एवं बगल के लैगेज रखने वाले तहखाने से उजले बोरे में बन्द भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं बियर बरामद किया गया। बरामद शराब में बलेंडर्स प्राइड के 750 एमएल की 124 बोतल, आइकॉनिक व्हाइट के 750 एमएल के 40 बोतल, रॉयल स्टेज के 375 एमएल के 117 बोतल एवं बैड मंकी के 500 एमएल के दो केन बियर है। शराब एवं बस को जब्त करते हुए बस चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बस चालक की पहचान नालंदा जिले के चंडी थाना के धर्मपुर गांव निवासी रामप्रवेश गोप के पुत्र रघुवीर कुमार एवं उपचालक की पहचान दीपनगर थाना के बरौटी, इंदरपुर मोहल्ला निवासी स्वर्गीय अर्जुन सिंह के पुत्र सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है। इस दौरान चालक एवं उपचालक के पास से दो मोबाइल को भी जब्त किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब, बस एवं मोबाइल के अलावे गिरफ्तार चालक एवं उपचालक के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को ही अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। इस मौके पर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार, एएसआई बिशु हेम्ब्रम के अलावे सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## 1989 में रजिस्ट्रार के सामने जमीन बेची महिला की मृत्यु 1987 में बतायी गई

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

जमीन व जायदाद के लोभ-लालच में कागजातों का फर्जीवाड़ा चरम पर है। ताजा मामला प्रखण्ड क्षेत्र के रजौली पश्चिमी पंचायत के छपरा गांव की एक महिला का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के बाद शिकायतकर्ता वशिष्ट सिंह ने बीडीओ संजीव झा के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि छपरा गांव निवासी रामविलाश सिंह की पत्नी सुमित्रा देवी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तत्कालीन जेएसएस संजय कुमार द्वारा निर्गत किया गया है। साथ ही कहा कि लिखित आवेदन दिए जाने के बाद भी प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने बताया कि मृतिका सुमित्रा देवी की पुत्री निर्मला देवी ने लिखित आवेदन देकर बैंक कार्य हेतु अपनी मां के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अप्लाई की। जिसके बाद 6 अगस्त को मृतिका सुमित्रा देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनकर कार्यालय से निर्गत किया गया, जिसमें मृत्यु का वर्ष 1987 बताया गया है। आवेदक ने बताया कि मृतिका सुमित्रा देवी उनकी चाची है और वर्ष 1989 में उन्होंने नवादा स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन की बिक्री की हैं। ऐसे में उनकी मृत्यु को वर्ष 1987 में बताना किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मृतिका सुमित्रा देवी की बेटी निर्मला देवी विगत कई माह से रोगग्रस्त थी और इस स्थिति में वे प्रखण्ड कार्यालय या अनुमण्डल दंडाधिकारी के पास शपथ पत्र तक बनवाने नहीं जा सकती है, तो आखिर पदाधिकारियों ने किस प्रकार सत्यापन करके गलत मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मृत्यु प्रमाण पत्र मात्र जमीन के झगड़े को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने के 10 दिनों बाद आवेदिका निर्मला देवी का भी निधन हो गया।

## न्यूज बाइट्स

### जिला युवा महोत्सव की तैयारियों पर डीएम ने की विशेष बैठक




**नवादा (नि.सं.)**। जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा ने बैठक कर जिला स्तरीय युवा महोत्सव के तैयारी को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। युवा महोत्सव की सफलता हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें प्रभारी सामान्य शाखा, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वशिक्षा अभियान, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, नेहरू युवा केन्द्र समन्वय शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा बताया कि जिला स्तर युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 15-29 वर्ष के आयु वाले कलाकार भाग ले सकेंगे। जिला युवा महोत्सव 2024 के अन्तर्गत शास्त्रीय नृत्य, समूह गायन, समूह लोक नृत्य, एकांकी नाटक, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, हारमोनियम वादन, वक्तृता (हिन्दी एवं अंग्रेजी) लोक गाथा गायन, लोक गीत, सुगम संगीत, वायलिन वादन, सारंगी वादन, सरोद वादन, शहनाई, पखावज, पद-धमाड़, आदि तथा इसके अलावा चाक्षुष कला में चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प, फोटोग्राफी आदि की भी प्रतियोगिता होगी। इन विधाओं में अव्वल लाने वाले कलाकारों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि महोत्सव में अधिक से अधिक प्रतिभागी भाग ले सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सहभागिता कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर के युवा महोत्सव में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कलाकार/दल को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता नवादा, जिला खेल पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, डीपीओ सर्वशिक्षा अभियान आदि उपस्थित थे।

### राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित, विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल



**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित राजकीय शिक्षक सम्मान समारोह में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बल्लोपुर के पूर्व शिक्षक एवं शेखपुरा जिले के टाड पर स्थित मध्य विद्यालय में वर्तमान शिक्षक श्री कांत को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया था। इंटर विधालय चकवाय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने अपने विद्यालय में शिक्षक श्री कांत को समारोह पूर्वक सम्मानित किया। विद्यालय में अंगवस्त्र तथा, पुष्पमाला अर्पित और मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। चेतना सत्र के दौरान विद्यालय पहुंचे शिक्षक श्री कांत का विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर एवं शिक्षकों तथा कर्मियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार एवं वरीय शिक्षक रामेश्वर इचागुट ने शॉल ओढ़ाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्रीकांत को पुरस्कार मिलने पर पूरा विद्यालय परिवार आह्लादित और प्रसन्न है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा की श्रीकांत, एक कर्मठ, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, लगनशील, सृजनात्मक एवं प्रेरक शिक्षक के साथ ही कुशल वक्ता तथा समाजसेवी भी हैं। श्रीकांत पहले मध्य विद्यालय बल्लोपुर में थे, अभी बीपीएससी द्वारा चयनित होकर मध्य विद्यालय शेखपुरा जिले में टाड़पर में पदस्थापित हैं। विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भिव्य की कामना करता है। उन्होंने कहा की शिक्षा एवं रचनात्मकता के क्षेत्र में शिक्षक को उत्कृष्ट योगदान देने के लिये राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया है जो जिले के लिये गौरव की बात है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें सहित सभी विधार्थी मौजूद थे।

### प्राइवेट बैंक की लाखों की ठगी का खुलासा



**नवादा (नि.सं.)**। जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोनावां सरकारी आईटीआई के पास संचालित धन शक्ति नामक प्राइवेट बैंक की शाखा के कर्मियों पर सैकड़ों लोगों से लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगा है। ठगी में लिप्त सभी कर्मी फरार हैं। फर्जीवाड़ा का शिकार हुए लोगों ने बैंक का घेराव किया। संचालक रौशन सिंह पर ठगी का आरोप लगा है। बड़ी संख्या में जमाकर्ताओं ने गोनावां स्थित बैंक शाखा पर धावा बोला। जमाकर्ताओं के हंगामे के बाद सभी कर्मी वहां से फरार हो गए। लोगों ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। सूचना के बाद पुलिस पहुंची। बताया जाता है कि लोन दिलाने के नाम पर रौशन सिंह फर्जी तरीके से जिले के विभिन्न प्रखंडों रोह, रजौली, कोओकोल तथा वारिसलीगंज में ट्रेंड एजेंटों को रखकर गांव-गांव जाकर समूह बनाकर हरेक गरीब महिलाओं से 3-3 हजार रुपये वसूल किया करता था। धन शक्ति बैंक का स्लिप जमाकर्ताओं को थमा दिया जाता था। हालांकि, जो वायदा किया जाता था, उसका लाभ महिलाओं को नहीं मिल रहा था। इसके बाद मामला बिगड़ा। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बैंक में लगे कंप्यूटर और अन्य दस्तावेज को जब्त कर लिया है। नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अविनाश कुमार ने महिलाओं से आवेदन की मांग की है। उन्होंने बैंक के प्रोप्राइटर के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की बात कही है।

### शराब पीकर हंगामा करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड एवं हरदिया से पुलिस ने शराब पीकर हंगामा करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। बीते बुधवार की रात्रि पुरानी बस स्टैंड में शराब पीकर हंगामा करने वाले एक शराबी को पुलिस ने 11 बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान इमलियाटांड़ मोहल्ला निवासी रामनाथ सिंह के पुत्र पिन्टू कुमार के रूप में हुई है। वहीं हरदिया में दो युवकों के लड़ाई-झगड़े की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने को सुपुर्द किया। थाना परिसर में ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किये जाने पर दोनों के शराब पीये होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद दोनों कप हवालत में बन्द कर दिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान बभनटोली मोहल्ला निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र सौरभ कुमार एवं हरदिया गांव निवासी दिलीप सिंह के पुत्र कर्ण कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि तीनों शराबियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### देसी कट्टा व कारतूस जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कोईलवर।** चांदी थानान्तर्गत फरहंगपुर बांध के समीप पुलिस ने एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार चांदी थाना के नए भवन से थोड़ी ही दूरी पर स्थित फरहंगपुर बांध के आसपास एक युवक को अवैध हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने के नियत से घूमने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही चांदी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर पुलिस ने छापेमारी की। फरहंगपुर बांध के पास पुलिस की गाड़ी पहुंचते ही पास खड़ा युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़ कर एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया की इस मामले में चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी स्व इन्द्रजीत यादव के पुत्र विजय यादव को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

### बड़हरा में सबसे अधिक सदस्यता लेंगे लोग : राघवेंद्र

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी का विशेष सदस्यता अभियान बुधवार को बड़हरा विधानसभा के गीधा पंचायत शक्तिकेंद्र पर चलाया गया। जिसका नेतृत्व बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बड़हरा ने मोबाइल से मिस्ड कॉल और लिंक द्वारा सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दो सितम्बर से भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 25 सितम्बर तक चलेगा, जिसके तहत मोबाइल और ऑफलाइन द्वारा पार्टी का सदस्य बन सकेंगे। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन है।इसलिए 11 से 17 सितम्बर तक एक सप्ताह मे पार्टी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बड़हरा विधानसभा में निश्चित रुप से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा और सबसे अधिक सदस्य इस विधानसभा से बनेंगे। जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता सह प्रभारी वंदना राजवंशी ने कार्यकर्ताओं और आम जनता को भाजपा का सदस्य बनने के तरीको को बताया। उन्होंने 8800002024 नम्बर पर मिस्ड कॉल और नमो एप्प सहित ऑफलाइन से भाजपा का सदस्य बनाने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। मौके पर सरपंच सोनू पासवान, संजय चौधरी आदि थे।

### विज्ञान के शिक्षक विद्यार्थी के विकास में योगदान करें

**बक्सर।** विज्ञान शिक्षक विद्यार्थी विकास में अपने योगदान को सुनिश्चित करें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने दायित्व के प्रति जवाबदेह हो। उक्त बातें बक्सर स्थित नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में विज्ञान शिक्षक के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी शारिक अशरफ ने कही। इस कार्यशाला में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नाजिश अली ने भी विज्ञान शिक्षक को विद्यार्थी विकास के प्रति प्रेरित किया। उन्होने समाज ,स्कूल के विकास के बहुमुखी फायदे बताया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इंस्पायर अवार्ड मानक में विज्ञान शिक्षक की लापरवाही को चिंताजनक माना। इसके साथ ही साथ जवाबदेही तय करने की बात भी कहीं। जिन विज्ञान शिक्षक इंस्पायर अवार्ड मानक में अपने कर्तव्य का बोध कर्तव्य नहीं निभाएंगे। उन पर कड़ी कार्रवाई की बात भी कही।

### कोईलवर-छपरा फोरलेन कई घंटों से जाम

**कोईलवर।** थाना क्षेत्र में बालू लदे वाहनों के कारण आरा-छपरा फोरलेन पर बुधवार को सुबह से जाम है। छोटे वाहन, यात्री बस और वाहन कई घंटे जाम में फंसे रहे। आरा-छपरा फोरलेन सड़क पर आने-जाने के लिये एक-एक लेन बनाये गए हैं। लेकिन पश्चिमी लेन में मरम्मती कार्य होने से एक लेन बन्द है। जिससे उक्त हाइवे पर मनभावन चेक पोस्ट, कोईलवर से लेकर डोरीगंज (सारण) तक हजारों बालू लोड ट्रकें और ट्रैक्टर खड़ी रही। जिस कारण कार, ऑटो, बाइक व यात्री वाहन कई घंटा तक जाम में फंसे रहे या किसी दूसरे लिंक रास्ते से आते-जाते देखे गए। सबसे ज्यादा परेशानी एम्बुलेंस व स्कूली वाहनों को हो रही है। जाम के कारण स्कूल बस से जाने वाले बच्चे जाम में फंस ने से दोपहर के बजाय शाम तक लौट रहे हैं। जिस कारण बच्चों के अभिभावक परेशान हो जा रहे हैं। इधर जाम के कारण पुलिस की गश्ती वाहन भी बेबस दिखी। आरा-छपरा हाइवे पर जाम का असर बक्सर- कोईलवर-पटना फोरलेन पर भी दिखा। वाहनों का चक्का तस से मस नहीं होने के कारण मनभावन चेकपोस्ट से सकड्डी तक एक लेन में बालू लदे वाहनों का रेला लगा रहा है।

### बक्सर में ट्रेन से कटकर 100 भेड़ों की मौत, पशुपालक 3 सौ मवेशियों को ले गया था चराने

**बक्सर।** बक्सर में गुरुवार सुबह ट्रेन से कटकर 1 सौ भेड़ों की मौत हो गई। रोहतास के दिनारा थाना क्षेत्र के धरकाना गांव निवासी भोला पाल 300 भेड़ों को बक्सर के ब्यासी दियर में चराने ले गए थे। वहां से भेड़ों को लेकर वापस धरकाना जा रहे थे। रास्ते में टुडीगंज रेलवे स्टेशन के पास रेल फाटक है। ट्रेन आने वाली थी, इसलिए फाटक बंद था। इसी दौरान पशुपालक भोला भेड़ों को लेकर वहां पहुंच गए। वे भेड़ों को पटरी के बीच जाने से रोक रहे थे, इस बीच एक भेड़ पटरी पर चली गई। उसे देख सभी भेड़ें चली गईं। तभी तेज रफ्तार ट्रेन आई और हादसा हो गया। पशुपालक भी ट्रेन की चपेट में आ जाते, लेकिन लोगों ने उन्हें खींच लिया। हादसे के बाद भेड़ों की लाशें पटरी के दोनों ओर पड़ी हैं। रेलयात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर सिंह ने कहा भेड़ों की ट्रेन से कटने की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले नआंव गमटी और अन्य जगहों पर भी फाटक नहीं रहने की वजह से हादसे हुए हैं। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए रेलवे को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में भेड़ पालक को नुकसान हुआ है। क्षति का मुआवजा देने की मांग रेलयात्री कल्याण समिति सरकार से करेगी। बक्सर जीआरपी प्रभारी अरुण प्रसाद ने कहा कि इसकी सूचना हमारे पास नहीं आई है। कोई आदमी चपेट में आया होता तो सूचना मिलती है। उसमें हमलोग कार्रवाई करते हैं। पटरी से भेड़ों को हटवाने का काम किया जाएगा।

### बीज उत्पादन तकनीक से अवगत किसान सलाहकार



**बक्सर।** धान बीज उत्पादन तकनीकी विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण में कुल 25 किसान सलाहकारों ने हिस्सा लिया। कृषि प्रसार कार्यकर्ताओं के बीच धान फसल के गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन तकनीकी की जानकारी देने के लिए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केविके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ देवकरन, मुख्य प्रशिक्षक हरिगोविंद तथा प्रक्षेत्र प्रबंधक आरीफ परवेज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ देवकरन ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी एवं महत्व से अवगत कराया। साथ ही प्रशिक्षण की तकनीकी जानकारी को ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच पहुंचाने एवं जागरूक करने का आग्रह किया। मुख्य प्रशिक्षक हरिगोविंद ने प्रतिभागियों को बीज का महत्व, बीजों के प्रकार बीज का स्रोत, धान पौधशाला तैयार करने की विधि एवं खेत के चयन, रखरखाव, आदि की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्येन्द्र कुमार भारती, ब्यासमुनी राम, विजय प्रकाश पासवान, राजेश कुमार खखार, रामाकान्त राम, कुमार विज्ञानन्द, मिथिलेश, सुमन प्रसाद समेत सभी ग्यारह प्रखंड के 25 किसान सलाहकार शामिल हुए।

# भोजपुर में धर्मावती नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

## मवेशियों के लिए चारा लाने गया था, पैर फिसलने से हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के धर्मावती नदी में डूबने से चारा लाने गए एक युवक की गुरुवार को मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना गांव के नौवाघाट के पास की है। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना गांव निवासी अशोक चौधरी का बेटा भोला चौधरी(28) है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, सरना पंचायत के मुखिया बीरबल सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह मवेशी के लिए चारा लाने नौवाघाट स्थित धर्मावती नदी के किनारे गया था। चारा लेकर जब वह नदी के किनारे होते हुए वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह धर्मावती नदी में गिर कर डूब गया। इसके बाद वहां मौजूद लड़के द्वारा फोन कर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन तुरंत वहां पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप का इकलौता संतान था। उसके परिवार में पत्नी मानती देवी, 2 बेटी विद्या, निशा और 2 बेटा कृष्णा और शिवम है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मानती देवी हम परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेत में युवक की पिटाई, धारदार हथियार से हमला

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव स्थित चलिसवा पुल के समीप बुधवार की देर शाम हथियारबंद बदमाशों ने खेत में बोरिंग चलाने गए युवक को पीटकर घायल कर दिया। घारदार हथियार से भी हमला किया। जख्मी युवक ने गोली मारने का आरोप लगाया है। जख्मी के बाएं हाथ की हड्डी पूरी तरह टूट गई है। स्थानीय लोगों ने सूचना परिजनों को दी। परिजन आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड- 4 निवासी हरी दयाल राय का 31 वर्षीय बेटा अमरजीत कुमार है। जो पेशे से किसान है।

**खेत में गए थे जख्मीः** मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जख्मी युवक से घटना की जानकारी ली। अमरजीत कुमार ने बताया कि बुधवार शाम जमीरा गांव स्थित खेत पटाने जा रहा था। जैसे ही अपने खेत में पहुंचा तो देखा कि खेत में कुछ बदमाश बैठकर शराब पी रहे हैं। नशेड़ियों ने खेत में आने से मना किया। जब मैंने कहा कि ये मेरा खेत है, मैं आऊंगा। इसी बात पर उन लोगों ने पहले धारदार हथियार से मारा। फिर गोली चला दी। परिजनों ने मुझे अस्पताल पहुंचाया। बदमाशों ने हमला क्यू किया कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति को शायद गोली लगी है, लेकिन सूचना झूठी है। मारपीट की धारा में कांड दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आरा में करंट लगने से किशोर की मौत

निज संवाददाता। आरा



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव में बुधवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत छात्र टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव निवासी करीमन पासवान का 12 वर्षीय बेटा कृष्णा कुमार है। जो चौथी कक्षा का छात्र था। इधर मृत छात्र के पिता करीमन पासवान ने बताया कि हमलोगों का फूस का घर है। बाहर से घर आने के बाद कपड़ा चेंज करने लगा। कपड़ा चेंज करने के दौरान वह मचान पर चढ़ रहा था। जहां से बिजली का तार गुजर रहा था। उसी तार की चपेट में आने से वो झुलस गया। जिसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**भाई-बहनों में छोटा थाः** परिजन अपनी स्वेच्छा से शव बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सीता सुंदर देवी, तीन बहन मैना कुमारी, काजल कुमारी, किरण कुमारी और दो भाई मुकेश कुमार और कन्हैया कुमार है। घटना के बाद मृत छात्र की मां सीतासुंदर देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में MBA छात्र की मौत, घर लौट रहा था युवक, पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंदा, घटनास्थल ही तोड़ा दम

निज संवाददाता। आरा





आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के गीधा स्थित गैस एजेंसी गेट के सामने गुरुवार की सुबह ट्रक ने बुलेट सवार एमबीए छात्र को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया।

**गिट्टी गिरवाकर घर लौटने के दौरान हादसाः** जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव वार्ड नंबर 5 निवासी रमेश कुमार सिंह का 20 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु है। मृतक एमबीए का छात्र था। मृतक छात्र के चाचा सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गीधा गांव स्थित घर बनवा रहा है। आज सुबह वह गिट्टी गिरवाकर बुलेट पर सवार होकर अपने गांव से आरा आ रहा था। आने के क्रम में गीधा गैस एजेंसी गेट के सामने बालू लदा ट्रक लगा हुआ था। ट्रक चालक ने गेट खोल दिया। जिससे वह ट्रक के गेट से टकरा कर सड़क गिर पड़ा। जिसके बाद पीछे से आ रही दूसरी ट्रक में उसे कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। आगे बताया कि वहां मौजूद लोगों द्वारा मौत की सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर वे लोग वहां पहुंचे और स्थानीय थाना को सूचना दी। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुनीता देवी व दो भाई आशु एवं रीत है। मृत छात्र के पिता रमेश कुमार सिंह आरा के गौसगंज स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलेज में केमिस्ट्री विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। घटना के बाद में छात्र के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां सुनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 14 सितंबर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन लंबित मामलों को निशुल्क सुलझाने का मौका

## एक हजार वादों का निष्पादन करने का लक्ष्य

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिला के व्यवहार न्यायालय में 14 सितंबर को एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। इस लोक अदालत के माध्यम से सुलहनीय वादों का समाधान बिना किसी शुल्क के किया जाएगा। जिससे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा हो सकेगा। अवर न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव नेहा दयाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन मामलों का समाधान करना है,जो काफी समय से लम्बित हैं।

**इन कंपनियों से संबंधित मामलों का समाधानः** इस अवसर पर बैंक, बीमा कंपनियों, और बिजली कंपनियों से संबंधित मामलों को भी शामिल किया जाएगा। नागरिकों को अपने वित्तीय और अन्य मामलों को सुलझाने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। दयाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन का पूरा लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने लंबित वादों का समाधान कराएं। आयोजित लोक अदालत में इस बार लगभग एक हजार वादों के निष्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

लक्ष्य पाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं और लोगों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने से नागरिक बिना किसी अतिरिक्त खर्च के अपने मामलों का निपटारा कर सकते हैं और कानूनी प्रक्रिया में हो रही देरी से छुटकारा पा सकते हैं। आयोजन की तैयारी के अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकार ने विभिन्न स्तरों पर जानकारी पहुंचाने की योजना बनाई है। जिससे अधिक से अधिक लोग इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकें।

# टूटे बिजली तार पर गिरा किशोर, झुलसकर मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव के मोती टोला में बुधवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्र बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव मोती टोला निवासी नंद बिहारी का 12 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। जो तीसरी कक्षा का छात्र था। मृत छात्र के परिजन ने बताया कि वो घर से बधार की ओर जा रहा था। उस समय बारिश भी हो रही थी। रास्ते में ही बिजली का तार टूट कर पहले से गिर था। उसी विद्युत प्रवाहित तार के ऊपर गिर पड़ा। जिसके कारण गंभीर रूप से वो झुलस गया। परिजन अपनी स्वेच्छा से शव को बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए। मृत छात्र अपने दो भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां रीना देवी, एक भाई चंदन कुमार और एक बहन अनीता कुमारी है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में मातम पसरा है।

# जॉब नहीं मिली तो खोली ग्रेजुएट चाय की दुकान, तीन दोस्तों ने कर्ज लेकर शुरू किया काम

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के राहुल सिंह, कणीस सिंह और आशुतोष कुमार गेजुएशन पास करने के बाद जॉब की तलाश में जुट गए। पर नौकरी नहीं मिली। तीनों ने खाली बैठने से अच्छा अपना कुछ काम करना ही बेहतर समझा। तीनों ने कुछ पैसे जुटाए और कुछ दोस्तों से कर्ज लिया और शुरू की चाय की दुकान। नाम रखा ग्रेजुएट चायवाला। तीनों दोस्त मिलकर इस दुकान पर काम करते हैं और समय मिलते ही कंपटीशन की तैयारी में जुट जाते हैं। इन्हें रोजाना ही 15 सौ से दो हजार रुपए का फायदा हो रहा है।

**घर वालों से ताना भी सुनना पड़ाः** राहुल सिंह, कणीस सिंह और आशुतोष कुमार भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के अकरुआ गांव के रहने वाले हैं। तीनों दोस्त बचपन से ही साथ पढ़ाई किया करते थे। तीनों बताते हैं कि जब वो ग्रेजुएट चायवाला की शुरुआत कर रहे थे, उन्हें घर वालों से ताना भी सुनना पड़ा। परिजन कहते- पढ़ाई कर यही काम करना है क्या। पर हमने अपनी मन की सुनी और करीब एक महीने पहले ही चाय की दुकान शुरू कर दी।

**तीनों दोस्त ने गांव से 40 KM दूर दुकान खोलीः** तीनों ने मिलकर 60 हजार की लागत से अपना स्टार्टअप शुरू किया। इसके लिए तीनों ने घर से 15-15 हजार रुपए इकट्ठा किए और 20 हजार रुपए अपने दूसरे दोस्तों से उधार लिया। तीनों करीब 8 से 10 घंटे दुकान चलाने के साथ ही कंपटीशन की भी तैयारी करते हैं और पढ़ाई करते हैं। जब दुकान पर कस्टमर नहीं होते हैं तो वही पर भी पढ़ाई भी करने लगते हैं। तीनों दोस्तों ने आरा शहर के ऐतिहासिक रमना मैदान के दक्षिणी तरफ यह दुकान लगाई है। तीनों दोस्तों ने बताया कि चाय की दुकान खोलने के नाम पर परिजन इसके विरोध में आ गए थे। लेकिन परिजनों को काफी समझाने के बाद तीनों ने गांव से करीब 40 किलोमीटर दूर आरा शहर में दुकान खोली। तीनों आरा शहर के पकड़ी मोहल्ले में किराए का घर लेकर रहते हैं।

**बिहार पुलिस और रेलवे की तैयारी करते हैंः** राहुल सिंह के पिता हरेंद्र सिंह किसान हैं और माता गृहणी है। राहुल सिंह दो भाई और दो बहन है। एक भाई राजेश सिंह पुणे में प्राइवेट जॉब करते हैं। राहुल सिंह ने जगदीशपुर केके मंडल कॉलेज से स्नातक मैथ की पढ़ाई की है। कणीस सिंह के पिता अशोक सिंह भी किसान हैं और मां गृहणी है। दो भाई और दो बहन हैं। इन्होंने भी राहुल के साथ स्नातक मैथ की पढ़ाई की है। वहीं, आशुतोष कुमार तीन भाई दो बहन हैं। इनके दोनों भाई प्राइवेट जॉब करते हैं। आशुतोष के पिता स्वर्गीय लाल बाबू सिंह का देहांत काफी समय पहले हो गया था। राहुल सिंह ने बताया कि पढ़ाई के लिए पैसों की भी जरूरत होती है, जो हमें घर से नहीं मिल पाता है। इसलिए चाय दुकान खोली है। ताकि पढ़ाई के साथ अपना खर्चा भी उठाए और घर का भी खर्चा इससे चले। अभी स्नातक पूरा हुआ है। वो बिहार पुलिस और रेलवे की तैयारी करते हैं। अभी बिहार पुलिस की परीक्षा दी है। जब दुकान खोलने की बात हुई तो घर वाले बिल्कुल खुश नहीं थे। घर वालों को मनाना पड़ा। लेकिन घर वाले अभी भी खुश नहीं है। हो सकता है जब आगे काम अच्छा हो तो वो खुश हो जाएं।

**दुकान खोलने की काफी दिन से प्लानिंग कर रहे थेः** राहुल ने बताया कि दुकान का सारा काम हम तीनों दोस्त मिलकर करते हैं। खुद से चाय बनाने से लेकर लोगों तक सर्व करने का भी काम करते हैं। रोजाना सुबह 5 बजे से दोपहर के 12 बजे तक उसके बाद चार घंटा का ब्रेक लेकर शाम में 4 बजे से रात के 10 बजे तक दुकान खोलते हैं। वहीं, दुकान से घर जाने के बाद खाना बनाते हैं और फिर दो घंटे पढ़ते हैं। उसके बाद रात में पढ़ाई करते हैं। कणीस सिंह कहते हैं कि स्कूल की शुरुआती दौर से ही हम तीनों दोस्त साथ हैं। कॉलेज की पढ़ाई भी हमने साथ में ही किया है। तीनों ने मिलकर ग्रेजुएट चाय वाला के नाम से स्टार्टअप शुरू किया। इसके लिए बहुत लंबे समय से प्लानिंग कर रहे थे। लेकिन घर वालों को समझाना बहुत मुश्किल था। वहीं, चाय पीने आए एक ग्राहक ने बताया कि मैं इस दुकान पर करीब 20 से 22 दिनों से लगातार आ रहा हूं। प्रतिदिन यहां चाय पीता हूं। वैसे इस क्षेत्र में करीब पांच से आठ चाय की दुकान है। लेकिन मुझे यहीं की चाय अच्छी लगती है। जब भी यहां चाय पीता हू तो मुझे बख्तियारपुर (पटना) की याद आ जाती है। वहां भी इसी टेस्ट की चाय मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीविका को पोषण वाटिका स्थापना की जानकारी दी

**भागलपुर**। केवीके बीएयू सबौर में जीविका दीदियों के लिए दो दिवसीय पोषण वाटिका प्रशिक्षण बुधवार को समाप्त हो गया। इसमें बताया गया कि जीविका दीदियों के लिए पोषण वाटिका की स्थापना कैसे की जाए ताकि सालभर पांच सदस्यीय परिवार को 1.5 किलोग्राम सब्जी प्रतिदिन प्राप्त हो सके। इस अवसर पर वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉ. राजेश कुमार ने जीविका दीदियों के कार्यों की सराहना की और अपना पोषण वाटिका स्थापित कर स्वस्थ परिवार की परिकल्पना को साकार करने का अनुरोध किया। जीविका दीदियों को नारी योजना के तहत सब्जी का कीट, एक सहजन का पौधा और एक पपीता का पौधा प्रदान किया गया। डॉ. ममता कुमारी ने पोषण वाटिका की स्थापना की प्रक्रिया बताई। इस अवसर पर केंद्र के डॉ. मनीष राज, डॉ. एमजेड होदा, डॉ. पवन कुमार, रूबी, पिंकी देवी उपस्थित थीं।

### कार्यशाला में कृषि प्रक्रिया नवाचार की जानकारी दी

**भागलपुर**। बीएयू सबौर में कृषि व्यवसाय और स्टार्टअप पर कार्यशाला आयोजित हुई। उत्कृष्टता केंद्र ने भारत के कृषि क्षेत्र में केस स्टडी के साथ कृषि व्यवसाय अंतरदृष्टि शीर्षक से वर्चुअल कार्यशाला की। इसमें भारत में कृषि व्यवसाय के उभरते क्षेत्र में गहन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों से 100 प्रतिभागी शामिल हुए। सत्र का नेतृत्व आईआईटी रोपड़ए पंजाब के प्रबंधन संकाय के सदस्य डॉ. अमृतेश ने किया और भारत में कृषि व्यवसाय, कृषि स्टार्टअप के प्रकार और कृषि प्रक्रिया नवाचार की प्रस्तुति दी। पीआरओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यशाला के अध्यक्ष बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के अनुसंधान निदेशक डॉ. एके सिंह थे। संयोजक डॉ. जेएन श्रीवास्तव, डीएसडब्ल्यू बीएयू, सबौर थे। कार्यशाला का आयोजन प्रसार शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आदित्य सिन्हा ने किया।

### डॉ. केके सिन्हा मायागंज अस्पताल के नए अधीक्षक

**भागलपुर**। मायागंज अस्पताल के नए अधीक्षक शिशु विभाग के एचओडी डॉ. केके सिन्हा को बनाया गया है। वहीं अधीक्षक पद पर रहे डॉ. राकेश कुमार को मेडिकल कॉलेज का नया प्राचार्य बनाया है। अचानक हुए इस बदलाव को लोग हाल के दिनों में अस्पताल में मरीजों के इलाज में होनेवाली परेशानी को लेकर देख रहे हैं। हालांकि यहां के अधिकारी यह भी कह रहे हैं कि प्रशासनिक व्यवस्था के तहत यह बदलाव हुआ है। दरअसल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय नारायण सिंह के रिटायरमेंट के बाद यहां का प्रभारी मानसिक रोग विभाग के एचओडी डॉ. अशोक कुमार भगत को दिया गया था।

### मुंगेर के कुमार गौरव बने अरवल के जिलाधिकारी

**मुंगेर**। मुंगेर जिला निवासी कुमार गौरव ने बुधवार को अरवल जिले के जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व दरभंगा नगर निगम के नगर आयुक्त थे। परिजन ने बताया कि गौरव की प्रारंभिक शिक्षा जमालपुर सेंट्रल स्कूल से हुई थी। पिता अजय कुमार ग्राम कोड़िया हवेली खड़गपुर के रहने वाले हैं। कुमार गौरव ने यूपीएससी की परीक्षा में 214वां स्थान प्राप्त किया था।

### भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ गणपति प्रतिमा का विसर्जन

**हवेली खड़गपुर**। प्रखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पूरे भक्ति भाव के साथ गणपति की प्रतिमा को विभिन्न नदी और पोखरों में विसर्जित कर दिया गया। नगर क्षेत्र के भारत माता मंदिर, बड़ी दुर्गा मंदिर मार्ग और कन्हैया टोला, महादेवपुर के गणपति प्रतिमा को जोड़ी पोखर में विसर्जित किया गया। वही केंदुआ गांव में भी युवाओं ने गणपति की प्रतिमा को विसर्जित किया। इसके पूर्व प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा में भजन मंडली, भांगड़ा नृत्य सहित भारी संख्या में गणपति के भक्तों की भीड़ शामिल हुई। विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान नगर के मुख्य बाज़ार में जगह-जगह मटका फोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने पूरे उत्साह भाव के साथ गणपति बप्पा मोरिया की धुनों पर थिरकते और झूमते हुए मटका फोड़ में हिस्सा लिया। इधर भारत माता स्थान से प्रतिमा निकालकर पुरानी चौक, माणिक चौक, एकता पार्क, मुख्य बाजार, प्राचीन काली मंदिर के रास्ते से गुजरते हुए नंदलाल बसु चौक से होकर जोड़ी पोखर पहुंचा। जहां प्रतिमा का विर्सजन किया गया। गणेश महोत्सव को सफल बनाने में युवाओं ने बढ़चढ़कर सहयोग किया।

### स्नातक पार्ट-1 बैकलॉग की परीक्षा 14 से

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में स्नातक पार्ट-1(प्रतिष्ठा) बैकलॉग, परीक्षा-2024 की परीक्षा 14 सितंबर से शुरू होगी। जो 19 सितंबर तक चलेगी। सभी विषयों को दो ग्रुप ए और बी में बांटा गया है। उसके बाद पार्ट-1 बैकलॉग के परीक्षार्थियों के सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा 8 अक्टूबर से शुरू होगी। जो 21 अक्टूबर तक चलेगी। परीक्षा के लिए पांच केन्द्र बनाए गए हैं। मुंगेर जिला के अंतर्गत अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों का परीक्षा केन्द्र एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर बनाया गया है। जिसके केन्द्राधीक्षक प्रो. ललन कुमार बनाए गए हैं।

### कांवरिया देवघर लगातार हो रहे रवाना

**असरगंज**। सुल्तानगंज देवघर कच्ची कांवरिया मार्ग में श्रावणी मेला समाप्त होने के बाद भादो माह में भी कांवरिय़ों का चलना लगातार जारी है। इसी क्रम में भागलपुर जिला के नाथनगर प्रखंड अंतर्गत दिग्घी गांव एवं आसपास क्षेत्र के लगभग हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था नाचते-गाते रंग -बिरंगे कांवर के साथ बाबा धाम रवाना हुए। बाबा भोलेनाथ के गीत संगीत पर नाचते-गाते बाबाधाम जाते कांवरिया का जत्था कांवरिया मार्ग पर आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसे देखने को लेकर कांवरिया मार्ग में जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी रही।

### आभूषण की चोरी कर ज्वेलर्स को बेचा, पीड़ित ने खुद की छानबीन, आरोपियों को पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल

**भागलपुर**। बरारी इलाके में स्थित एक घर से दिनदहाड़े आभूषण व कैश चोरी कर ली गई। आरोपी ने चोरी के बाद आभूषण दुकान में बेच दिया। घटना के बाद पीड़ित ने खुद ही आरोपी चोर का पता लगा लिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में तीन आरोपी समेत एक नाबालिग को पकड़ा गया। मकान मालिक बरारी निवासी शशांक कुमार राय के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। नामजद आरोपियों में फेरी रोड निवासी गौरव कुमार, ठाकुर टोला निवासी मनीष कुमार व न्यू विक्रमशिला कॉलोनी निवासी नीतीश कुमार शामिल है। बुधवार को तीनों आरोपी को कोर्ट में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। आरोपियों के पास से चोरी का आभूषण बरामद हुआ है। बता दें कि हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। घरों से मोबाइल व कीमती वस्तुओं की चोरी के मामले भी बढ़ रहे हैं। जिसपर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ित शशांक राय ने बताया कि बीते मंगलवार की दोपहर मेरे घर में चोरी हुई थी। घटना के समय घर में सिर्फ मेरी बहन थी। वह दोपहर में छत पर टहलने गई थी। तभी घर के पास रहने वाला आरोपी गौरव पीछे के दरवाजे से घुसा और घर से सोने का मंगलसूत्र, चांदी का पायल और कैश की चोरी कर ली। छानबीन के बाद गौरव से पूछताछ की तो उसने पूरा मामला बताया। गौरव के अनुसार उसने मनीष के साथ मिल कर सुरखीकल स्थित ज्वैलरी शॉप में चोरी का आभूषण बेचा था। उस दुकान पर जाकर पूछा तो दुकानदार नीतीश कुमार ने पहले आनाकानी की। मगर दबाव देने पर उसने ज्वैलरी खरीदने की बात स्वीकार कर ली। तभी हम लोगों ने बरारी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।



# बिजली कटने से ऑक्सीजन सप्लाई बंद, नवजात की मौत

निज संवाददाता। भागलपुर

## भागलपुर में परिजन बोले- जनरेटर में तेल नहीं था, नर्स मोबाइल देखने में बिजी थी

भागलपुर के नवगछिया स्थित रंगरा सामुदायिक अस्पताल में जन्म लेने के डेढ़ घंटे बाद ही एक नवजात की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बच्चा ऑक्सीजन पर था। बिजली कटने के बाद ऑक्सीजन की सप्लाई बंद गई, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार का कहना है कि बिजली कटने के बाद अस्पताल के कर्मी 30 मिनट बाद जनरेटर से बिजली की सप्लाई दे पाए। बच्चे के मौसा मो. निसार आलम ने बताया कि 'पहले तो जनरेटर चलाने वाला स्टाफ अपनी जगह पर नहीं था, उसे ढूंढा फिर पता चला कि जनरेटर में तेल नहीं है। ऑपरेटर तेल लाने गया, इसमें 20-25 मिनट लगे। फिर आराम से उसे स्टार्ट किया। इतने में 30 मिनट लग गए और हमारे बच्चे ने दम तोड़ दिया।' घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। अस्पताल में हंगामे की सूचना पर रंगरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

**नर्स ने दी थी जानकारी, बच्चा ठीक है**: मधेपुरा जिले के मोहम्मद सऊद आलम अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर रंगरा सामुदायिक अस्पताल पहुंचे थे। बताया कि 'दोपहर 2:40 बजे बच्चे ने जन्म लिया था। बच्चा स्वस्थ था। इसकी जानकारी हमें नर्स ने दी थी। कहा था कि बच्चे को हमने अभी ऑक्सीजन लगाया है। बच्चा ठीक-ठाक है। इसी बीच अचानक बिजली कट गई।'

**मोबाइल देख रहे थे अस्पताल कर्मी**: मृत बच्चे के मौसा मो. निसार आलम ने कहा कि सुबह से पेशेंट दर्द में तड़प रही थी। यहां कि जीएनएम-एएनएम को मरीज से कोई मतलब ही नहीं है। सब बस मोबाइल पर व्यस्त थी। कोई जवाब देने वाला नहीं था। कुछ पूछने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता है।


**जल्दी जनरेटर स्टार्ट करने को कहा तो रेफर की धमकी देने लगे- मामा**: मृत नवजात के मामा मो. शहजाद आलम ने कहा कि बच्चा जन्म के बाद ठीक था। फिर पता चला उसे ऑक्सीजन लगी है। अस्पताल वाले जनरेटर नहीं चला रहा। हम आए तो देखा एक आदमी तेल का डिब्बा लेकर खड़ा है। तेल नहीं था।




**अस्पताल प्रशासन पर FIR की मांग**: नवजात की मौत के बाद परिजनों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। अस्पताल में सैकड़ों स्थानीय लोग पहुंच गए, काफी हंगामा हुआ। सूचना पर रंगरा थाना की पुलिस पहुंची। किसी तरह से मामले को शांत कराया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और जनरेटर सुविधा देखने वाले पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ताकि आगे ऐसी घटना नहीं हो। सामुदायिक अस्पताल रंगरा के अस्पताल प्रभारी डॉक्टर रंजन ने जनरेटर में तेल नहीं होने के सवाल पर जानकारी नहीं होने की बात कही, लेकिन समस्या गिनाने से नहीं चूके। उन्होंने कहा कि हमारे पास शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है।

# बंद घर से 1 लाख की संपत्ति ले गए चोर

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में चोरों ने लाखों रुपए के सामान की चोरी की है। चोरों ने वारदात को अंजाम उस वक्त दिया जब घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। मकान मालिक सुजीत अपने मौसी का हाल-चाल जानने के लिए बांका के अमरपुर गए हुए थे। इधर, चोरों ने घर में घुसकर लैपटॉप सहित अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। पीड़ित को इस बात की जानकारी तब मिली जब घर लौटा। दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और कमरे में सामान बिखरा हुआ देख पीड़ित सदमे में पड़ गए। उन्होंने डायल-112 को जानकारी दी। टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का वीडियो बनाया। मामला राजगंगापुर गांव का है।

**पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी**: पीड़ित सुजीत कुमार ने कहा कि सुल्तानगंज थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत की है। इधर, पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पीड़ित सुजीत ने बताया कि 9 सितंबर को बीमार मौसी का हाल-चाल जानने के लिए अमरपुर गए थे। जब लौटे तो देख की 5 हजार कैश, लैपटॉप, मिक्सी, बल्ब, फोन, चार्जर सहित एक लाख रुपए के सामान की चोरी हो गई है। पीड़ित ने सुलतानगंज पुलिस से लिखित शिकायत की है।

# दो देसी कट्टा और गोली के साथ 2 बदमाश गिरफ्तार, घर पर छापेमारी कर पुलिस ने उठाया

निज संवाददाता। मुंगेर

## बोले-बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे

मुंगेर के असरगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के चौर गांव स्थित दो अलग-अलग घरों से तीन कट्टा और दो कारतूस बरामद कियाहै। मौके से दो युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष मो हसीब के लिखित आवेदन पर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया। मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि चौर गांव में एक युवक अवैध हथियार के साथ कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहा था। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसआई राजेश पासवान एवं एसआई राहुल कुमार ने सदलबल चौर गांव पहुंचकर वासुदेव बिंद के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उसके घर से दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मौके पर वासुदेव बिंद के बेटे विशाल कुमार(19) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में विशाल कुमार की निशानदेही पर किशोरी बिंद के घर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया और मौके पर मौजूद उसके बेटे अभिषेक कुमार(15) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक का मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद हथियार एवं गिरफ्तार युवक के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है। हालांकि गिरफ्तार युवक का पहले से किसी तरह का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा संख्या – 01/2024-25 दिनांक – 10.09.2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 18.09.2024 को कार्यालय दिवस में।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.09.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | | | |
| 1 | धुरकी | ग्राम मकरी में ट्रांसफार्मर से नागवंत यादव के घर होते हुए पीपल पेंड़ तक पीसीसी पथ का निर्माण (लम्बाई 0.425 कि0मी0) | 37.606 | सैंतीस लाख साठ हजार छः सौ रूपये। | 5000 | 76000 | तीन माह |

नोटः– निविदा हेतु शर्त्तें/विस्तृत विवरणी कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR 335506 Rural Development(24-25)D

## कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा।

### आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के आलोक में पूर्व में नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका चार वर्षो का सेवा अवधि (बॉण्ड) समाप्त होने जा रहा है, उनकी पुनःनामांकन (बॉण्ड) की प्रकिया दिनांक–18.09.2024 एवं 19.09.2024 को उपायुक्त, गढ़वा द्वारा सुनिश्चित की गई है। यह कार्य कार्यालय अवधि 11:00 बजे पूर्वाह्न से **जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा** में किया जाना हैं। पुनः नामांकन कार्य प्रखण्डवार की जायेगी, तिथि निम्न प्रकार हैः–

| प्रखण्ड का नाम– | तिथि | प्रखण्ड का नाम– | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. शहरी – | 18.09.2024 | 12. बरड़ीहा– | 19.09.2024 |
| 2. गढ़वा– | 18.09.2024 | 13. रंका– | 19.09.2024 |
| 3. मेराल– | 18.09.2024 | 14. भंडरिया– | 19.09.2024 |
| 4. रमुना– | 18.09.2024 | 15. रमकंडा– | 19.09.2024 |
| 5. नगर– | 18.09.2024 | 16. चिनिया– | 19.09.2024 |
| 6. सगमा– | 18.09.2024 | 17. बड़गड– | 19.09.2024 |
| 7. धुरकी– | 18.09.2024 | 18. केतार– | 19.09.2024 |
| 8. भवनाथपुर– | 18.09.2024 | 19. विशुनपुरा– | 19.09.2024 |
| 9. खरौंधी– | 18.09.2024 | 20. डण्डई– | 19.09.2024 |
| 10. मझिऑव– | 18.09.2024 | 21. डण्डा– | 19.09.2024 |
| 11. कांडी– | 18.09.2024 | | |

पुनः नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने वाले गृह रक्षक पुरी वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज लायेंगे।
1. गृह रक्षक प्रमाण पत्र
2. आधार कार्ड/मतदाता प्रमाण पत्र
3. दो नवीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)

ह०/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

PR 335540 (Police Wireless Headquarter) 24-25 (D)

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**(GeM Portal से व्हीलचेयर क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा का शुद्धि–पत्र)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से पलामू जिला के दिव्यांगों के लिए विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर व्हीलचेयर मुहैया कराने हेतु व्हीलचेयर का क्रय GeM Portal के माध्यम से कराने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 1432, जि0स0क0, दिनांक 29.08.2024 PR No. 334113 द्वारा निविदा दिनांक 07.09.2024 तक आमंत्रित की गयी थी, जिसमें निविदा निस्तारण समिति के बैठक हेतु तिथि दिनांक 13.09.2024 को निर्धारित था।

उक्त तिथि को संशोधित करते हुए निविदा दिनांक 16.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक GeM Portal के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की शेष शर्तें www.palamu.nic.in पर तथा GeM Portal Bid Section पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 335470 Palamu (24-25)_D

## Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Garhwa
(District Employment cum District Skill Office, Garhwa)
Email: employmentexchangegarhwa@gmail.com,
website: https://www.garhwa.nic.in

**Reference No:-Dist Skill /78Date:-11/09/2024**
**Very Short Notice-InvitingRequest of Proposals(RFP) forconductingtraining of PWD Candidates**

| S. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Nature of the work | Conducting Skill based Training to the 210 PwD candidates on mentioned traits namely: SMO, Assistant electrician, DTP (Basic IT Skills)and Mobile &Computer hardware repairing |
| 2 | Date of Publication of Bid on website | Date - 11/09/2024 |
| 3 | Earnest Money to be deposited (EMD) | 1. ₹ 1, 50,000.00 , One Lakh Fifty Thousandonly, (In form of DD/Bank Guarantee) in the favor of *"DISTRICT EMPLOYMENT CUM DISTRICT SKILL OFFICER, GARHWA"*. 2. EMD of all unsuccessful bidders will be refunded by the District Employment Office within 30 days. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR RFP SUBMISSION | 25/09/2024, 05:00 PM |
| 5 | RFP SUBMISSION PLACE | District Employment cum District Skill Office, Garhwa. |
| 6 | DATE AND TIME FOR RFP OPENING | 26/09/2024, 02:00 PM |
| 7 | BID OPENING PLACE | Seminar Hall, New Collectorate , Garhwa. |
| 8 | NAME AND ADDRESS of OFFICE FOR INVITING RFP | District Employment cum District Skill Office, Garhwa. |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:-employmentexchangegarhwa@gmail.com Helpline No:- 8877090673 |

**NOTE:- For further information please visit website:**
1) https://www.garhwa.nic.in

Deputy Commissioner,
Garhwa.

PR 335526 Labour Employment and Traning(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### अब 20 किलोमीटर तक तक की यात्रा में कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा



**पटना, एजेंसी।** वाहन मालिकों के लिए अच्छी खबर है अब उन्हें 20 किलोमीटर तक की यात्रा में कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा। मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने की है। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संशोधन नियम, 2024 के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर पहले 20 किलोमीटर की यात्रा के लिए शून्य-शुल्क नीति लागू की गई है। वही 20 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने पर टोल टैक्स देना होगा। कम दूरी का सफर करने वालों का आर्थिक बोझ कम करने के लिए यह नीति लागू की गयी है। सबसे अहम बात यह है कि यह केवल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम ऑन-बोर्ड यूनिट से लैस वाहनों के लिए लागू होगा। ऐसे में राष्ट्रीय परमिट वाले वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग पर पहले 20 किलोमीटर की यात्रा के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### थाने में पुलिसवाले को धक्का देकर भाग गया और देखती रह गई पुलिस



**भोजपुर, एजेंसी।** बिहार के आरा में पत्नी और बच्चों की बेरहमी से कत्ल करने वाला शख्स चंद ही घंटों में पुलिस के कब्जे से फरार हो गया। बड़ी हैरानी की बात है कि ट्रिपल मर्डर का एक आरोपी कई पुलिसवालों की मौजूदगी में थाने से ही फरार हुआ और पुलिस हाथ मलती रह गई। इस मामले में महकमे की काफी किरकिरी होने के बाद अब वरिष्ठ अधिकारी दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। दरअसल भोजपुर के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की टोला गांव में मंगलवार की शाम एक सनकी युवक ने अपनी पत्नी और दूधमुंहे सहित दो बच्चों को खंती से गला काट कर मार डाला था। पत्नी का सिर धड़ से अलग था और पैर पर भी जगह-जगह काटे जाने के जख्म मिले थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी लालू यादव को गिरफ्तार किया था। लेकिन बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे लालू यादव थाने से फरार हो गया। वो पुलिसवालों को धक्का देकर थाने से फरार हुआ और पुलिस देखती ही रह गई। इस मामले में अब जिले के पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कार्रवाई की बात की है। एसपी ने कहा, 'कल अजीमाबाद थाना में पत्नी और बच्चों की हत्या के मामले में मानसिक रूप से विक्षिप्त गिरफ्तार अभियुक्त थाना हजत में बंद था। उसके बाद एक चौकीदार और PSI के द्वारा हजरत रजिस्टर पर कुछ हस्ताक्षर के लिए निकालने के क्रम में वो लोगों को धक्का देकर हत्या फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम प्रयासरत है और इसके साथ लापरवाही करने वाले चौकीदार और पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ प्रतिवेदन लेकर कार्रवाई की जा रही है।'

### तालाब में डूबने से बच्ची की मौत :दोस्तों के साथ खेलने गई थी, पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबी

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के पताही थाना क्षेत्र के नन्हाकर गांव में स्थित हरनाथ बाबा मंदिर के पास तालाब में में नहाने गई एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान नहंकार वार्ड-7 निवासी रंजन मांझी की बंटी तेतरी कुमारी( 7 ) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वह अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। अंधेरा होने के कारण उसका पेड़ फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसके साथ गए अन्य बच्चों ने जब शोरगुल मचाया तो उसके परिजन और ग्रामीण उक्त तालाब के पास पहुंचे। जिसके बाद गोताखोरों की मदद से उसे निकाला गया, फिर स्थानीय सीएससी अस्पताल में लाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची अपर थानाध्यक्ष संजय चौधरी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया।

# 52 साल पुरानी पार्टी मासस का भाकपा माले में विलय

## झारखंड के 5 और बिहार के 3 जिलों में पड़ेगा असर, इंडिया एलांयस की बढ़ेगी ताकत



**पटना, एजेंसी।** 52 साल पुरानी पार्टी मार्क्सवादी समन्वय समिति ( मासस ) का विलय भाकपा माले में हो गया। इसके लिए झारखंड के धनबाद में 9 सितंबर को बड़ी रैली आयोजित की गई थी। झारखंड में विधानसभा का चुनाव इसी साल होना है, जबकि बिहार में 2025 में है। मासस के विलय के बाद माना जा रहा है कि बिहार-झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव पर इसका असर पड़ेगा। खासकर, झारखंड के धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़ जिले में इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता हैं। फिलहाल बगोदर से माले के विनोद सिंह विधायक हैं। वहीं, बिहार में माले के 12 विधायक हैं। बिहार माले के वरिष्ठ नेता केडी यादव ने बताया कि इस विलय का असर झारखंड की राजनीति पर तो पड़ेगा। इसके साथ ही बिहार के नवादा, नालंदा, गया में भी प्रभाव देखने को मिलेगा।

### माले के सीनियर नेता केडी यादव ने कहा- वामपंथ की एकता बढ़ेगी

माले के सीनियर नेता केडी यादव ने कहा कि इस ऐतिहासिक घटना का बड़ा असर होगा और वामपंथ की एकता बढ़ेगी। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि काफी विरोधाभास के बाद 52 साल पहले मासस बना था। एके राय ट्रेड यूनियन के बड़े नेता थे। 29 अप्रैल 1972 में जब उन्होंने मार्क्सवादी कॉर्डिनेशन कमेटी बनाई थी, तब कहा था कि इसे पार्टी के रूप में नहीं रखना है। हालांकि, राजनीतिक पार्टी के तौर पर मासस काम करने लगी थी।

### तीन बार सांसद रहे मासस के फाउंडर एके राय

मासस से एके राय तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बनें। नक्सलबाड़ी आंदोलन के बाद चारु मजूमदार के नेतृत्व में भाकपा माले तेजी से आगे बढ़ रही थी। दूसरी तरफ एके राय के नेतृत्व में कोयला मजदूर आंदोलन कर रहे थे। इन आंदोलनों में ही गुरुदास चटर्जी और महेंद्र सिंह जैसे कई नेता शहीद हुए थे। एके राय ने धनबाद के इलाकों में 70 के दशक में आदिवासियों, मजदूरों के सवाल पर कई आंदोलन किए। हालांकि, बाद के दिनों में मार्क्सवादी समन्वय समिति और माले के नेता कई मुद्दों पर एक साथ काम किया। लेकिन, अधिकृत रूप से माले में मासस का विलय अब हुआ है। एके राय का निधन पांच वर्ष पहले हो चुका है। विलय के समय अरुप चटर्जी मासस के कार्यकारी अध्यक्ष थे।

### धनबाद में बढ़ रही माले की ताकत

केडी यादव कहते हैं कि एक समय था, जब धनबाद में मासस की तूती बोलती थी। निरसा विधानसभा सीट से मासस के अरूप चटर्जी कई बार विधायक रह चुके हैं। अभी यहां बीजेपी की अपर्णा सेन गुप्ता विधायक हैं। पिछले चुनाव में जेएमएम ने भी यहां से प्रत्याशी दिया था। सिंदरी विधानसभा सीट पर मासस के पूर्व विधायक आनंद महतो चुनाव लड़ते रहे हैं। इस बार उनके बेटे बबलू महतो को उतारा जा सकता है।

गिरिडीह के राजधनवार सीट से माले के राजकुमार यादव चुनाव लड़ते आए हैं। अभी यहां से बीजेपी के बाबूलाल मरांडी विधायक हैं। अब उम्मीद है कि इन सीटों पर माले कड़ा मुकाबला देगी।

### झारखंड में माले एक दर्जन सीटों पर लड़ सकती है विधानसभा चुनाव

जानकारी है कि झारखंड में मासस के माले में विलय के बाद विधानसभा क्षेत्रों की सूची तैयार की गई है, जहां पार्टी चुनाव लड़ेगी। इंडिया गठबंधन को झारखंड में मजबूत करने की रणनीति जोर पर है। संभावना है कि माले एक दर्जन सीटों पर झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ सकती है। 24 और 25 सितंबर को माले की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। उसमें भी कई बड़े फैसले लिए जाएंगे।

### मासस के इन नेताओं को माले में दी गई बड़ी जगह

विलय के बाद मासस के दो बड़े नेता आनंद महतो और हरधर महतो को माले पोलित ब्यूरो में जगह दी गई है। इसके अलावा 5 बड़े नेता अरुप चटर्जी, आईडी मांझी, निताई महतो, आनंद महतो और हलधर महतो को सेंट्रल कमेटी में जगह मिली है।

### कांग्रेस से बेहतर परफॉर्मेंस माले का

बात अगर बिहार की करें तो लेफ्ट पार्टियों में माले तेजी से बढ़ रही है। कांग्रेस से भी बेहतर परफॉर्मेंस माले का दिख रहा है। लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़ी और दो पर जीत हासिल हुई। वहीं, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ी थी। सिर्फ तीन सीटें ही जीत पाई। 2020 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इसमें सिर्फ 19 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। विधानसभा चुनाव के समय आरजेडी के कई नेताओं ने ये बातें कही थी कि कांग्रेस से अधिक सीटें लड़ने के लिए माले को दी गई होती तो तेजस्वी यादव की सरकार बन जाती। अब माले का परफॉर्मेंस लोकसभा चुनाव में भी बढ़ा है। बिहार में माले 19 विधानसभा सीटों से काफी आगे जाकर 50 सीटों की मांग कर सकती है।

### बिहार-झारखंड में सीटें बढ़ेंगी- धीरेन्द्र झा, माले पोलित ब्यूरो सदस्य

माले पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा कहते हैं कि इस विलय से बिहार-झारखंड के वामपंथी आंदोलन को नई ऊर्जा मिलेगी। खास तौर से उत्तरी छोटानागपुर में सम्मिलित ताकत बड़ी ताकत के रूप में उभरेगी।

## कृषि समन्वयक को ग्रामीणों ने बनाया बंधक



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर में एक कृषि समन्वयक को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। मामला समस्तीपुर जिले के रोसरा अनुमंडल के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के मऊ उत्तर पंचायत में हुआ है। दरअसल किसानों का डीजल अनुदान का आवेदन रद्द हो गया है इसलिए आक्रोशित ग्रामीण लोगों ने कृषि समन्वयक विजय शंकर कुमार को बंधक बना लिया। कृषि समन्वयक को ग्रामीणों ने बांस के बिट में गमछे से बांध कर रखा था।

**कृषि समन्वयक बने बंदी :** आक्रोशित किसान वरीय अधिकारी को स्थिति सुलझाने के लिए बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की। किसानों ने बताया कि कृषि समन्वयक ने उन्हें जीरो टैग दिया है। उन्होंने कहा कि रद्दीकरण का कारण भी नहीं दिया गया है, इसलिए वे विरोध कर रहे हैं।

**कृषि समन्वयक पर पैसे मांगने का आरोप :** इस पूरे मामले को लेकर जब कृषि पदाधिकारी और अनुमंडल कृषि पधाधिकारी के द्वारा किसानों से फोन पर बात की गई। पदाधिकारियों ने आक्रोशित किसानों को भरोसा दिलवाया कि उनके सभी रिजेक्ट आवेदनों कि जांच होगी। उसके बाद उन्हें डीजल दिया जाएगा। जिसके बाद बंधक बनाए गए कृषि समन्वयक विजय शंकर को किसानों ने मुक्त कर दिया। किसानों ने अधिकारियों से बातचीत में यह भी बताया कि कृषि समन्वयक ने उनसे पैसों कि भी डिमांड की थी।

**नहीं दिया कमीशन तो आवेदन रद्द :** किसानों ने कृषि समन्वयक पर आरोप लगाया है कि पैसे नहीं देने के कारण उनके आवेदन को रिजेक्ट कर दिया। हालांकि इस बारे में वरीय अधिकारियों ने कुछ भी बताने से परहेज किया है। अभी किसान इस मामले में शांत है लेकिन अधिकारियों के द्वारा दिया गया आश्वासन अगर पूरा नहीं हुआ तो आगे प्रदर्शन किया जाएगा।

### पटना के गांधी मैदान थाने में ही चली गोली : पिस्टल के बैरल में फंसी थी गोली, निकालने के प्रयास में हुई फायरिंग, कोई घायल नहीं

**पटना, एजेंसी।** पटना के गांधी मैदान थाने में बुधवार की देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग के समय पिस्टल का बैरल नीचे था, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। इसमें कोई घायल नहीं हुआ। दरअसल पटना के गांधी मैदान थाना परिसर में दारोगा ने अपने सर्विस रिवॉल्वर को सही तरीके से कॉक नहीं किया। इसके चलते पिस्टल के बैरल से कारतूस अटक गई। दारोगा ने फिर से पिस्टल को कॉक कर गोली निकालना चाहा, इसी दौरान गोली चल गई।

**पिस्टल गलती से कॉक हो गया : थानाध्यक्ष :** गांधी मैदान थाना थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि इसी थाने में पदस्थापित दारोगा को सूचना मिली थी कि गांधी मैदान में कोई संदिग्ध देखा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दारोगा अपने पिस्टल को साथ लेकर निकलने ही वाला था की पिस्टल गलती से कॉक हो गया। इसके चलते गोली फंस गई और बाद में गोली चल गई।



## 25 नदियों के बीच बसे गांव में पढ़ाती महिला सिपाही

### बगहा के नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षा से जोड़ गांव की बेटियों को बना रहीं आत्मनिर्भर

**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** बगहा से 45 किलोमीटर दूर, जंगलों के बीच बसा गोबरहिया थाना क्षेत्र जहां पहुंचना आसान नहीं है। यहां करीब 25 नदियों को पार कर आना पड़ता है। दो पंचायतों के 26 गांवों में मुख्य रूप से थारू और उरांव जनजाति के आदिवासी लोग रहते हैं। यह जगह कभी नक्सलियों के लिए कुख्यात इस क्षेत्र था। जहां बिहार पुलिस की महिला सिपाहियों की अनूठी पहल से अब शिक्षा और आत्मरक्षा की नई अलख जग रही है। महिला सिपाहियों की अनूठी पहल से नक्सल प्रभावित इस इलाके में सुरक्षा के साथ-साथ शिक्षा का संदेश फैलाने की ठानी है। पुलिस मुख्यालय से दूर और अपराधिक दृष्टिकोण से संवेदनशील माने जाने वाले गोबरहिया थाना की ये महिला सिपाही अब सिर्फ थाने तक सीमित नहीं हैं। इन्होंने गांव-गांव जाकर लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने और शिक्षा के महत्व को समझाने की अनूठी पहल शुरू की है।

### यहां हुआ था नरकटिया दोन नरसंहार

यह वही क्षेत्र है जहां कभी नरकटिया दोन नरसंहार जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। नक्सल प्रभावित इस इलाके में पुलिस मुख्यालय से दूर स्थित गोबरहिया थाना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां की महिला सिपाही अब थाने की चारदीवारी से बाहर निकलकर गांवों में किशोरियों को आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुर सिखा रही हैं। यह पहल लड़कियों के आत्मविश्वास को बढ़ा रही है और उन्हें किसी भी संकट से निपटने के लिए तैयार कर रही है।

### किशोरिया ले रही है बढ़ चढ़कर हिस्सा

इस पहल को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। गांव की किशोरिया बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। बगहा के जंगलों और नदियों के बीच बसे इन दूरस्थ गांवों में शिक्षा और आत्मरक्षा का यह संदेश एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया है। बिहार पुलिस की इन महिला सिपाहियों के प्रयास से अब यहां की बेटियां निडर होकर आगे बढ़ने का सपना देख रही हैं। गोबरहिया थाना की महिला सिपाही, जो कभी महिला हेल्पलाइन के तौर पर काम करती थीं, अब बेटियों को सशक्त बनाने के मिशन पर हैं।

## हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे, तेजस्वी यादव का बड़ा ऐलान



**पटना, एजेंसी।** इन दिनों चुनाव से पहले देश के अलग-अलग राज्यों में मुफ्त बिजली देने की खूब घोषणाएं होती रहती है. अब बिहार में मुफ्त बिजली देने की चर्चा ज़ोर पकड़ने लगी है. दरअसल बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने फ्री बिजली को लेकर बड़ा ऐलान किया है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर बिहार में हमारी सरकार बनती है तो हमलोग 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे. तेजस्वी यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है. बिहार की जनता महंगी बिजली बिल और स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त हैं. हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी. बता दें, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव के प्रचार का आगाज आभार यात्रा के साथ किया है. तेजस्वी यादव ने मंगलवार को आभार यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर से कर दी है. दरअसल पिछले कुछ सालों में खासकर लोकसभा चुनाव के दौरान तिरहुत और मिथलांचल में आरजेडी की पकड़ ढीली हुई है. ऐसे में तेजस्वी यादव ने मिथिलंचल में आरजेडी की पकड़ मजबूत करने के लिए आभार यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर से की है. तेजस्वी यादव अपनी इस यात्रा के दौरान अपने पिता लालू यादव के अंदाज में लोगों से जगह-जगह रुककर मिलने वाले हैं. तेजस्वी यादव इससे पहले भी कई यात्रा कर चुके हैं. लेकिन, आभार यात्रा तेजस्वी के लिए काफी खास मानी जा रही है. दरअसल तेजस्वी यादव इस बार की यात्रा में कोई सभा नहीं करने जा रहे हैं. वह लालू यादव के पुराने अंदाज में लोगों चौक-चौराहों और गांव की गलियों में मिलेंगे. इस यात्रा के दौरान तेजस्वी ना तो कोई सभा करेंगे ना ही मंच सजाएंगे और न ही कोई नेताओं की फौज साथ में रखेंगे. तेजस्वी यादव जहां पर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे. वहीं लालू यादव के अंदाज में लोगों के साथ चौपाल लगाकर बात करते हुए दिखाई पड़ेंगे. तेजस्वी लोगों के घर जा सकते हैं. वहीं देर रात कार्यकर्ताओं के साथ खाने पर बातचीत भी करेंगे.

### बिहार की यात्रा पर है तेजस्वी यादव

इन दिनों बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बिहार के जगह जगह पर कार्यकर्ता संवाद कर रहे है। पहले चरण में समस्तीपुर के बाद दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ता संवाद का आयोजन किया जाएगा। 17 सितंबर तक 40 विधानसभाओं का दौरा करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा  कि संवाद कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं की बात सुनी जाएगी।

## पूर्णिया के घूसखोर अंचलकर्मी सस्पेंड



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के कसबा अंचल के घूसखोर कर्मी को डीएम कुंदन कुमार ने सस्पेंड कर दिया है। कार्यालय में घूस लेते वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें परिचारी मो. जमालउद्दीन घूस लेते दिखाए दे रहे। जांच के लिए कमेटी का गठन हुआ था। जिसमें वीडियो सही पाया गया। कार्यालय में वीडियो 10 सितंबर को किसी ने अपने मोबाइल से बनाया था। अंचल अधिकारी की जांच में भी पुष्टि हुई कि मो. जमालउद्दीन ने अंचल कार्यालय में बैठकर किसी शख्स से घूस लिया है। खतियान निकलवाने और अन्य सरकारी कागजातों का नकल देने के लिए रुपए की डिमांड की गई थी।

### अन्य कर्मियों को सख्त हिदायत

डीएम ने सख्त हिदायत दी है कि भूमि सर्वेक्षण और राजस्व से संबंधित या अन्य किसी काम के एवज में किसी प्रकार की लापरवाही, कोताही और असंवैधानिक रूप से वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार में 16 लाख 37 हजार राशन कार्ड कैंसिल

### म्रतकों के नाम पर ले रहे थे 5-5 किलो अनाज

**पटना, एजेंसी।** बिहार में 16 लाख 37 हजार राशन कार्ड कैंसिल किया गया है। यह कार्ड मृतक व्यक्ति के नाम पर था, जिसपर प्रत्येक महीने 5 किलो अनाज लिया जा रहा था। ई केवायसी से खुलासा होने के बाद खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग ने अवैध राशन कार्ड को कैंसिल किया है। इतना ही नहीं, 2 लाख 77 हजार ऐसे लोग सामने आए हैं जो बिहार से बाहर रह रहे हैं। ये लोग दोनों राज्यों में सरकारी अनाज ले रहे हैं।

**ई केवायसी से सामने आया मामला :** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग के सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो मर चुके हैं, उनके नाम को राशन कार्ड से हटाया गया है। ई केवायसी कराने से यह डाटा सामने आया है। उन्होंने बताया कि



8 करोड़ 35 लाख राशन कार्ड में से 8 करोड़ 4 लाख यानी 95प्रतिशत कार्डधारी का आधार सीडिंग हो चुके हैं। 5 करोड़ 10 लाख लोगों का ई केवायसी किया गया है, जबकि 3 करोड़ 24 लाख प्रोसेस में है। ई केवायसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद और कार्ड भी कैंसिल किया जाएगा।

### 2 लाख से अधिक लोग ले रहे थे दो राज्यों में राशन

खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया 2 लाख 77 हजार ऐसे परिवार हैं, जो दूसरे राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं। वन नेशन वन राशन योजना के तहत एक जगह से ही अनाज ले सकते हैं, लेकिन दूसरे राज्यों में भी अनाज उठा रहे हैं। राजधानी दिल्ली में इनकी संख्या सबसे ज्यादा एक लाख 95 हजार हैं। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल समेत अन्य राज्यों में भी बिहार के परिवार अनाज उठा रहे हैं। बिहार में दूसरे राज्यों के सिर्फ 6 हजार ऐसे परिवार हैं, जो पीडीएस से अनाज ले रहे हैं।

### 90 प्रतिशत परिवार की मुखिया महिला

विभाग की ओर से जो आंकड़े सामने आए हैं, उसके मुताबिक, राज्य में 90 प्रतिशत परिवार की मुखिया घर की महिलाएं हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1 करोड़ 97 लाख परिवारों का राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया है। 22 लाख 88 हजार अंत्योदय अन्न योजना के कार्ड हैं, जबकि एक करोड़ 74 लाख राशन कार्ड पीएचएच श्रेणी के हैं। इन राशन कार्ड में 90प्रतिशत कार्डधारी परिवार में मुखिया के तौर महिलाओं का नाम दर्ज है। विभाग के अनुसार, राज्य में 65.61 लाख से अधिक राशन कार्डधारी हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति का मामला: एसीबी ने हाईकोर्ट में कहा- पूर्व मंत्री लुईस मरांडी का पैन नंबर गलत निकला

**रांची, एजेंसी।** रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच में नया खुलासा हुआ है। एसीबी ने बुधवार को हाईकोर्ट को दिए शपथ पत्र में बताया कि पूर्व मंत्री डॉ. लुईस मरांडी द्वारा दिया गया पैन नंबर सत्यापन में गलत निकला। एसीबी ने बताया कि पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ अलग-अलग पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। सरकार से अनुमति मिलने के बाद जांच की जा रही है। इससे पहले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने एसीबी को यह बताने को कहा था कि उसकी जांच कहां तक पहुंची है। जांच में क्या-क्या मिला है। पंकज कुमार यादव ने हाईकोर्ट में इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। आरोप था कि इन मंत्रियों की 2014 के मुकाबले 2019 में 200 से 1100 फीसदी संपत्ति बढ़ गई। यह केवल वेतन से नहीं हो सकता। उन्होंने मामले की सीबीआइ जांच कराने का आग्रह किया था। इसी बीच सरकार ने वर्ष 2022 में इस मामले की एसीबी जांच का आदेश दिया। फिर पीई दर्ज कर इन्हें नोटिस भेजा गया था। साथ ही संपत्ति की जांच के लिए रांची निबंधन कार्यालय से भी जानकारी मांगी गई थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

### बंग्लादेशी घुसपैठिये के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई आज, केंद्र सरकार से अदालत ने मांगा है जवाब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट में बंग्लादेशी घुसपैठिये के मुद्दे पर गुरुवार को एक बार फिर सुनवाई होगी. अदालत ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है. एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में इस पर सुनवाई होनी है. गौरतलब है कि दानियल दानिश ने जनहित याचिका दायर कर बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश को रोकने की मांग की थी. दायर याचिका में कहा गया था कि साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा जिले में बड़े पैमाने पर बंग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है. इससे पहले 5 सितंबर को अदालत ने संताल परगना के कई इलाकों में हो रहे अवैध प्रवासियों के घुसने पर जनसंख्या में हो रहे बदलाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई की. सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता इस सुनवाई के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़े थे. उन्होंने कहा था कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की अलार्मिंग स्थिति है. यह काफी गंभीर मामला है. घुसपैठिये झारखंड के जरिये देश के अन्य राज्यों में प्रवेश कर वहां की आबादी को भी प्रभावित करेंगे. इससे पहले तुषार मेहता ने बताया था कि केंद्र सरकार इस मामले में है. इस संवेदनशील विषय पर केंद्र सरकार अपने सभी स्टेक होल्डर जैसे बीएसएफ, आइबी आदि से विचार-विमर्श कर एक कॉम्प्रिहेंसिव जवाब दायर करेगी. झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को आवेदन दायर करने का निर्देश दिया था. बता दें कि राज्य सरकार की तरफ से उनका पक्ष महाधिवक्ता राजीव रंजन रख रहे हैं.

### करीबी ने लगाया 26 लाख का चूना, पोर्ट कराने के बहाने लिया फोन और पैसे निकाल कर खेल गया जुआ

**रांची, एजेंसी।** साइबर अपराध थाने की पुलिस ने 26 लाख 13 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले के एक आरोपित प्रदीप कुमार महतो को गिरफ्तार कर लिया है। वह रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के हेसगार्हा पुंडी का रहने वाला है। वह छिपकर हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के कोलंबस कॉलेज के पीछे आनंदपुरी में रहता था और ठेकेदारी करता था। उसने शिकायतकर्ता का मोबाइल जियो से एयरटेल में पोर्ट कराने के लिए लिया था और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर राशि का हस्तांतरण कर लिया था। वह पैसा उसने जुआ में लगा दिया था। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल, एक सिमकार्ड, पांच एटीएम, तीन पासबुक, दो पैन कार्ड व एक आधार कार्ड बरामद किया है। शिकायतकर्ता रामगढ़ के व्यवसायी सोहराई महतो हैं। उन्होंने 10 जून 2024 को साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपित व्यवसायी का परिचित है। उक्त नंबर को एयरटेल में पोर्ट कराकर आरोपित ने अपने एक मजदूर के नाम पर करवा दिया। इसके बाद नंबर का इस्तेमाल कर व्यवसायी के खाते से इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सभी रुपये हस्तांतरित कर लिए।

# बीजेपी और कांग्रेस की स्क्रीनिंग शुरू, आपस में ही भिड़े कार्यकर्ता




**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सभा पार्टियों ने अपनी ताकतें झोंक दी है. भाजपा और कांग्रेस ने एक तरफ जहां स्क्रीनिंग शुरू कर दी है. तो वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने भी अपना फोकस कोल्हान की तरफ दे दिया है. बुधवार को बीजेपी ने जहां राज्य के 81 विधानसभा सीटों के लिए कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की. इस दौरान कई जगहों पर बीजेपी कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गये. वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस की बात करें तो पार्टी की स्क्रीनिंग कमेट झारखंड पहुंची चुकी है. वे रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में पार्टी नेताओं के साथ संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा करेगी.

आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा की ओर से बुधवार को 81 विधानसभा में रायशुमारी की गयी. धनबाद, हजारीबाग व विश्रामपुर विधानसभा में रायशुमारी के दौरान जम कर हंगामा की सूचना मिली है. अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये. पर्यवेक्षक के हस्तक्षेप के बाद रायशुमारी की प्रक्रिया पूरी की गयी. हालांकि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से रायशुमारी होने की सूचना है. धनबाद में एलबी सिंह व विधायक राज सिन्हा के समर्थकों ने बीच हंगामा हुआ. यहां पर कार्यकर्ताओं ने पैसा लेकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में राय देने का आरोप लगा रहे थे.

हजारीबाग में कार्यकर्ताओं की सूची में छेड़छाड़ को लेकर कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया. विश्रामपुर में एक संभावित प्रत्याशी की ओर से विजिटिंग कार्ड वितरित किये जाने को लेकर हंगामा हुआ. इधर रांची, हटिया, कांके, खिजरी विधानसभा में शांतिपूर्ण तरीके से रायशुमारी हुई. रांची में पर्यवेक्षक के रूप में गीता बलमुचु, जटाशंकर पांडेय ने प्रक्रिया पूरी करायी.

खरसावां में आरती सिंह व केके गुप्ता, सरायकेला में आदित्य साहू व नरेंद्र पांडेय, बहरागोड़ा में जवाहर पासवान व कृपाशंकर सिंह, हजारीबाग में गीता कोड़ा व सुमित पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे. प्रत्येक विधानसभा में लगभग 200-300 कार्यकर्ताओं ने रायशुमारी में हिस्सा लिया. साथ ही प्रत्याशी के तौर पर तीन-तीन की पर्ची जमा करायी. रायशुमारी के बाद सभी सीलबंद बॉक्स को प्रदेश भाजपा कार्यालय में जमा कराया गया है.

कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. हर सीट से दावेदारों की लंबी लिस्ट है. स्क्रीनिंग कमेटी झारखंड पहुंच गयी है. स्क्रीनिंग कमेटी के संयोजक गिरीश चोड़ानकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान पहुंच गये हैं. स्क्रीनिंग कमेटी रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में पार्टी नेताओं के साथ संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा करेगी. संभावित प्रत्याशी भी अपना पक्ष स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष रखेंगे.

रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद जिला के विधानसभा सीटों पर रायशुमारी होगी. इसमें दावेदारों की जमीनी ताकत का आकलन स्क्रीनिंग कमेटी करेगी. पार्टी के पदाधिकारियों से वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास होगा. जिलाध्यक्षों से मिली सूची का सबसे पहले स्क्रीनिंग कमेटी समीक्षा करेगी. पिछले चुनाव परिणाम का भी आकलन होगा.

# दिउड़ी मंदिर विवाद मामले में आदिवासी महाजुटान, 29 सितंबर को जनाक्रोश महारैली की घोषणा



**रांची, एजेंसी।** रांची के तमाड़ स्थित प्राचिन कालीन दिउड़ी मंदिर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पांच सितंबर को ग्रामीणों ने मंदिर पर ताला बंदी कर दी थी। मंदिर परिसर में बैठक कर ट्रस्ट के विरोध में भड़काऊ भाषण दिये गये थे। इसके बाद पुलिस ने 18 लोगों पर नामजद और 100 अज्ञात लोगों के पर मामला दर्ज कराया था। दो आरोपी राधाकृष्ण मुंडा और पूर्ण चंद्र मुंडा को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

आज बुधवार को पतरा मैदान में आदिवासी महाजुटान हुआ। इसमें सरना धर्म के गुरु बंधन तिग्गा, देवकुमार धान, प्रेम शाही मुंडा भी शामिल हुए। पांचवीं अनुसुची, सीएनटी और ग्रामसभा का हवाला देते हुए मंदिर के जमीन पर फिर से मालिकाना हक जताया गया। वहीं ट्रस्ट पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिना ग्रामसभा की अनुमति के ट्रस्ट का निर्माण कैसे हुआ। इस बैठक में धर्म गुरु बंधन तिग्गा, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा के अलावा लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, सुरेश सोय, एलेन उरांव, दिनकर कश्यप, कुंदर्शी मुंडा, सेलिना लकड़ा, पंचानंद सिंह मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा, सोबरन मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## कई सरकारी वेबसाइट सालों से अपडेट नहीं, एक्सटर्नल लिंक भी नहीं करता काम

**रांची, एजेंसी।** आज जहां पूरी दुनिया इ-गवर्नेंस पर काम कर रही है, वहीं हमारे झारखंड में इ-गवर्नेंस का हाल कुछ अच्छा नहीं है. राज्य सरकार के अधिकांश विभागों की वेबसाइट कई महीनों ही नहीं, बल्कि सालों से अपडेट नहीं की गयी हैं. अगर कोई व्यक्ति सरकार की योजनाओं या सरकार के वर्तमान सर्कुलर, नोटिफिकेशन या टेंडर की जानकारी ऑनलाइन लेना चाहे, तो यह मुमकिन नहीं है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने इ-गवर्नेंस को लेकर काफी काम किया था. उस वक्त कुछ दिनों तक ये वेबसाइट बेहतर तरीके से अपडेट किये गये, लेकिन आज भी कई वेबसाइट ऐसे हैं, जहां 2021, 2022 के बाद के कागजात, रिपोर्ट अपडेट ही नहीं हैं. झारखंड सरकार की अपनी एक वेबसाइट है. इससे सारे विभाग जुड़े हैं. उन विभागों में एक्सटर्नल लिंक दिया गया है. एक्सटर्नल लिंक से लोग उस विभाग से जुड़ी अन्य वेबसाइट पर जा सकते हैं. मगर लिंक से विभागों की वेबसाइट नहीं खुलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

झारखंड सरकार के कई विभाग ऐसे भी हैं, जिसकी वेबसाइट पूरी तरह अपडेट हैं. विभाग की वेबसाइट में हर जानकारी उपलब्ध है. हर एक्सटर्नल टैब खुलते हैं. झारखंड पुलिस, आइपीआरडी व उच्च शिक्षा विभाग आदि विभागों की वेबसाइट पूरी तरह अपडेट हैं.

इस वेबसाइट में नोटिस व अधिसूचना को अंतिम बार 10.12.2021 को अपडेट किया गया है. सर्कुलर भी अंतिम बार 07.10.2020 में अपडेट किया गया है. इस वेबसाइट में कई ऐसे भी डॉक्युमेंट्स है, जिसमें ना तो इशू नंबर है और ना तारीख.इस वेबसाइट में मंत्री की तस्वीर भी अपडेट नहीं है. 20.07.23 में पास हुए सेक्शन ऑर्डर को 08.02.2024 में ही अपलोड किया गया है. 20.07.2023 में पास हुए टेंडर ऑर्डर को भी भी08.02.2024 को अपलोड किया गया. प्रशासनिक अधिसूचना भी अंतिम बार 9.3.22 को अपलोड किया गया. वेबसाइट का रिसेंट टैब भी नहीं खुलता है.इसकी वेबसाइट में 12 मार्च 2024 को हुई बैठक को 12 जुलाई 2024 को अपलोड किया गया.

## जन शिकायत निवारण कैंप : थानों में केस दर्ज नहीं होने के बाद कैंप पहुंचे, 9 मामलों में वहीं दर्ज हुई प्राथमिकी



**रांची, एजेंसी।** थाना में शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से लोगों में बढ़ती नाराजगी के बाद डीजीपी के निर्देश पर बुधवार को भी रांची जिले में 5 जगहों पर जन शिकायत निवारण कैंप लगाया गया। इसमें ज्यादातर जमीन विवाद से जुड़े मामले आए। अपनों की प्रताड़ना, पति-पत्नी में विवाद, गुमशुदगी और ठगी जैसे मामले भी लोगों ने पुलिस के सामने रखे।

रांची जिले में 5 जगहों पर लगाए गए कैंपों में कुल 325 मामले पहुंचे। इनमें 9 मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इसमें यह जानकारी मिली कि पहले वे अपनी शिकायत लेकर थाने गए थे, पर मामला दर्ज नहीं किया गया। उन्हें थाने से ही लौटा दिया गया था। कैंप में थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

वरीय अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आइंदा ऐसी शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा कैंप में आए ज्यादातर मामलों में पुलिस ने जांच के बाद उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर आवेदन ले लिया। वहीं कुछ मामलों में कोर्ट जाने की भी सलाह दी गई। इटकी और पिठोरिया थाना परिसर में कैंप आज : डीजीपी के निर्देश पर गुरुवार को ईटकी और पिठौरिया थाना परिसर में जन शिकायत निवारण कैंप लगाया जाएगा, जहां लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

बड़े भाई का देहांत होते ही विवाहित बहन अपनी ससुराल जमशेदपुर से धुर्वा साइट-4 स्थित अपने मायके पहुंची और संपत्ति पर दावा ठोंकने लगी। भाई का श्राद्ध कर्म भी नहीं हुआ और छोटी बहन ने संपत्ति के लिए हंगामा शुरू कर दिया। मृतक का बेटा आयुष उपाध्याय परेशान होकर बुधवार को सफेद वस्त्र में ही जगन्नाथपुर थाना स्थित जन शिकायत निवारण कैंप पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी दी।

कैंप में मौजूद सभी लोग सफेद वस्त्र में युवक को देखकर परेशान हो गए। जब उसने पूरी बात बताई तो लोग सन्न रह गए। थानेदार दिग्विजय सिंह ने पहले दोनों पक्षों की पूरी बात सुनी। इसके बाद मृतक की बहन से संपत्ति के कागजात मांगे, लेकिन वह कुछ भी नहीं दिखा पाई। काफी देर तक जब लोगों ने उसे समझाया तो वहां से चली गई। इसके बाद आयुष और उसके परिजन भी अपने घर चले गए।

तुपुदाना इलाके में रहने वाले साकेत कुमार का मोबाइल फोन गुम हो गया था। वे काफी परेशान थे। साकेत लगातार पुलिस से संपर्क कर अपना मोबाइल ढूंढने का आग्रह कर रहे थे। पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और मोबाइल बरामद कर लिया। इसके बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी दुलाल महतो ने कैंप में साकेत को बुलाकर उसका मोबाइल सौंप दिया। मोबाइल मिलने के बाद साकेत हंसते हुए कैंप से बाहर निकले।हटिया स्थित प्रगति नगर निवासी कौशल्या देवी कैंप पहुंची और अपनी पीड़ा बताते हुए काफी भावुक हो गईं। उसने कहा कि पड़ोसी खुद को पुलिसवाला बताकर उन्हें परेशान कर रहा है। खुद के घर का गंदा पानी उनके घर की ओर बहा रहा जिसे मना करने पर खुद को पुलिस वाला बताकर धमकी देता है।

## झारखंड में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर हाईकोर्ट गंभीर, गृह सचिव और डीजीपी तलब, 18 सितंबर को अदालत में होना है हाजिर



**रांची, एजेंसी।** रांची के तमाड़ की नाबालिग का ट्रक ड्राइवर द्वारा अपहरण और दुष्कर्म, रिम्स की लिफ्ट में महिला डाक्टर से छेड़खानी, जमशेदपुर में स्कूल वैन में ड्राइवर के द्वारा तीन वर्ष का छात्रा के साथ यौन शोषण के मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने राज्य के गृह सचिव, नगर विकास सचिव, पुलिस महानिदेशक, रांची के उपायुक्त और रांची नगर निगम के प्रशासक को 18 सितंबर को अदालत में हाजिर होकर जवाब देने का निर्देश दिया है।

अदालत ने अधिकारियों को यह बताने को कहा है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न और अपराध की घटना सरकार के प्रयास के बाद भी क्यों नहीं रूक रही है। अदालत ने कहा कि स्कूल बसों में बच्चे आना-जाना करते हैं।बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना न हो इसके लिए स्कूल प्रबंधन को बस में एक-दो स्कूल स्टाफ का रखना जरूरी है, ताकि ऐसी घटनाओं की रोका जा सके।अदालत ने कहा कि महिलाएं घर से काम करने के लिए निकलती हैं, लेकिन जब तक उन्हें बाहर सुरक्षा नहीं मिलेगी तब तक महिलाएं कैसे भयमुक्त हुए काम कर सकेंगी। इस संबंध में अधिवक्ता भारती कौशल ने जनहित याचिका दायर की है।याचिका में कहा गया है कि इस साल जनवरी से लेकर जून तक महिलाओं के साथ दुष्कर्म और छेड़खानी की के करीब 185 मामले दर्ज किए गए हैं। प्रार्थी भारती कौशल ने अदालत को बताया कि स्कूलों में वैन भी चलते हैं। स्कूल प्रबंधन वैन के ड्राइवर का सत्यापन नहीं कराते। ऐसे वैन चालक बच्चियों का यौन शोषण करते हैं।

## ट्रॉली बैग के खिलाफ ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल ने किया प्रदर्शन

**धनबाद, एजेंसी।** ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल के केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर लाइन बॉक्स के बदले ट्रॉली बैग देने के फरमान के विरोध में बुधवार को डीआरएम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया. देश भर में चल रहे आंदोलन के तहत धनबाद में भी प्रदर्शन किया गया. कमेटी के मंडल अध्यक्ष एके पांडेय ने कहा कि रेल प्रशासन के इस अव्यवहारिक फैसले के विरुद्ध केंद्रीय सहायक महासचिव एके ठाकुर एवं जोनल सहायक सचिव आरिफ खान के नेतृत्व में परिचालन प्रभावित किये बिना महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे हैं.

आंदोलन में शामिल गार्डों ने कहा कि रनिंग कर्मचारी ऐसे ही विपरीत परिस्थितियों में काम करते हैं. ड्यूटी के लिए उन्हें 72 घंटा तक घर से बाहर रहना पड़ता है. ऐसे में उनकी पर्सनल बिलांगिंग्स ही इतनी ज्यादा होती है कि उसे ही ढोने में काफी परेशानी होती है. मालगाड़ी में काम करने वाले गाड़ी प्रबंधक 10-15 घंटे तक ड्यूटी करते हैं. इसके लिए खाने-पीने का सामान और शौच आदि के लिए अतिरिक्त पानी लेकर चलना पड़ता है. लाइन बॉक्स स्टेशन में सुरक्षित रखे जा सकते हैं. जबकि ट्रॉली को हमेशा साथ रखना पड़ेगा. ऐसे में इसका बोझ उठा पाना संभव नहीं है.धरना प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि लाइन बॉक्स में गाड़ी प्रबंधक के व्यक्तिगत सामान नहीं होते है.

## सरला बिरला यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन



**रांची, एजेंसी।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को यूनिवर्सिटी के महानिदेशक प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा की पठन-पाठन में उत्कृष्टता के अलावा सशक्त चरित्र निर्माण भी उतना ही आवश्यक है। वे विवि के नए सत्र के लिए आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सामान्य अनुशासन के अलावा शैक्षणिक और वित्तीय अनुशासन पर भी कई अहम बातें बताईं। उन्होंने एसबीयू के साथ विभिन्न विदेशों विश्वविद्यालयों के एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि इससे विवि के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन का अवसर हासिल होगा।

**कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को दिए कई गुरुमंत्र :** इंडक्शन कार्यक्रम में विवि के प्रभारी कुलपति प्रोफेसर एस.बी. डांडीन ने विद्यार्थियों को अच्छे कर्म, सहयोगी स्वभाव और जीवन में सकारात्मक प्रवृत्ति को अपनाते हुए अध्ययन को आत्मसात् की सलाह दी। कुलसचिव प्रो.वी.के. सिंह ने नए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बिरला परिवार की समृद्ध विरासत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी जड़ों से जुड़े रहने के विषय में बताया। डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने विद्यार्थियों को बेहतरीन समय प्रबंधन, अनुशासन, कुशल आचरण और दृढ़ संकल्प के जरिए अपना लक्ष्य पूरा करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन इशिका सिंह और समापन डॉ. शुभ्रजीत मंत्री ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक अस्थाना, हरिबाबू शुक्ला, प्रो. राहुल वत्स, डॉ. पी. के. होता और सी. एस. महता ने अपने विभागों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार, डॉ. शैलेश नारायण सिंह, डॉ. राज कुमार सिंह समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा करेंगे ये 7 तेज तर्रार एसपी, झारखंड सरकार ने दी जिम्मेदारी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री के 15 सितंबर को शहर दौरे को लेकर बुधवार देर रात एसपीजी टीम (स्पेशल प्रोटेक्शन) के साथ एसएसपी कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर विशेष बैठक की गई जिसमें झारखंड के वरीय पुलिस अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में राज्य के वरीय पुलिस अधिकारी संजय लाठकर, आइजी अखिलेश कुमार झा, कोल्हान डीआइजी, जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

शहर में प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड के सात आइपीएस की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। अधिकारियों की शहर में जगह-जगह तैनाती कर दी गई है। इस बैठक में जिले के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मौजूद थे। अधिकारियों को सुरक्षा में किसी भी तरह के कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

# रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को मिला ऑन स्पॉट ऑफर लेटर



**रांची, एजेंसी।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग की ओर से आज रोजागार मेला का आयोजन किया गया। ये आयोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, रांची में किया गया। इसमें कुल 19 नियोजकों से रिक्तियां प्राप्त हुई, जिनमें से 17 नियोजको ने भाग लिया। भाग लेने वाले नियोजकों में प्रमुख हैं- अमेटी यूनिवर्सिटी रांची, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पीटल रांची, राज हॉस्पीटल रांची, सीएमसी मिटकॉन मेगा स्कील रांची, रानी हॉस्पीटल रांची, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण बैंक रांची, वर्सन सिक्यूरिटी सर्विस रांची एवं रांची सिक्यूरिटि प्रा लि इत्यादि।

रोजगार मेला मे 950 अभ्यर्थी शामिल हुए। नियोजकों द्वारा 90 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 105 अभ्यर्थियों को चयनित कर ऑन स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया। मेला का आयोजन नियोजन पदाधिकारी, राजेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इसके संचालन में नियोजन कार्यालय के अन्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।

रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया गया, जिससे वे अपने कैरियर को एक नई दिशा प्रदान कर सकें। रोजगार तलाश रहे उम्मीदवारों के लिए नियोजनालय एक नई दिशा दिखा सकता है। बता दें कि अलग-अलग योग्यता के लिए रोजगार मेला का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

नियोजन कार्यालय ने कहा है कि समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन कर निबंधित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोगजार के अवसर प्रदान किए जाते हैं। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के प्रभावी होने के उपरांत स्थानीय नियोजकों की भागीदारी मेला में बढ़ी है। अधिनियम के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार के अवसर से जुड़ने के लिए स्थानीय उम्मीदवार रोजगार पोर्टल में नाम रजिस्टर्ड कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालय में आकर भी नाम रिजस्टर कर सकते हैं।

वहीं, निजी क्षेत्र के वैसे नियोजक जहां 10 या 10 से अधिक व्यक्ति कार्यरत हैं, को पोर्टल में निबंधन कराना अनिवार्य है। निबंधन नहीं कराने वाले नियोजकों के लिए दण्ड एवं जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। झारनियोजन में नियोजक अपनी रिक्तियाँ प्रकाशित कर सकते हैं जो रोजगार पोर्टल पर निबंधित अभ्यर्थियों को प्रदर्शित होती है। साथ ही रोजगार पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रकाशित रिक्तयों के लिए आवेदन कर सकते है। नियोजक भी झारनियोजन अकांउट के माध्यम से अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट, साक्षात्कार एवं चयन की प्रक्रिया ऑनलाईन ही संपन्न कर सकते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पैरा ओलंपिक-विशेष प्रदर्शन

पदकों की बरसात अभी रुकी नहीं है। पेरिस में चल रहे पैरालंपिक से जो खबरें आ रही हैं, वे हैरत में डालने वाली तो हैं ही, साथ ही गर्व से भर देने वाली भी हैं। इसमें इतने पदक मिले हैं, जितने भारत की झोली में इसके पहले कभी नहीं गिरे थे। मामला देश के दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा नए रिकॉर्ड बनाने का ही नहीं है, पेरिस पैरालंपिक की पदक तालिका दरअसल भारत के बदलते समाज और उसके नजरिये की कहानी भी है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस उपलब्धि से अभिभूत हैं। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से टेलीफोन पर बातचीत में उन्होंने कहा कि आपकी उपलब्धि पूरे देश के नौजवानों को प्रेरित करेगी। इसमें हम यह भी जोड़ सकते हैं कि यह उपलब्धि पूरे देश को एक नया आत्मविश्वास देगी, जिसकी इस समय सबसे ज्यादा जरूरत है। अंग्रेजी भाषा में दिव्यांगों के लिए पहले डिसेबल या अक्षम शब्द का इस्तेमाल होता था। अब यह शब्दावली बदल दी गई है, इसकी जगह लिखा जाता है– स्पेशली एबल्ड पर्सन, यानी विशेष क्षमता वाले व्यक्ति। सचमुच पेरिस पैरालंपिक में गए भारतीय खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि वे विशेष क्षमता वाले खिलाड़ी हैं। वे उस धरती से पेरिस गए थे, जहां खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं और इन्फ्रास्ट्रक्चर, यानी बुनियादी ढांचा न होने का रोना अक्सर रोया जाता है। जहां किसी भी ओलंपिक खेल या अंतरराष्ट्रीय स्पर्द्धा के बाद लिखे जाने वाले वैचारिक लेखों की अंतिम पंक्तियां इसी त्रासदी की ओर इशारा करती हैं। यह दर्द भी सुनाई देता है कि क्रिकेट के अलावा किसी और खेल पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। ठीक उसी दौर में ये खिलाड़ी पेरिस जाते हैं और तकरीबन हर रोज ही एक साथ ही कई पदक जीतने की खबर आती है। वे हर खेल में जीतते हैं– निशानेबाजी में, तीरंदाजी में, भारोत्तोलन में, भाला फेंकने में, लंबी कूद में, ऊंची कूद में, जूडो में– यह फेहरिस्त लंबी है। महिला खिलाड़ी भी जीतती हैं और पुरुष खिलाड़ी भी जीतते हैं। पेरिस के पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पांच स्वर्ण पदक समेत कुल 25 पदक जीत लिए हैं और वे तालिका में 17वें स्थान पर हैं।

### हरियाणा में यूपी के दलों की दावेदारी

हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश की सियासत के प्रभावशाली दल अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रहे हैं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी जैसी प्रमुख पार्टियां हरियाणा की सियासत में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही हैं। इन दलों ने अपनी चुनावी रणनीति जातीय और सामाजिक समीकरणों पर आधारित बनाई है। जहां बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटरों को अपना आधार मानकर चुनावी मैदान में उतरी हैं, वहीं समाजवादी पार्टी यादव–मुस्लिम समीकरण का फायदा उठाने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोकदल जाट समुदाय के आधार पर हरियाणा में अपनी पहचान को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है। इस स्थिति में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल हरियाणा की सियासत में प्रभावी हो पाते हैं या सिर्फ वोट कटवा पार्टी बनकर रह जाते हैं। हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है। इनेलो और जेजेपी जैसे दलों की सियासी उपस्थिति में काफी कमी आई है। इस परिदृश्य में इन दलों ने दलित आधार वाले दलों के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस बनाम बीजेपी की इस लड़ाई में उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल किस तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखने योग्य होगा। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने सत्ता में चार बार पहुंचकर अपने प्रभाव का प्रदर्शन किया है, लेकिन हरियाणा में उसकी स्थिति हमेशा कमजोर रही है। इस बार मायावती ने हरियाणा में इनेलो के साथ गठबंधन किया है। इसी तरह, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है। हरियाणा में बसपा और इनेलो ने जाट–दलित समीकरण को ध्यान में रखकर गठबंधन किया है।

# अतीत और वर्तमान, बाधाओं से जूझती रही हिंदी

(उमेश चतुर्वेदी)

राजभाषा के नाम पर इस रस्म को आयोजित होने की परंपरा को विकसित करने में संविधान सभा के उस विधान की बड़ी भूमिका रही, जिसके तहत हिंदी को संविधान लागू होने से पंद्रह वर्षों तक के लिए टाल दिया गया। हिंदी की जब भी चर्चा होती है, दो तरह के भाव आते हैं। इसे लेकर पहला भाव उत्साह और गर्वबोध वाला होता है। हिंदी के क्षितिज के लगातार हो रहे विस्तार और उसके गर्वीले अतीत को लेकर हिंदीप्रेमी जहां उत्साह से भर उठते हैं, वहीं अंग्रेजी माध्यम से पढ़े गुलामी की मानसिकता वालों के चेहरे पर विद्रूप और व्यंग्यभरी मुस्कान चिपक जाती है। दक्षिण और पूर्वी भारत के कुछ इलाकों के राजनीतिक तो हिंदी से अछूत जैसा व्यवहार करने में स्वयं जहां गर्वबोध का अनुभव करते हैं, वहीं अपने समर्थकों को हिंदी को दुश्मन की तरह मानने के लिए उकसाने में भी पीछे नहीं रहते। इसके बावजूद हिंदी का प्रभाव क्षेत्र बढ़ता जा रहा है, विशेषकर आमजन की बोली-बानी के रूप में यह स्थापित होती जा रही है। इतने सारे विरोध के बावजूद और अड़ंगे के बावजूद हिंदी अगर बढ़ती नजर आ रही है तो मानना पड़ेगा कि उसमें कुछ बात जरूर है। हिंदी के इस प्रभावी हश्र पर इकबाल की पंक्तियां याद आना स्वाभाविक है।

**कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी।**
**सदियों रहा है दुश्मन, दौर–ए–ज़माँ हमारा।।**

हिंदी की राह में आजादी के पहले ज्यादा बाधाएं नहीं थीं। इसकी शायद यह बड़ी वजह रही कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के अगुआ महात्मा गांधी स्वयं हिंदी के हिमायती थे। उनके पहले केशव चंद्र सेन, लोकमान्य तिलक जैसी हस्तियां भी देश के हृदयों को नजदीक लाने में हिंदी की सामर्थ्य को पहचान चुके थे। इसीलिए गैर हिंदीभाषी होने के बावजूद उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन की केंद्रीय भाषा हिंदी को बनाने की कोशिश की और भावी भारत की भाषायी जरूरतों के लिहाज से हिंदी को तैयार करने की कोशिश भी की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, कर्नाटक हिंदी प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति जैसी संस्थाओं की स्थापना का उद्देश्य हिंदी को भावी भारत की भाषायी जरूरत के लिहाज से ना सिर्फ तैयार करना था, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच मजबूत सेतु के रूप में स्थापित करना भी था। हिंदी इस दिशा में आगे बढ़ती रही। कांग्रेस के दस्तावेज भले ही अंग्रेजी बनते रहे, लेकिन बहसों और उसके वार्षिक अधिवेशनों की भाषा हिंदी ही रही। 1938 में कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने के बाद हिंदी के इस प्रभाव को सुभाष चंद्र बोस ने भी समझा और बाकायदा हिंदी सीखी। कांग्रेस अध्यक्ष के नाते पार्टी के वार्षिक अधिवेशन को उन्होंने हिंदी में ही संबोधित किया था, जिसकी रिकॉर्डिंग आकाशवाणी के आर्काइव में आज भी सुरक्षित है। उनकी मीठी हिंदी एक तरह से मोहती है। उसे सुन लगता है कि स्वाधीनता संग्राम में हिंदी किस तरह सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही थी। जिस हिंदी का ऐसा इतिहास रहा हो, जिसे विनोबा जैसे संघर्षशील और त्यागी-तपस्वी व्यक्ति ने अपनी भाषायी तपसाधना का माध्यम बनाया हो, उसे स्वाधीनता के बाद तेजी से विस्तारित होना चाहिए था। वह विस्तारित तो हुई, लेकिन उस रूप में स्थापित नहीं हुई, जिस रूप में स्वाधीनता सेनानियों ने सोचा था। राजभाषा की उसे पदवी तो मिली, लेकिन वह रस्मी ही साबित हुई। राजभाषा की भूमिका सरकारी दफ्तरों में सिर्फ हिंदी पखवाड़े या महीने में कार्यालयों में रस्मी निबंध, कहानी और कविता प्रतियोगिता आयोजित करने और किसी हिंदी विद्वान को बुलाकर उंघते और उबते कर्मचारियों के बीच भाषण कराने तक सीमित रह गई। हिंदी दिवस पाखंड बन कर रह गया। अच्छी बात यह कह सकते हैं कि इस बहाने सरकारी कार्यालयों के कुछ कर्मचारियों को कुछ नगद रकम बतौर पारितोषिक मिल जाती है, और बाकी कर्मचारियों को मिठाई और नाश्ता आदि और फिर हिंदी की पूरे वर्षभर के लिए राजभाषा के रूप में इतिश्री हो जाती है। राजभाषा के नाम पर इस रस्म को आयोजित होने की परंपरा को विकसित करने में संविधान सभा के उस विधान की बड़ी भूमिका रही, जिसके तहत हिंदी को संविधान लागू होने से पंद्रह वर्षों तक के लिए टाल दिया गया। कहा गया कि इतने दिनों में हिंदी राजकाज में स्थापित अंग्रेजी का स्थान लेने लायक हो जाएगी। लेकिन इसी बीच अंग्रेजी समर्थकों, हिंदी विरोधी कहना ज्यादा समीचीन होगा, ने हिंदी के खिलाफ षडयंत्र जारी रखा। इसके लिए उन्होंने अंग्रेजी को हिंदी की तुलना में ज्यादा गंभीर और प्रभावी रूप से स्थापित किया। इतना नहीं, इस बीच हिंदीतर दूसरी भारतीय भाषाओं के मन में हिंदी को लेकर लगातार जहर भरा जाता रहा। इसमें अंग्रेजी शिक्षा और उसके जरिए मिलने वाली सुख-सुविधाएं और बेहतर नौकरियों ने बड़ा योगदान दिया। अगर आजादी के तुरंत बाद हिंदी को लागू कर दिया जाता और हिंदी को विकसित करने के तर्क को परे सरका दिया गया होता तो आज हिंदी कुछ उसी तरह स्थापित होती, जैसे इंडोनेशिया और तुर्की में हुआ। इसे संयोग ही कहेंगे कि भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ था। तब तक इंडोनेशिया के राजकाज की भाषा डच होती थी। लेकिन आजादी मिलते ही इंडोनेशिया के शासक सुकर्णो ने तुरंत अपनी भाषा 'बहासा इंडोनेशिया' को लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तब वहां के स्वाधीनता सेनानी और शासक कमाल अतातुर्क ने तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। अगर भारत में भी कुछ हिंदी के साथ ऐसा ही हुआ होता तो निश्चित तौर पर इतिहास और परिदृश्य दोनों अलग होते। स्वाधीन भारत से एक और गलती हुई है। वैसे इसे गलती मानें या जानबूझकर रचा गया हिंदीविरोधी षड्यंत्र कहें। स्वाधीन भारत की नौकरशाही की भाषा अंग्रेजी ही रही। भारतीय भाषाओं को संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षाओं का माध्यम बनाने के लिए आंदोलन चला तो उसके दबाव में भारतीय भाषाएं आयोग की परीक्षाओं का माध्यम बनीं तो लेकिन परीक्षाओं और चयन प्रक्रिया का ढांचा ऐसा बना रहा कि अंग्रेजी माध्यम के छात्र ही ज्यादा चुने जाते रहे। हिंदी या भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षित इक्का-दुक्का विद्यार्थी अगर नौकरशाही में प्रवेश पाने में सफल रहे भी तो उनकी स्थिति 'नक्कारखाने में तूती की आवाज' जैसी रही। नरेंद्र मोदी के उभार और मोदी-शाह की जोड़ी के हिंदी प्रेम के चलते नौकरशाही में हिंदी के प्रति रूझान दिखा। नौकरशाही की भाषायी सोच में परिवर्तन आता दिखा भी। लेकिन अब पीछे मुड़कर देखते हैं।

*तो लगता है कि वह नौकरशाही की रणनीतिक चाल रही। नौकरशाही ने शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को प्रभावित करने के लिए भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम का संकेतभर दिया। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही रही। हिंदी और भारतीय भाषाएं राजकाज में एक बार फिर पीछे हो गई हैं। अग्रेजी अब भी नौकरशाही और राजकाज में वर्चस्व बनाए हुए है।*

# कंपनियों से वाजिब वसूली विकास के लिए जरूरी

(हिमांशु, एसोशिएट प्रोफेसर, जेएनयू )

प्रत्यक्ष कर में सुधार की बातें पिछले दो दशकों से हो रही हैं। दुर्भाग्यवश, यह चर्चा आयकर में सुधारों के ईद-गिर्द सिमटी रही है, कॉरपोरेट टैक्स पर कम ध्यान दिया गया है। जबकि, 2019-20 तक भारत में कुल प्रत्यक्ष कर में से आधा से ज्यादा हिस्सा कॉरपोरेट टैक्स का रहा है। हालांकि, अब इसकी हिस्सेदारी आधे से कम हो गई है। कॉरपोरेट टैक्स की वृद्धि दर में गिरावट कोई आज की परिघटना नहीं है। यूपीए-1 में 27.4 फीसदी की तुलना में यूपीए-2 में इसमें 13.1 फीसदी की गिरावट देखी गई थी। एनडीए-1 में भी यह गिरावट 11 फीसदी रही। इस गिरावट के लिए काफी हद तक सरकारें ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने रियायतों का पिटारा खोल दिया था। आखिरी बड़ा कदम 2019 में उठाया गया था, जब बड़े पैमाने पर कर में राहत दी गई थी। 34.69 फीसदी की औसत मानक दर के मुकाबले, घरेलू कंपनियों के लिए 22 फीसदी और नई निगमित घरेलू कंपनियों के लिए 15 फीसदी की रियायती दर तय की गई। इसका तात्कालिक नकारात्मक असर सरकारी खजाने पर पड़ा, लेकिन इसने कॉरपोरेट टैक्स सिस्टम की प्रकृति को भी बदल दिया। साल 2007 से, केंद्रीय बजट में एक हिस्सा विभिन्न कर-उपायों से कंपनियों के लिए तय की गई करों की स्थिति और राजस्व पर पड़े प्रभावों का भी होता रहा है। इसके मुताबिक, सबसे निचली श्रेणी एक करोड़ तक सालाना लाभ कमाने वाली कंपनियों की है, जो संख्या के मामले में सबसे अधिक हैं। इसके बाद, एक से दस करोड़, दस करोड़ से पचास करोड़, पचास करोड़ से 100 करोड़, 100 से 500 करोड़ और 500 करोड़ से अधिक फायदा कमाने वाली कंपनियों की अलग-अलग श्रेणियां होती हैं। 500 करोड़ से अधिक लाभ कमाने वाली कंपनियों की संख्या सबसे कम है, लेकिन वे मिलकर काफी फायदा कमाती हैं। 2017-18 में 34.6 फीसदी की मानक दर के मुकाबले, सभी कंपनियों के लिए प्रभावी दर 29.5 फीसदी थी। 2018-19 में यह घटकर 27.8 फीसदी कर दी गई। हालांकि, इन दोनों वर्षों में अमीर कंपनियों के लिए सबसे कम कर दर तय की गई थी। उनके लिए दर 2017-18 में 26.3 फीसदी और 2018-19 में 25.9 फीसदी थी। हालांकि, 500 करोड़ तक की श्रेणियों में यह व्यवस्था अधिक तार्किक थी। 2019 की कर-छूट का नतीजा यह निकला कि प्रभावी दर 2019-20 में घटकर 22.5 फीसदी हो गई, जो पहले के वर्षों में औसतन 29 फीसदी होती थी। यह स्थिति कम से कम 2021-22 तक बरकरार रही। सबसे अमीर कंपनियों को सबसे अधिक फायदा मिला, जिनके लिए प्रभावी कर दर औसतन 26 फीसदी से घटकर 20 फीसदी हो गई। मगर एक करोड़ की श्रेणी वाली कंपनियों को नाममात्र फायदा मिला, क्योंकि उनके हिस्से में कर दर में मामूली कमी औसतन 26 फीसदी से घटकर 25 फीसदी आई। इस प्रकार, 2019 के बदलावों ने न केवल प्रभावी दरों को कम किया, बल्कि कर ढांचे पर भी बुरा असर डाला। कर-प्रोत्साहन तभी न्यायसंगत माना जाता है, जब उससे रोजगार के नए अवसर पैदा हों या निवेश बढ़ें। हमें इन दोनों मोर्चों पर नाकामी हाथ लगी। निजी क्षेत्र ने लाभ तो कमाए, पर अपने कर्मियों में भी कमी की। देश में लोगों को जितने रोजगार की जरूरत थी, वह पूरी नहीं हुई। कंपनियों ने सब्सिडी का इस्तेमाल अपना बकाया या कर्ज कम करने में किया, जिससे उनका ब्याज पर खर्च कम हुआ। साथ ही, निजी निवेश भी सुस्त ही बना रहा। कर राहत के बावजूद निवेश या रोजगार पैदा करने में निजी क्षेत्र की इस विफलता पर आर्थिक सर्वेक्षण में दुख जताया गया है। फिर भी, कंपनियों को दोष नहीं देना चाहिए, क्योंकि मुनाफा बढ़ाना उनका काम है। प्रतिस्पर्द्धी माहौल में उनके लिए ऐसा अवसर पैदा करना सरकारों का ही काम है। मगर यह कर्तव्य भी सरकार का है कि वह कंपनियों से सही टैक्स वसूले। कर नीति न सिर्फ उचित व न्यायसंगत होनी चाहिए, बल्कि कारगर भी होनी चाहिए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5490

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आडी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5489

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5490

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. फिल्म जगत के साथ-साथ भजनों से खास पहचान बनाने वाली पार्श्व गायिका ने 27 अक्टूबर 1952 को जन्म लिया था (8)
7. हरण कर लेना, आकृष्ट करना, दूर करना (3)
8. प्रतिध्वनि, हमेशा, फकीर की आवाज (2)
9. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. हवा, वायु, बयार, समीर (3)
12. प्रेम, इश्क, मुहब्बत, प्यार (2)
13. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे से मिली हो (4)
14. अधिक भीगा, अति आर्द्र (2)
15. चीथड़ा, जीर्ण परिधान, धज्जी (2)
16. महर्षि विश्वामित्र के पिता ओर कुशिव राजा के पुत्र का नाम (2)
18. खौफ, डर, आतंक (2)
19. लोकमत, जनता की राय (4)
21. नदी आदि के पानी का बाढ़ (3)
22. एक बार में तली या सेंकी जाने वाली वस्तु (2)

**ऊपर से नीचे**
1. इन्हें पंजाबी भाषा की पहली कवियित्री माना जाता है (6)
2. आरोग्य लाभ, आराम, लाभ (3)
3. किसी हथियार आदि का पैना किनारा , राजा भोज की नगरी (2)
4. प्राचीन काल का पौन का पहाड़ा, कलछी (2)
5. उज्जयिनी के राजा चंद्रसेन की पुत्री, यह एक संस्कृत नाटक है इसके कृति के लेखक सुबंधु है (5)
6. एक बार में लादा जाने वाला समान (3)
10. यह देश लगभग तीन ओर से फारस की खाड़ी से घिरा है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. कुश्तीबाज, योद्धा (5)
13. ध्यान, तपस्या, ध्यानावस्था, प्रणिधान (3)
16. लुप्त, अदृश्यमान, भूमिगत (3)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. नेक, भला, उत्तम, छलहीन (2)
19. मटमैले रंग की प्रसिद्ध धातु (2)
20. 27 नक्षत्रों में से दसवां जो शिशुमार से लगा है (2)

### वर्ग पहेली 5489 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | | स्वी | ड | न | |
| ज | ल | ज | | ट | का | | ब |
| | र | दी | फ | | र | सी | द |
| सा | | क | ल | म | | मा | न |
| ग | ला | | आ | म | | वि | |
| र | म | क | ना | | वि | श्वा | स |
| मा | | ला | | पा | र | स | |
| था | र | | जि | र | ह | | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी आमदनी में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आज ऑफिस में लोग आपको पीछे करके आपसे आगे निकलने की कोशिश करेंगे और इस वजह से आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाये जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। शुभ कार्य पर आपका धन खर्च होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होने से आपको लाभ होगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे और आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

### मिथुन
आज करियर में लाभ होगा और आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी।

### तुला
आज दिन सामान्य है और आपको हर कार्य में सामान्य रूप से सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको करियर और व्यवसायिक क्षेत्र में मनचाही सफलता मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, सचेत रहें और अपना ईमानदारी से करते रहें।

### वृश्चिक
आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको एक साथ कई सारी जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी। ऑफिस में आपकी योग्यता और क्षमता को देखते हुए आपको अलग से कुछ काम दिया जाएगा। इस कारण आप खुद को काफी दबाव में महसूस करेंगे और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता भी आपको यश देगी।

### धनु
आज दिन लाभ से भरा होगा और शुभ कार्य में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। जो भी निर्णय आप लेंगे उसमें आपको लाभ होगा और आपकी संतान के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रफुल्लित होगा और आपको लाभ होगा। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। उससे सावधान रहें और अपने काम पर ध्यान दें।

### कर्क
आज दिन लाभ देने वाला होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा। अच्छे लोगों से मिलकर आप खुश होंगे और आपकी सभी जिम्मेदारियां समय से पूरी होंगी आपको अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद सम्बन्धी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

### सिंह
आज सफलता प्राप्त होने से मन में हर्ष होगा। सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपको कर्म फल की सिद्धि प्राप्त होगी। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाई बन्धुओं से मतभेद और क्रोध अधिक न करें। शाम के वक्त आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है। ध्यान रखें।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए भाग्य में वृद्धि का दिन है। पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आयेंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा।

### मकर
आज करियर सफलता से भरा होगा दिन काफी दबावपूर्ण रहेगा। आपको अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति रहेगी और आप दिन भर परेशान रहेंगे। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तन हो सकता है।

### कुंभ
आज दिन करियर के मामले में काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है और इससे आपका काम फिर से पटरी पर आ सकता है। आप अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएंगे तो आपको कुछ बड़ा लाभ हो सकता है। आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

### मीन
आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगा और नौकरी कारोबार के मामले में लाभ होगा। ऑफिस से जुड़े कार्यों में सफलता प्राप्त होगी और आपके घर में धन धान्य की वृद्धि होगी। आपको मित्रों से धन का लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और आपकी हर इच्छा पूर्ण होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# न्यूज बाइट्स

## जिलाधिकारी ने सुनी लोगो की फरियाद, दिया निर्देश

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** दैनिक जनता दरबार में आज जिलाधिकारी उदिता सिंह ने अपने कक्ष में कई फरियादियों की समस्याएं सुनी। सभी फरियादी एक-एक कर अपना आवेदन लेकर जिलाधिकारी के पास गए। जिलाधिकारी ने बारी-बारी से आने वाले सभी फरियादियों के आवेदन को पढ़ा और उनकी समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारी को निर्देश दिए।तिलौथू थाना अंतर्गत सेवही के बडिहा गांव के निवासी मिथिलेश कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि गांव के मुखिया एवं सरपंच ने मिलकर उनके वंशावली में अन्य व्यक्ति का नाम जोड़ दिया गया है। मिथिलेश बताते हैं कि वे चार भाई और दो बहन हैं। जमीन के लालच में मुखिया और सरपंच ने गलत वंशावली बना दिया है। जिलाधिकारी ने उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला बंदोबस्त पदाधिकारी को मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।डिहरी थाना अंतर्गत सुअरा गांव के निवासी सर्वजीत कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि उनके गांव में मुखिया के द्वारा पीसीसी ढलाई में नियमों के विरुद्ध जाकर नाली बनाया गया है। नाली की ऊंचाई अधिक होने की वजह से ग्रामीणों के घर का लेवल काफी नीचे चला गया है, जिससे जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। संझौली थाना के अंतर्गत बाजितपुर गांव के निवासी जितेंद्र कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि श्री महंत कन्हैया गिरी उच्च विद्यालय गंगाजल मठ संजौली में कार्यरत अरविंद कुमार का शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्र फर्जी है। इसके बावजूद वे शिक्षक के पद पर बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि 8.05.2024 को उन्होंने एक शिकायत मुख्यमंत्री सचिवालय में भी किया था। लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को उक्त मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। करगहर थाना अंतर्गत लेहरा गांव के निवासी राजनाथ सिंह ने अपने आवेदन ने बताया है कि उन्हें बिहार सरकार के द्वारा खाता संख्या 123, प्लॉट 700, रकबा 5 डिसमिल की जमीन तोरनी मौज में बंदोबस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन की नापी को लेकर झगड़ा और विवाद किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उक्त मामले में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## खतियान की सच्ची प्रतिलिपि पाने को ले उमड़ रही भीड़

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** सर्वे में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और सभी पक्षकारों के नाम सर्वे खतियान में अंकित हो जाय इसको लेकर जिला मुख्यालय स्थित समाहरणाय में अवस्थित लेखागार से लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित चकबंदी कार्यालयों में खतियान की सच्ची प्रतिलिपि पाने के लिए लोगो की भारी भीड़ उमड़ रही है। जहां लम्बी कतारों में लोगो को घंटो खड़ा होना पड़ रहा है।आरोप है कि खतियान की सच्ची प्रतिलिपि देने के एवज में पदस्थापित कर्मचारी लोगो से खुलेआम हजार पांच सौ रुपए वसूल रहे है।

## टहलने निकले 45 वर्ष युवक की डूब कर हुई मौत

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** बुधवार की शाम को प्रखंड क्षेत्र के डढाव गांव में शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर टहलने निकले पैतालीश वर्षीय युवक की गढ़े मे डूबकर मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी कुंवर सिंह का 45 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार शाम को अपने घर से टहलने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर निकला था। रात को घर नहीं आने पर परिजनों ने युवक का काफी देर रात तक खोज बिन की लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला।

# अनुमंडल कार्यालय में स्टांप पेपर की असमंजसता से बंटवारे के लिए उमड़ी भीड़, पक्षकार दुविधा में

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

सर्वे में अपना नाम अंकित कराने को लेकर आपसी सहमति से बटवारा करने के लिए इस समय कई दिनों से अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थित नोटरी पब्लिक वो अधिवक्ताओं के झोपड़ीनुमा आशियाना में आय दिन सुबह से लेकर देर शाम तक भारी भीड़ उमड़ रही है। जिससे नित दिन अनुमंडल कार्यालय परिसर मेला के दृश्य में तब्दील होता दिखने लगता है। हालांकि सर्वे को ले अपना कागजात दुरुस्त कराने के लिए कई सरकारी कार्यालयों के अलावा आनलाइन और फोटो स्टेट आदि की दुकानों पर भी भारी भीड़ उमड़ते नजर आते रहते है। लेकिन मजेदार बात यह है कि अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों से आय दिन उमड़ रही भीड़ को यह स्पष्ट रूप से ज्ञात नही हो पा रहा है कि नोटरी मजिस्ट्रेट के पास आपसी सहमति से बटवारा का स्टांप पेपर कितने रुपए का होना चाहिए या फिर अधिवक्ता भी बटवारा के पक्षकारों को स्पष्ट रूप से नही बता रहे है की कितने रुपए की स्टांप पेपर होना चाहिए। सर्वे के होड़ में कोई पक्षकार सौ रुपए के स्टांप पेपर पर तो कोई पांच सौ वो एक हजार के स्टांप पेपर पर बटवारा का सिडयूल तैयार कर नोटरी मजिस्ट्रेट से कराया जा रहा है और नोटरी मजिस्ट्रेट भी बगैर किसी रोकटोक के प्रत्येक कागजात पर अपनी रजामंदी का मोहर लगाकर सहमति प्रदान कर रहे है। अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत विद्वान अधिवक्ताओं का कथन है कि एक हजार के स्टांप पेपर पर लिखा गया आपसी सहमति का बटवारा की कागजात को ही प्रत्येक जगह वैल्यूएशन मिल रहा है। वैसे कोई सौ रुपए और पांच सौ एक हजार के कागजात पर भी सिडयूल तैयार कर कराया जा रहा है। वही अनुमंडल कोर्ट के क्रांतिकारी अधिवक्ता उदय सिंह का मानना है कि सादे कागजात पर भी आपसी सहमति से पंचनामा के जरिए बटवारा किया जा सकता है और सौ रुपए के स्टांप पेपर पर भी किया जा सकता है। जो सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अनुसार मान्य करार दिया गया है। बिहार सरकार ने सौ रुपए का शुल्क निर्धारित किया है और स्टांप एक्ट के अनुसार नोटरी पब्लिक को सौ रुपए के स्टांप पेपर पर ही सहमति प्रदान करना है। अब सवाल उठता है कि जब सौ रुपए के स्टांप पेपर पर नोटरी पब्लिक से कराया गया बटवारा की कागजात वैद्य हो तो फिर पांच सौ या एक हजार के स्टांप पेपर पर क्यों खरीदवाया जा रहा है। इस पर एक अन्य अधिवक्ता का तर्क है कि सौ रुपए के अधिक का स्टांप होने पर भूमि का वैल्यूएशन बढ़ जाता है और निबंधन कार्यालय से निबंधन करना पड़ेगा जो कही से तार्किक वो न्याय संगत नहीं है। वही पक्षकारों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होते जा रही है कि सौ रुपए के स्टांप पेपर पर आपसी सहमति से नोटरी पब्लिक से कराए बटवारा के कागजात को कही महत्व नही मिल रहा है और न ही अंचल अधिकारी जमाबंदी कायम कर पाएंगे।पांच सौ वो एक हजार के स्टांप पेपर पर ही जमाबंदी आदि संभव है।जबकि इस विषय पर एक अंचलाधिकारी ने कहा कि सादे कागजात पर भी पंचनामा के जरिए किया गया आपसी सहमति से बटवारा के आधार पर भी जमाबंदी कायम हो सकता है और सौ रुपए के स्टांप पेपर पर भी नोटरी पब्लिक के द्वारा किया गया बटवारा के आधार पर भी जमाबंदी कायम की जा सकती है।लेकिन उक्त अधिकारी ने पांच सौ और एक हजार के स्टांप पेपर पर तैयार हो रहे बटवारे के कागजात पर यह स्पष्ट रूप से कुछ भी बोलने पर फिलहाल परहेज करते नजर आए।सौ,पांच और एक हजार के स्टांप पेपर को लेकर पक्षकारों में न केवल ऊहापोह की स्थिति बरकरार होते जा रही है। बल्कि स्पष्ट कोई दिशानिर्देश नही मिलने से दिग्भ्रमित वो गुमराह होकर अलग अलग स्टांप पेपर पर बटवारा का कागजात तैयार कराने को विवश होते दिख रहे है।वही वंशावली स्वयं के बनाने का सरकार का स्पष्ट निर्देश होने के उपरांत भी लोग प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट से शपथ पत्र बनवाने के लिए नित दिन कार्यालय में भीड़ उमड़ रहा है।

## तरारी विधानसभा के प्रभारी बनने पर जदयू नेत्री को लोगों ने दी बधाई

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

जनता दल यूनाइटेड पार्टी के वरिष्ठ नेत्री राज्य परिषद सदस्य अरुणा देवी को भोजपुर जिला के तरारी विधानसभा का प्रभारी बनाने पर लोगों ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि तरारी विधानसभा उप चुनाव तैयारी को लेकर पूरे बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जदयू बिहार प्रदेश के 243 विधानसभा सीटों के नवनियुक्त विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी की गई है। बिक्रमगंज प्रखंड के धावा गांव निवासी जदयू की वरिष्ठ नेत्री अरुणा देवी को तरारी विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें विधानसभा चुनाव में उज्ज्वल कार्यकाल की हार्दिक बधाई दी है।

## पैक्स चुनाव की सरगर्मी हुई तेज

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)**

सहकारिता निर्वाचन की तरफ से अभी तक पैक्स चुनाव को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुआ है। बावजूद भी क्षेत्र में पैक्स अध्यक्ष चुनाव को सम्भावित उम्मीदवारों की बेचैनी बढ़ गई है। राजपुर प्रखण्ड में कुल आठ पंचायत है। जिनमें मात्र छः पंचायतों में हीं आगामी पैक्स चुनाव होना है। मंगरवलिया व बरना पंचायत का पैक्स चुनाव देरी से होने के कारण अवधि अभी पुर्ण नहीं हुआ है। जिस कारण इन दोनों पैक्स के चुनाव बाद में होंगे। प्रखण्ड मुख्यालय होने के कारण राजपुर पैक्स का चुनाव इस बार काफी दिलचस्प होने वाला है। एक से बढ़कर एक धन बल के मालिक चुनाव मैदान में खुद को सम्भावित उम्मीदवार के तौर लगभग उतार चुके हैं। प्रतिदिन अभी से हीं नियमित रूप से आम जनता व पैक्स मतदाताओं के बीच में उठने बैठने लगे हैं। विगत दो बार से पद पर निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष जहां अपनी कुर्सी बचाये रखने के लिए ऐडी चोटी की जोर अजमाइस में खुद को झोंके हुए हैं। वहीं कभी कन्धा से कन्धा मिलाकर एक साथ चलने वाले स्वजातीय परिवार के लोग मैदान में उतरने की ताल ठोक राजपुर पैक्स की सरगर्मी बढा दी है। राजपुर पैक्स में वर्तमान मतदाताओं की कुल संख्या अगर जातिय समीकरण से देखा जाए तो सबसे ज्यादा वैश्य वर्ग के मतदाता हैं। लेकिन विगत दो चुनाव पहले इस पद पर राजेंद्र सिंह यादव विराजमान थे। इसलिए माय समीकरण भी बहुत कमजोर स्थिति में नहीं है। इस बार के चुनाव में माय समीकरण के उम्मीदवार भी धन बल सके सहारे चुनाव को अपने पक्ष में करने की सारी हथकंडे अभी से ही अपनाने लगे हैं। अगडी जाति का उट इस बार किस करवट बैठेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** सोन नगर – पीकेए के बीच मल्टी –ट्रैकिंग परियोजना के निर्माण के संबंध में मटारी और गोमो के बीच 220 केवी चंद्रपुरा – धनबाद डी/सी लाइन और 132 केवी डी/सी कोडरमा एस/एस कि आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग सहित स्थानांतरण/पुनर्स्थापन कार्य के सम्बन्ध में। निवदा संख्या: **EL/C/S/MHX/ETEN/08/24-25 (2) अनुमानित कार्य की लागत:** 28,51,15,835.24/– **(3) जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य **(4) कार्य पूर्ण करने का समय:** 18 माह **(5) निविदा बंद होने का तिथि एवं समय:** 04.10.2024 at 12:00 बजे तक। **(6) वैबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट पर **www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ**
**पूर्व मध्य रेलवे/महेन्द्रूघाट/पटना**
पीआर/01109/सीओएनएस/ईएनईसी/टी/24–25/32



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**
E-mail ID- shlcdaurangabad@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024–25**
(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मेनुअल मोड में भुगतान) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणी) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणी) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतGirls Middle School Rafiganj के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.47 | 99000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 02 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतMiddle School Bhadwa के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.39 | 98800/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 03 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतMiddle School Pauthu के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.47 | 99000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 04 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतPrimary School Rafiganj के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.97 | 90000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 05 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतYashoda +2 High School Gazi Karma के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.18 | 98400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 06 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गत10+ High School Bhadwa केशौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.86 | 99800/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 07 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतGovt. +2 High School Pauthu के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.33 | 96700/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 08 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतHigh School Lattgarh के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.86 | 99800/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 09 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतGovt. +2 High School Arthua के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.88 | 99800/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 10 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतRupnarayan +2 High School Jakhim के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.86 | 99800/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 11 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गत10+2 High School Karma के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 47.17 | 94400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 12 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतUpgraded Senior Secondary School Rampur Chauwda के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.18 | 98400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 13 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतUpgraded Senior Secondary School Gordiha के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.33 | 96700/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 14 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतMiddle School Saira के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.68 | 93400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 15 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतMiddle School Barahi Hindi के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 26.74 | 53500/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |
| 16 | औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के अन्तर्गतMiddle School Bour के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 23.45 | 46900/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 28-02-2025 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 07.09.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 27.09.2024 से दिनांक 30.09.2024 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 28.09.2024 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.10.2024 3:30 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR. No. 007965 (WRD) 2024-25

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल,**
**औरंगाबाद,**
**मो0 नं0–7463889727**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नबीनगर**
Email Id - nkcd1975@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25**
(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।
2. निविदा आमंत्रण करने की तिथि :– दिनांक – 09.09.2024
3. प्रमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड/अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 30.09.2024 से 07.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट– www.eproc2.bihar.gov.in पर
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 03.10.2024 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 07.10.2024, 3:30 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट– www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट– www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
9. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता हैं।
10. कार्य का विवरण

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य) | ई–निविदा BID processing Fee | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विधालय, साहपुर में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4667000.00 | 93400.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 02 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, टोना में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 3370000.00 | 67400.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 03 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, शिवानपुर में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 2962000.00 | 59300.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 04 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, कोसडिहरा में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4191000.00 | 83900.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 05 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेंदुआँ में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4114000.00 | 82300.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 06 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के जनता उच्च विद्यालय, सलैया में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4680000.00 | 93600.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 07 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, बड़ेम एवं कर्मा लहंग में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष कानिर्माण। | 3516000.00 | 70400.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 08 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, फुलडिहा में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4284000.00 | 85700.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 09 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मंगी में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4918000.00 | 98400.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 10 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अंकोरहा में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4918000.00 | 98400.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 11 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, तिवारीडिह् में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4447000.00 | 89000.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 12 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उर्दू मध्य विद्यालय, परसियां में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4600000.00 | 92000.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 13 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, उरदाना एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, करहरा में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निमार्ण। | 2978000.00 | 59600.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 14 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, परसियां रामपुर में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 3124000.00 | 62500.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 15 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, जयपुर में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निमार्ण। | 3192000.00 | 63900.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 16 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रघुविर बिग्हा में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 3971000.00 | 79500.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 17 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, काषी तेंदुआँ में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4879000.00 | 97600.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 18 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, सुरार, मध्य विद्यालय, विषुनपुर एवं मध्य विद्यालय, कमदारपुर में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 4945000.00 | 98900.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 19 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, ससना एवं मध्य विद्यालय, चिरैली में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 3980000.00 | 79600.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 20 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पचमों में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 3515000.00 | 70300.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 21 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, बैरिया में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निमार्ण। | 4880000.00 | 97600.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |
| 22 | औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, ढ़ेका मंझौली में शौचालय मरम्मति, शौचालय निमार्ण, किचन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण। | 3523000.00 | 70500.00 | 5000.00 | As Per Online Requirement | चार माह |

PR. No. 007957 (WRD ) 2024-25

**कार्यपालक अभियंता**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल,**
**नवीनगर (औरंगाबाद)**
**मो०– 8789460620**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

## संक्षिप्त समाचार



### आईपीएल ने भारतीय बल्लेबाजों को निडर बनाया, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले बोले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान


**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने निडर भारतीय बल्लेबाजों को तैयार करने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग को दिया है जिन्होंने राष्ट्रीय टीम को घर से बाहर टेस्ट सीरीज में दबदबा बनाने में मदद की है। स्काई स्पोर्ट्स पर बोलते हुए पोंटिंग ने विदेशी दौरे पर भारत के अच्छे प्रदर्शन के पीछे का कारण बताया, खासकर ऑस्ट्रेलिया में जहां भारत ने लगातार सीरीज जीती हैं।

भारत ने वास्तव में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर दबदबा बनाया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2014 में अपनी आखिरी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज जीती थी। पोंटिंग का मानना है कि इस दबदबे के पीछे मुख्य कारण भारतीय बल्लेबाजों की विदेशी परिस्थितियों में खुद को ढालने और निडर होकर खेलने की क्षमता है। उन्होंने कहा, उन्होंने गाबा में एक गेम जीता, जो कि कभी नहीं होता। मुझे लगता है कि उनके बल्लेबाज विदेशी बल्लेबाजी परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढाल लेते हैं। मुझे नहीं लगता कि वे गाबा या ऑप्टस ओवल से उतने डरे हुए हैं, जितने शायद पहले थे। शायद यह चयन का मामला है, या उन्हें अब बड़े मंच से डर नहीं लगता।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, पिछले 10 सालों से आईपीएल के इर्द-गिर्द रहने के कारण मैंने देखा है कि बहुत से युवा खिलाड़ी अब बड़े मंच से नहीं डरते क्योंकि आईपीएल में बहुत दबाव होता है, यह उनके लिए विश्व कप जैसा है। उनके बल्लेबाज बहुत आक्रामक स्ट्रोक बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वे विफल होने से नहीं डरते।

**अफगानिस्तान-न्यूज़ीलैंड टेस्ट**

### बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द



**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के शुरू होने का इंतजार जारी है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण लगातार चौथे दिन एक भी गेंद फेंके बिना खेल रद्द कर दिया गया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें आगे बताया गया है कि कल (शुक्रवार) सुबह आठ बजे मैच शुरू करने का निर्णय स्टेडियम का आकलन करने के बाद किया जाएगा। पिछले हफ्ते से शहर में लगातार बारिश हुई है और पहले दो दिन मैदान में खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण खेल बाधित रहा। फिर, तीसरे और चौथे दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले कहा था कि उन्हें इस टेस्ट की मेजबानी के लिए कानपुर और बेंगलुरु की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने ग्रेटर नोएडा को इसलिए चुना क्योंकि अन्य दो स्थानों का उपयोग बीसीसीआई मैचों (आगामी भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट और हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी का पहला राउंड) के लिए किया जा रहा था।

मौजूदा टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले महीनों में श्रीलंका और भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले कीवी टीम के पास परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका जरूर है।

**इंडिया वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट**

# विराट कोहली इतिहास रचने से मात्र 58 रन दूर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उतरेगी तो सभी की निगाहें विराट कोहली पर होंगी। कोहली बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं। विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के लिए 58 रनों की जरूरत है।

विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर के बीच अक्सर तुलना की जाती रही है, हालांकि सचिन हमेशा कहते रहे हैं कि बाद वाले का कोई मुकाबला नहीं है। कोहली के नाम 80 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं और शतकों की संख्या के मामले में वह तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 623 पारी (226 टेस्ट पारी, 396 वनडे पारी, 1 टी20 पारी) में ऐसा किया है। कोहली ने अब तक सभी प्रारूपों में 591 पारियां खेली हैं और 26942 रन बनाए हैं। अगर कोहली अपनी अगली आठ पारियों में 58 रन और बना लेते हैं जो कि बहुत संभव है तो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में 600 से कम पारियों में 27,000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। अब तक तेंदुलकर के अलावा ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और श्रीलंका के कुमार संगकारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इस बीच, संभावना है कि एफ्रो-एशिया कप को फिर से शुरू किया जा सकता है।

अगर यह टूर्नामेंट वाकई शुरू होता है, तो विराट कोहली के बाबर आजम के साथ गेंदबाजी करने या शाहीन अफरीदी के जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर गेंदबाजी करने की संभावना खुल सकती है।

## मोहम्मद आमिर ने तोड़ा भारतीय तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में ञ्20 क्रिकेट लीग खेली जा रही हैं जिसमें एक से बढ़कर एक गेंदबाज अपनी गेंदबाजी का जलवा बिखेर रहे हैं। इन्हीं में से एक है कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल जिसमें पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ने महज 2.3 ओवरों में नया कीर्तिमान रच दिया है। ये गेंदबाज कोई और नहीं पाकिस्तान के जाने-माने तेज गेंदबाद मोहम्मद आमिर हैं।

दरअसल, सीपीएल 2024 के 13वां मुकाबला बारबाडोस में बारबाडोस रॉयल्स और एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कन्स के बीच खेला गया। इस मैच में बारबुडा फाल्कन्स की ओर से खेलते हुए मोहम्मद आमिर ने महज 2.3 ओवरों में गेंद से ऐसा कहर बरपाया कि भारतीय तेज गेंदबाज का बड़ा रिकॉर्ड टूट गया। आमिर ने सिर्फ 15 गेंद डाली और बिना कोई विकेट लिए बगैर विकेट लिए ही नया कीर्तिमान रच दिया।

आमिर ने भुवी को छोड़ा पीछे

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने 2.3 ओवरों में महज 11 रन खर्च किए। इस दौरान उनका ओवर मेडन रहा जो ञ्20 क्रिकेट में बहुत कम ही देखने को मिलता है। इस मेडन ओवर की बदौलत मोहम्मद आमिर ने भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, मोहम्मद आमिर अब टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने भुवी को पछाड़ते हुए ये बड़ा मुकाम अपने नाम किया है। मोहम्मद आमिर दुनियाभर की टी-20 क्रिकेट में शिरकत करते हैं और यही वजह है कि वह भुवी का ये बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रहे हैं। दूसरी तरफ भुवी घरेलू क्रिकेट और आईपीएल खेलते हैं जहां मेडन ओवर डालना बहुत मुश्किल होता है।

टॉप-3 में शामिल हुए आमिर

मोहम्मद आमिर के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 26 मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वहीं, भुवी ने 25 मेडन ओवर डाले हैं। हालांकि दोनों गेंदबाजों की पारियों में काफी अंतर है।

आमिर ने 302 पारियों में ये कमाल किया है जबकि भुवी के नाम 286 पारियों में 24 मेडन ओवर शामिल हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने के मामलें में आमिर अब तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आमिर से ज्यादा मेडन ओवर सुनील नरेन और शाकिल अल हसन ने डाले हैं।

**टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज**

सुनील नरेन- 30
शाकिब अल हसन- 26
मोहम्मद आमिर- 25
भुवनेश्वर कुमार- 24
जसप्रीत बुमराह- 22



### भारत की आलोचना करने का जवाब आक्रामकता से देना होगा: गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारत की आलोचना करने का जवाब आक्रामकता से देना होगा। उन्होंने हाल ही में जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने की संभावना पर की गई टिप्पणियों का हवाला दिया।

मैं 50 से ज़्यादा सालों के अनुभव के आधार पर कह सकता हूँ कि सिर्फ़ भारतीय दर्शक ही नहीं हैं जो अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर चुप रहते हैं, बल्कि हर देश में दर्शक चुप रहते हैं। अगर विदेशों में भारत के अच्छा प्रदर्शन करने पर कोई शोर होता है, तो इसकी वजह भारत से लंबी दूरी तय करके आने वाले भारतीय समर्थक हैं, जो स्थानीय लोगों की बजाय भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते हैं।

**दलीप ट्रॉफी 2024**

# इशान किशन ने की मजबूती से वापसी

**● मिला मौका और जड़ा अर्धशतक ● टी20 की तरह की बल्लेबाजी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले में इंडिया सी के लिए बल्लेबाजी करते हुए बेहतरीन अंदाज में वापसी की और इस सीजन के अपने पहले ही मुकाबले में अर्धशतक लगा दिया।

खबर लिखे जाने तक इशान किशन ने अर्धशतक पूरा कर लिया था और क्रीज पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इससे पहले यानी पहले चरण के मुकाबले में इंजरी की वजह से वो नहीं खेल पाए थे। दूसरे चरण के मुकाबले में भी उनके खेलने की उम्मीद नहीं की जा रही थी, लेकिन उन्हें अचानक की टीम में जगह मिली और उन्होंने कमाल कर दिया। इशान किशन ने इंडिया बी के खिलाफ चल रहे मुकाबले में खेल के



पहले दिन पहली पारी में खबर लिखे जाने तक 50 गेंदों पर 51 रन बना लिए थे। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान एक छक्का और 7 चौके लगाए।

इस मुकाबले में इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था और इंडिया सी की तरफ से पारी की शुरुआत कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने की थी। ऋतुराज ने 2 गेंदों पर एक चौके की मदद से 4 रन बनाए और फिर रिटायर हर्ट होकर पवेलियन वापस लौट गए।

ऋतुराज के वापस लौट जाने के बाद पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन और रजत पाटीदार के बीच 96 रन की अच्छी साझेदारी हुई और फिर साई सुदर्शन जब 43 रन पर खेल रहे थे तब मुकेश कुमार ने उन्हें अपनी गेंद पर कैच आउट करवा दिया। इसके बाद ये मजबूत होती साझेदारी टूट गई। इसके बाद इंडिया सी के सिर्फ एक ही रन बने थे कि 97 रन के स्कोर पर ही टीम का दूसरा विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिर गया।

**ऑस्ट्रेलिया वर्सेस इंग्लैंड पहला टी-20**

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 28 रन से हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट चेज कर रही मेजबान टीम 19.2 ओवर में 151 रन ही बना सकी। ट्रेविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 23 गेंद पर 59 रनों की पारी खेली।

**हेड-शॉर्ट की तेज शुरुआत, पावरप्ले की आखिरी बॉल पर विकेट**

ट्रेविस हेड और मैथ्यू शॉर्ट की ओपनिंग जो?ी ने ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। इस जोड़ी ने पावरप्ले के 6 ओवर में 86 रन बना डाले, हालांकि 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर हेड 23 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट भी हुए।

उन्हें शाकिब महमूद ने कोक्स के हाथों कैच कराया। आउट होने से पहले हेड ने सैम करन के ओवर से 30 रन लिए। उन्होंने करन के ओवर में लगातार 6 बाउंड्री जमाई। इनमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

**मिडिल ओवर में इंग्लैंड का दबदबा, लिविंगस्टोन ने 3 विकेट निकाले**

पावरप्ले के बाद इंग्लिश ने दबदबा बनाया। यहां टीम ने 4 विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श महज 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पावरप्ले के बाद 7वां ओवर लेकर आए आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया।

फिर लियाम लिविंगस्टोन ने 11वें ओवर में मैथ्यू शॉर्ट को भी पवेलियन भेज दिया। शॉर्ट 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सैम करन ने कैच किया। लिविंगस्टोन ने स्पेल के अगले ओवर में मार्कस स्टोयनिस और टिम डेविड को भी पवेलियन भेजा। स्टोयनिस ने 10 रन बनाए, जबकि डेविड खाता भी नहीं खोल सके। 14 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 144/5 रहा।

**इंग्लिश-ग्रीन ने 33 रन जोड़े, स्कोर 179 रन**

132 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाने के बाद कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया को 179 रन के स्कोर तक पहुंचाया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 25 बॉल पर 33 रन की पारी खेली।

इंग्लैंड की ओर से लिविंगस्टोन ने 3 विकेट झटके। वहीं जोफ्रा आर्चर और शाकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले।

### एक दिन में दो बार हारा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया ने तो हराया ही, आयरलैंड टीम ने भी खत्म किया 23 साल का इंतजार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 11 सितंबर को इंग्लैंड ने एक नहीं 2 मुकाबले खेले और दोनों में उसे हार का सामना करना पड़ा. एक हार तो वो रही जो उसे टी-20 सीरीज के पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली. वहीं दूसरी हार उसे आयरलैंड ने वनडे सीरीज के आखिरी मैच में रसीद की.

जिस तरह से इंग्लैंड की मेंस टीम ऑस्ट्रेलिया से व्हाइट बॉल सीरीज खेल रही है. ठीक वैसे ही वहां की महिला टीम भी आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद वाली सीरीज खेलने में मशगूल है. आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड से वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला जीतकर ना सिर्फ अपनी क्लीन स्वीप को टाला है बल्कि 23 साल के इंतजार को भी खत्म किया है.

**आयरलैंड ने 23 साल का इंतजार किया खत्म**

आयरलैंड ने महिला वनडे में आखिरी बार इंग्लैंड को साल 2001 में हराया था. उसके बाद ये पहला मौका रहा जब इंग्लैंड की महिला टीम ने आयरलैंड के आगे घुटने टेके. आयरलैंड ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में 3 विकेट से हराया, जिसमें उसके 18 साल की गेंदबाज एमी मैग्यार की बड़ी भूमिका रही.

**बारिश का असर, फिर 18 साल की गेंदबाज का कहर**

इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच खेला तीसरा वनडे बारिश से प्रभावित रहा. 50 ओवर का ये मुकाबला घटाकर 22-22 ओवर का खेला गया.

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की पर वो पूरे 22 ओवर विकेट पर नहीं जम सकी. 20.5 ओवर में 153 रन बनाकर ही उसका खेल खत्म हो गया. इंग्लैंड की इस पतली हालत की वजह एमी मैग्यार रहीं, जिन्होंने 3.5 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए.

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान, इस धाकड़ गेंदबाज को नहीं मिला मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेशी क्रिकेट टीम ने 19 सितंबर से टीम इंडिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. टीम की कप्तानी नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में रहेगी.

बांग्लादेशी टीम भारतीय टीम से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. वहीं पाकिस्तान में लगी कमर की चोट के कारण बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इस्लाम भारत में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इसकी घोषणा की. पाकिस्तान में दोनों टेस्ट जीतने के बाद बांग्लादेशी टीम भारत भी उलटफेर के इरादे से आ रही है. बांग्लादेश की टीम लगभग वही है, जिसने हाल में पाकिस्तान का सीरीज में सूपड़ा साफ किया.

बांग्लादेशी टीम में सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय ने पाकिस्तान सीरीज से बाहर रहने के बाद भारत के खिलाफ टेस्ट टीम में वापसी की है. उन्हें कमर में चोट लगी थी.

**इस्लाम की जगह किसे मिले मौका?**

इस्लाम को कमर में समस्या के कारण भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर किया गया. उन्होंने रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट खेला और बाबर आजम सहित तीन विकेट लिए. हालांकि कमर में चोट के कारण वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए. पाकिस्तान में बांग्लादेश के गेंदबाज खालिद अहमद पिछली सीरीज से बाहर हो गए थे.

**जाकिर अली को पहली बार मौका...**

बांग्लादेशी टीम में जाकिर अली अनिक को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया. 26 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज टेस्ट टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, जिन्होंने देश के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं. पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मैच विजयी शतक लगाने के बाद लिटन दास के ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है, जाकिर अली अनिक को बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किया गया है.

**चेन्नई में पहला टेस्ट, दूसरा टेस्ट कानपुर में...**

भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर को चेन्नई में पहला टेस्ट शुरू होगा, जबकि 27 सितंबर को कानपुर में दूसरा मैच शुरू होगा. आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भारत बांग्लादेश से सात स्थान आगे है.



**भारत के खिलाफ बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम:**

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान),शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, ताइजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन,खालिद अहमद

**पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम-** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## न्यूज बाइट्स

### भूमि मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए शिविर का आयोजन

**नवीनगर (औरंगाबाद ) (नि. सं.)।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में नवीनगर अंचल कार्यालय में वाराणसी रांची कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे (भारतमाला परियोजना )के अन्तर्गत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी उपस्थित रैयतों से भू अर्जन में आ रही समस्या के बारे में जानकारी ली एवं सभी रैयतों से कहा कि वह जल्द से जल्द अपने सभी दस्तावेज को जमा करें। एलपीसी बनवाने और काम को तेजी से करने में सहयोग करें, इसके लिए प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को प्रखंड कैंपस में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही परियोजना से आए हुए लोगों को निर्देश दिया कि वह प्रत्येक रैयत से संपर्क करके उनको दस्तावेज बनाने और जमा करने में आवश्यक सहयोग करें ताकि किसी भी रैयत को अनावश्यक परेशानी ना हो। रैयतों ने भी जिला पदाधिकारी महोदय को आश्वस्त कराया कि वह शिविर में अधिकारियों को सहयोग करेंगे। शिविर में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद, अंचल अधिकारी नबीनगर उपस्तिथ थे।

सरकारी क्वार्टर में घुसा सांप, अगल-बगल पड़ोसी को डंसा

# सांप के डंसने से दो की हुई मौत सोन कॉलोनी में पसरा मातम



- **परिजनों ने नहीं करवाया पोस्टमार्टम**

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर 31 स्थित सोन कॉलोनी में सांप काटने से एक महिला और एक किशोर की मौत हो गई। सांप डसने के बाद परिजन दोनों को औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया। मेडिकल ले जाने के दौरान ही दोनों की मौत हो गई। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ राज्य के बलरामपुर जिला के चांन्दो थाना क्षेत्र के इदरी कला निवासी गधेल राम की 26 वर्षीय पत्नी रविता कुमारी और किशोर की पहचान औरंगाबाद शहर के सोन कॉलोनी निवासी सुभाष वैध के 16 वर्षीय पुत्र कृष्ण वैभव (कृष्ण वैध) के रूप में हुई है। मृतका रविता कुमारी के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए दाह संस्कार के लिए छत्तीसगढ़ लेकर चले गए। मृतक किशोर के परिजनों ने भी पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक विषैला करैत सांप रविता कुमारी को पहले डंसा। सांप काटने के बाद महिला चिखने चिल्लाने लगी तो सांप भाग कर सो रहे बगल के रूम में किशोर को डंस लिया। बाद में किशोर भी चिखने लगा, परिजन पहुंचे तो सांप को देखा। आनन फानन में दोनों को डॉक्टर के यहां ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

मृतका महिला की छोटी बहन पिंकी कुमारी ने बताया कि उसकी मां टुनिया देवी सिंचाई विभाग औरंगाबाद में जॉब करती थी और सोन कॉलोनी क्वार्टर में रहती थी। तीन महीने पहले उसकी मां की बीमारी से मौत हो गयी थी। मृतका टुनीया देवी का कोई पुत्र नहीं रहने के कारण विभाग आश्रित परिजन को नौकरी देने की तैयारी कर रही थी। इसी को लेकर एक सप्ताह पहले पिंकी, अपनी बहन रविता (मृतिका) और जीजा गधेल राम के साथ औरंगाबाद अपनी जॉब से संबंधित कागजात तैयार करने आयी थी। सर्पदंश से पिंकी की बहन की मौत हो गई। पिंकी मां के मौत हो जाने के बाद अपने बहन के साथ रहती थी। मृतक किशोर का पैतृक घर हसपुरा थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में है। मृतक का पिता अपने बच्चों के पढ़ाई लिखाई करने के लिए भाड़े की मकान पर यहां (सोन कॉलोनी ) में रहते थे।

## चलती बाइक से गिरकर बहन की मौत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

चलती बाइक से महिला की गिरकर मौत हो गई। महिला अपने भाई के साथ बाइक से सफर कर रही थी। बहन कब बाइक से गिर गई भाई को पता भी नहीं चला। करीब 1 किमी दूर ग्रामीणों ने पीछा कर बाइक सवार को घटना के बारे में बताया। ये जानकारी मृतका के परिजन रामजी रजक ने दी है। मृतका की पहचान पटोई गांव निवासी मुकेश रजक की 30 वर्षीय पत्नी अनीता देवी के रूप में की गई है। जो अपने छोटे भाई संजय कुमार के साथ रफीगंज शहर के एसबीआई के सीएसपी में जा रही थी। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाब बीघा गांव के पास की है। हादसे के बाद घायल महिला को स्थानीय ग्रामीणों ने रफीगंज सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज चला। वहां से उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

औरंगाबाद सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां जाने के दौरान महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद 15 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार, डब्लू कुमार और बेटी रिद्धि कुमारी, सिद्धि कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिले के नए एसपी बने अम्बरीश राहुल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार ने हाल ही में पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर फेरबदल की घोषणा की है। इस आदेश के तहत भारतीय पुलिस सेवा के 29 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, जिनमें से प्रमुख बदलावों में से एक औरंगाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक का भी हुआ है। नवीनतम आदेश के अनुसार, औरंगाबाद जिले की पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वप्ना गौतम मेश्राम को अब समादेष्टा बीवीएस पुलिस -3 और समादेष्टा बीवीएस पुलिस -17 बोधगया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, औरंगाबाद जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में नवादा



जिले के एसपी अम्बरीष राहुल की नियुक्ति की गई है। अम्बरीष राहुल के आगमन से औरंगाबाद जिले के नागरिकों को नए नेतृत्व के तहत पुलिसिंग में सुधार की आशा है। अम्बरीष राहुल की नियुक्ति के साथ, जिलेवासियों को उम्मीद है कि वह अपराध नियंत्रण में प्रभावी कदम उठाएंगे और आम जनता के बीच बेहतर पुलिस सेवा सुनिश्चित करेंगे। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के पदभार ग्रहण करने से पहले, औरंगाबाद जिले में अपराध और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई थी। अब जब अम्बरीष राहुल ने पद संभाल लिया है, तो उनकी प्राथमिकता होगी कि वह जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करें और लोगों के विश्वास को फिर से स्थापित करें। सरकारी आदेश में इस बदलाव के पीछे की मंशा यह है कि पुलिस प्रशासन को नई ऊर्जा और दिशा मिले, जिससे कि राज्य के सभी जिलों में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर हो सके।

# पांच महीने से वेतन नहीं मिलने पर धरना



**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** गुरुवार से एंबुलेंस चालक,शव वाहन चालक और ईएमटी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पूरे जिले के करीब 140 एंबुलेंस चालक, ईएमटी शव वाहन चालक,शव वाहन हेल्पर गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की। एम्बुलेंस चालकों ने बताया कि नियोक्ता कंपनी ने पिछले मई माह से उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया है। इसके अलावा भविष्य निधि अंशदान में भी कटौती की गई है। जो बिलकुल ही अनुचित है। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती है। यह हड़ताल जारी रहेगा। एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल से मरीजों के इलाज पर पड़ने वाले कुप्रभाव के बारे में सदर अस्पताल प्रबंधक से जब बात की गई तब उन्होंने चालकों के हड़ताल को सही ठहराते हुए कहा कि हर परिस्थिति से निबटने के लिए उन्होंने तैयारी कर रखी है। इमरजेंसी समय के लिए कुछ एम्बुलेंस चालकों से आग्रह किया गया है। वो मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि दूरभाष के माध्यम से आश्वासन मिला है लेकिन जब तक हमलोगों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। संबंधित पदाधिकारी ने जल्द ही मांगे पूरी होने का आश्वासन दिया है। इसको लेकर कहा गया है कि एक सप्ताह के अंदर पूरा मानदेय कर्मचारी को प्राप्त हो जाएगा।

# भूमि विवाद और खनन के मामलों पर समीक्षा बैठक सम्पन्न

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम, की संयुक्त अध्यक्षता में भू समाधान पोर्टल, भूमि विवाद, कब्रिस्तान घेराबंदी, खनन, उत्पाद, एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा भू-समाधान पोर्टल के डैशबोर्ड के अनुसार कुल प्राप्त आवेदन 905 मैं पूर्ण प्रविष्टि 821 एवं आंशिक प्रविष्टि 84 है। जिसमें 01 अति संवेदनशील एवं 12 संवेदनशील तथा 808 सामान्य मामले के केस हैं। जिसमें प्रारंभिक निष्पादन 110, अंतिम निष्पादन 459, प्रक्रियाधीन 215 मापी के लिए निर्धारित 01, अस्वीकृत 30 एवं न्यायालय में 02 लंबित मामला है।

जिला पदाधिकारी द्वारा अति संवेदनशील मामला को एसडीओ एवं एसडीपीओ के नेतृत्व में तथा संवेदनशील मामला को संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को निष्पादित करने का निदेश दिए। जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि विवादों को लेकर पूर्व में घटित विधि व्यवस्था, सांप्रदायिक व्यवस्था भंग होने से संबंधित सभी कांडो में अंचलाधिकारी/ थाना अध्यक्ष पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करने तथा आरोप पत्र समर्पित करते हुए न्यायालय में इसका त्वरित विचारण हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अंचल में भूमि विवाद की होने वाली बैठक आवश्यक रूप से आयोजित करने तथा प्राप्त सभी मामले को उसी दिन प्रविष्टि कर पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिए। इसकी इसके अतिरिक्त पोक्सो एक्ट, मधनिषेध, स्पीडी ट्रायल अन्य मामले को संबंधित वकीलों के द्वारा अधतन स्थिति का जाना एवं यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए।

बैठक में उत्पाद अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि माह अगस्त उत्पाद विभाग के द्वारा कुल अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध 446 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 9369 लीटर देशी एवं विदेशी शराब, 201 किलो महुआ, 18 किलो गांजा एवं 75 वाहनों को जब्त किया गया है। पुलिस के द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध 198 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 9592 लीटर देशी एवं विदेशी शराब एवं 46 वाहनों को जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा उत्पादन न्यायालय के कोर्ट अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी के द्वारा कार्यों की समीक्षा की गई एवं यथाशीघ्र लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ वाहानों की नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद द्वारा अवैध खनन परिवहन के मामलों में विशेष निगरानी रखे जाने के साथ ही अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना अध्यक्षों को दिया गया। संवेदनशील स्थल/बालू घाटों जहां अवैध खनन की संभावना बनी रहती है वैसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए निरंतर पुलिस गश्ती एवं ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखने का निर्देश दिए। इस बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, सदर एसडीपीओ, मदनपुर एसडीपीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# जिला निरीक्षण समिति द्वारा बाल संरक्षण गृह और दत्तकग्रहण संस्थान का निरीक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

गुरूवार को अध्यक्ष जिला निरीक्षण समिति-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं जिला निरीक्षण समिति के अन्य सदस्यों द्वारा विधि विरुद्ध बालकों हेतु बभण्डी, औरंगाबाद में संचालित सुरक्षित स्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक वार्ड के बच्चों से पूछताछ भी की गई। गृह में आवासित बालकों को मुहैया कराये जा रहे भोजन, साफ-सफाई एवं कपड़ा पर संतोष व्यक्त किया गया। सभी सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को अपने पढाई को जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा फायर फाईटिंग सिस्टम को अन्य जगह पर अधिष्ठापित कराने हेतु उचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) एवं अरुण कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। समिति के अन्य सदस्यों द्वारा 'आरोहण' विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थान में 05 बच्चे (विशेष आवश्यकता वाले 04 बच्चे सहित) आवासित थे। समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता, आया आदि सभी कर्मी मौजूद थे। उक्त मौके पर समिति के अन्य सदस्यों द्वारा संस्थान की साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त किया गया एवं संस्थान में मौजूद कर्मियों को आवासित बच्चों का उचित तरीके से देख-भाल करने हेतु निदेशित किया गया।

## पुलिस ने दो प्रेशर आईईडी को किया ध्वस्त

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की दोपहर मदनपुर थाना की पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई के फलस्वरूप मदनपुर थानान्तर्गत पंचरूखिया के जंगल से 3-3 किग्रा का 2 प्रेशर आईईडी बरामद कर मौके पर ही ध्वस्त किया गया है। एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम द्वारा नक्सलियों के गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 अमित कुमार की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया गया।

# पारा विधिक स्वयं सेवक प्रथम पंक्ति का विधिक सहायक : सचिव

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत नव चयनित पारा विधिक स्वयं सेवकों का विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में प्रशिक्षण दिया गय। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा प्रारमिभक स्तर पर पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कहा गया कि पारा विधिक स्वयं सेवकों का कार्य एवं दायित्व बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आप प्रथम पंक्ति के विधिक सहायक है और आपकी पहुंच ग्रामीण स्तर तक है जिसके कारण आपके उपर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कई कार्यों की सफलता की जिम्मेदारी आप पर है एवं आपके माध्यम से ही लोगों के घर तक सुलभ न्याय के साथ-साथ निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचायी जा सकती है। आप अगर सही एवं ईमानदारीपूर्वक कार्य करेंगें तो निःसंदेह लोगों को ज्यादा-से ज्यादा लाभ मिलेगा एवं लोगों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति विश्वास सुदृढ़ होगा। इसके लिए आप सभी को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों के समस्याओं के प्रति संवेदनशिल रहना होगा एवं लोगों का विश्वास प्राप्त करना होगा ताकि लोग आप पर अपनत्व का विश्वास कर अपनी समस्याओं से आपको करायेगें।

सचिव के द्वारा प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित सभी अर्द्ध विधिक स्वयं सेवको से कहा गया कि जागरूकता एवं लोगों को न्याय तक पहुच बनाने में आज के दौर में कई सोसल मीडिया तथा अन्य माध्यम महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार भी इसके योगदान को देखते हुए समस्त महत्वपूर्ण सोसल मीडिया साईट यथा ट्वीटर, इन्सटाग्राम, फेसबुक, यू-ट्यूब इत्यादि पर उपलब्ध है लोगों को आप इन माध्यमों से भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुच बनाने में योगदान दे सकते हैं। सचिव के द्वारा अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों से कहा कि आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता का एक महत्वपूर्ण कड़ी आप भी हैं आप अगर चाहें तो आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत पुनः रिकॉर्ड निष्पादन में सफल रहेगा इसके लिए आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों का राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करें एवं लोगों से सम्पर्क स्थापित कर सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु जरूरी जानकारी उपलब्ध करायें और अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न हो रही हो तो उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय तक सम्पर्क स्थापित कराने में अपनी भूमिका का निर्वह्न करें ताकि लोगों को उनके वादों को सुलभ रूप में निस्तारण हेतु आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो एवं लोगों को त्वरित लाभ दिलाते हुए न्याय सबके के लिए इस वाक्य को चरितार्थ सुनिश्चित हो सके। सचिव द्वारा उपस्थित पारा विधिक स्वयं सेवको से कहा गया कि आगे आपके लिए वृहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## अंतरराज्यीय सीमा समन्वय बैठक आयोजित

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** आगमी विधानसभा चुनाव (झारखंड) के मद्देनजर गुरूवार को जिलाधिकार, पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद, पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू (झारखंड) द्वारा संयुक्त रूप से सर्किट हाउस औरंगाबाद में झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के एसडीपीओ, एसडीएम एवं थानाध्यक्ष और औरंगाबाद जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों के एसडीपीओ, एसडीएम थानाध्यक्ष एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ अंताराज्यीय सीमा समन्वय बैठक किया गया। इस बैठक में बूथों की सुरक्षा, अपराधियों और नक्सल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। दोनों जिला आपस मे चुनाव के दौरान सहयोग करेगे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** गुरूवार को उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा- 2024 कार्यक्रम से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। गौरतलब है कि 14 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा- 2024 कार्यक्रम अंतर्गत जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक अनुसार कई कार्यक्रम चलाए जाने हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि 14 सितंबर को कार्यक्रम शुभारंभ के दिन स्वच्छता ही सेवा-2024 से संबंधित प्रातः 7:30 बजे समाहरणालय से गांधी मैदान तक प्रभात फेरी रैली निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त समीक्षा बैठक में 18 सितंबर को नगर भवन में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का रुपरेखा तैयार करने संबंधित विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। उक्त बैठक में वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, श्वेता प्रियदर्शी, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीएम जीविका, डीपीएम स्वास्थ्य डीपीओ शिक्षा मौजूद रहे।

# हिंदी सप्ताह समारोह के अवसर पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन

एसवीवी सं. | जम्होर (औरंगाबाद)



हिंदी सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में जम्होर के चंद्रिका स्मृति भवन में 'भारतीय जीवन दर्शन के प्रवक्ता थे स्वामी विवेकानंद' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण और उनके प्रेरणादायक जीवन पर विचार-विमर्श करना था। संगोष्ठी का आयोजन जनेश्वर विकास केंद्र, साहित्य संवाद औरंगाबाद एवं चंद्रिका सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों का स्वागत कुमकुम लगाकर और माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। संगोष्ठी का उद्घाटन वरिष्ठ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, प्रो. रामाधार सिंह, प्रख्यात ज्योतिषविद शिव नारायण सिंह, प्रो. राजेंद्र सिंह, कवि लवकुश प्रसाद सिंह, सुमन अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विचार गोष्ठी में शिक्षाविद् और संघ प्रचारक अरुण कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण में उद्धृत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर रामाधार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अल्पायु में ही भारतीय युवाओं के पथप्रदर्शक के रूप में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया था।

प्रो. राजेंद्र सिंह ने भारतीय जीवन दर्शन पर गहन विचार रखते हुए स्वामी विवेकानंद के 'शून्य' पर दिए गए भाषण को दार्शनिक दृष्टिकोण से जोड़ा। वक्ता शिव नारायण बाबू ने स्वामी विवेकानंद के कुछ अंग्रेजी उद्धरणों को हिंदी में रूपांतरित कर उनके जीवन के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को सरल भाषा में समझाते हुए उन्हें वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा से जोड़ा। गोष्ठी का संचालन अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व को साधारण समझकर उन्हें 'शून्य' विषय पर बोलने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इस पर गहन और विस्तृत विचार रखते हुए 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर बात की। इस अवसर पर प्रो. दिनेश प्रसाद ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायक घटनाओं का उल्लेख किया और उनके गुरू स्वामी रामकृष्ण परमहंस के साथ हुए संवादों पर प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करने वालों में पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल, गायत्री परिवार के नवनीत गुप्ता, मलय पाठक सहित कई अन्य स्थानीय वक्ता भी शामिल थे।